CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, सोमवार 29 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 178 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बरेली में बवालियों की तलाश में दबिश जारी मौलाना तौकीर समेत 11 भेजे जा चुके जेल पेज 2



मिथुन मन्हास बने बीसीसीआई अध्यक्ष, ओझा, आरपी सिंह टीम की चयन समिति में शामिल खेल टाइम्स



स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व सम्पादकीय



यूएन में भारत की जिम्मेदारी बढ़ाने का चीन व रूस ने किया समर्थन पेज 12

## एशिया कपः टीम इंडिया की फिरकी में उलझा पाक

### भारत को दिया 147 रनों का टारगेट

**दुबई।** एशिया कप के फाइनल में भारत को 147 रन का टारगेट मिला है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में चल रहे इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 19.1 ओवर में 146 रन पर आलआउट कर दिया।

कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। उन्होंने अपने चौथे ओवर में 3 विकेट निकाले। साहिबजादा फरहान 38 गेंद पर 57 रन बनाकर आउट हुए। वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। कुलदीप यादव ने 13वें ओवर की पांचवीं गेंद पर सईम अय्यूब का विकेट लिया। सईम ने 11 गेंदों पर 14 रन बनाए। अक्षर पटेल ने मोहम्मद हारिस (0) को पवेलियन भेजा। फखर जमान का विकेट वरुण को मिला। जमान ने 35 गेंदों पर 46 रन बनाए। अक्षर ने हुसैन तलत (1) को संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा को कुलदीप यादव ने आउट किया। कुलदीप ने शाहीन शाह अफरीदी का विकेट भी लिया।




## ऑनर किलिंगः पिता-पुत्र ने युवती को उतारा मौत के घाट

शाह टाइम्स संवाददाता

■ बंदर भगाने के बहाने छत पर ले जाकर गोली से उड़ाया

**कांधला (शामली)।** थाना क्षेत्र के गाव अम्बेहटा में पिता-पुत्र ने अवैध संबंधों के चलते अपनी पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक युवती के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने हत्या आरोपी पिता व पुत्र को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तमंचा बरामद किया है। थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा निवासी जुल्फान की 18 वर्षीय पुत्री सना गांव में ही मदरसे में पढ़ाई करती है। रविवार को युवती को उसके पिता व भाई ने किसी युवक के साथ फोन पर बात करते हुए देख लिया था, जिससे पिता-पुत्र नाखुश थे। आरोप है कि पिता-पुत्र सना को बंदर भगाने के बहाने छत पर ले गए और गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पिता-पुत्र ने -शेष पृष्ठ दो पर

### मुजफ्फरनगर में एक लाख का इनामी नईम मुठभेड़ में ढेर

**मुजफ्फरनगर।** खालापार निवासी एक लाख का इनामी नईम मीरापुर व जानसठ पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। उसका एक साथी फरार हो गया। मीरापुर थाने में तैनात दीवान कालूराम हाथ में गोली लगने से घायल हुआ है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि रविवार को दोनों थानों की पुलिस ने एक सूचना के आधार पर भूम्मा नहर पुल की तरफ से जा रहे दो बाइकों पर दो संदिग्ध लोगों को रोकना चाहा, तो उन्होंने पुलिस पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश नईम पुत्र यूसूफ गोली लगने से घायल हो गया। उसका साथी जंगल में भाग गया। कुछ देर बाद ही घायल बदमाश नईम की मौत हो गई। वह मुजफ्फरनगर के थाना खालापार के मोहल्ला खालापार का रहने वाला है।

### ईडी जल्द कुछ एक्टर- क्रिकेटर की संपत्ति जब्त करेगी

**नई दिल्ली।** ईडी जल्द ही कुछ खिलाड़ी और अभिनेताओं की करोड़ों की संपत्तियां जब्त करने जा रहा है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत ऑनलाइन बेटिंग एप 1यूबेट के प्रमोशन मामले में होगी। ऑफिशियल सोर्स ने बताया कि 1यूबेट एप से मिले एडवर्टाइजमेंट पैसों का इस्तेमाल कुछ सेलिब्रिटीज ने अलग-अलग तरह की संपत्ति खरीदने में किया है। ऐसे में इन्हें प्रोसीड्स ऑफ क्राइम यानी अपराध से कमाई गई संपत्ति माना गया है। ईडी जल्द ही सेलिब्रिटीज की इन चल-अचल संपत्तियों को जब्त करने का आदेश जारी करेगी। कुछ सेलिब्रिटीज की संपत्तियां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों में भी हैं। फिलहाल इनकी कीमत और मूल्यांकन किया जा रहा है।

### कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर दो घुसपैठिए मारे गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा बलों ने रविवार को घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम करते हुए दो घुसपैठियों को मार गिराया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह घटना तब हुई जब सैनिकों ने नियंत्रण रेखा के पास वन क्षेत्र में संदिग्ध हलचल देखी। वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रुकने की चेतावनी दी, लेकिन उन्होंने इसे अनसुना करते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। इसके जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोलीबारी की, जिसमें दोनों घुसपैठिए मारे गए।

### बिहार विस चुनावों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनावों और कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनावों के लिए 470 अधिकारियों को केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है। चुनाव आयोग की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन अधिकारियों में 320 आईएएस, 60 आईपीएस तथा 90 आईआरएस, आईआरएएस और आईसीएएस के अधिकारी हैं, जो इस समय विभिन्न राज्यों में कार्यरत हैं।

## गजवा-ए-हिंद की कल्पना बन जाएगी नरक का टिकटः योगी

### बरेली बवाल के बाद 24 घंटे में यूपी सीएम का तीसरा अल्टीमेटम

बलरामपुर, वार्ता

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने बलरामपुर के दौरे पर बरेली बवाल को लेकर 24 घंटे में तीसरी बार दंगाइयों को अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा।

गजवा-ए-हिंद की कल्पना पर नरक का टिकट मिलेगा। भारत में उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने एक बार फिर प्रदेश में अराजकता और दंगा फैलाने वालों को चेतावनी दी। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में ऐसा करने की हिम्मत की, तो जहन्नुम का टिकट दूंगा। बरेली का हवाला देते हुए सबक लेने की नसीहत दी। उन्होंने छांगुर की कालनेमि राक्षस से तुलना करते हुए कहा कि विकास में बाधा डालने वाले राक्षसों का विनाश होगा। सपा और कांग्रेस के अराजकतत्वों से मिले होने की बात कही। सीएम ने कहा कि कुछ लोग भारत में रहते हैं, लेकिन गजवा-ए-हिंद का नारा लगाकर देश के भीतर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत की धरती पर ये नहीं होगा। भारत की धरती महान आत्माओं की भूमि है। यहां उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया है। गजवा-ए-हिंद की कल्पना करना, इसके बारे में सपना देखना भी नरक का टिकट बन जाएगा। जो लोग ऐसी गतिविधियों में लगे हैं, वे कान खोलकर सुन लें। देर-सवेर उनका भी हश्र छांगुर जैसा ही होगा। सीएम ने आगे कहा कि किसी को प्रदेश का माहौल खराब करने की इजाजत नहीं हैं। कुछ लोग नए हथकंडे अपना रहे हैं। लेकिन, उन्हें याद रखना चाहिए कि हम उनकी सोच से कहीं ज्यादा तैयार हैं। उन्हें वैसे ही पीटा जाएगा जैसे बरेली में पीटा गया। ये मूर्ख यह भी नहीं जानते कि आस्था के प्रतीकों का सम्मान किया जाता है। आस्था कोई चौराहे पर दिखाने की चीज नहीं है।

### उप्र के मुख्यमंत्री ने कहाः यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा



#### ड्रोन-चोरी के नाम पर भय फैलाने वालों पर लगेगा गैंगस्टर एक्ट

**बलरामपुर।** ड्रोन के नाम पर चोरी और भय फैलाकर दहशत का माहौल बनाया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी और उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी। अगर आपके आसपास कोई दहशत फैला रहा है, तो पहले उसे रोको, समझाओ। वह न माने तो प्रशासन को बताइए। प्रशासन उन्हें ठोंकने का काम करेगा। लव-जिहाद, गोकशी जैसी गतिविधियों में कोई लिप्त है, तो आप पुलिस तक सूचना पहुंचाइए, बाकी का इंतजाम हम स्वयं कर लेंगे।

### योगी आदित्यनाथ ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन

**लखनऊ/बलरामपुर।** उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मां पाटेश्वरी मंदिर के दर्शन-पूजन किए। दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को बलरामपुर पहुंचे श्री योगी आदित्यनाथ ने रात्रि विश्राम भी मंदिर में ही किया। इस दौरान मंदिर की व्यवस्थाओं एवं नवरात्र मेले की तैयारियों की जानकारी ली। श्री योगी ने रविवार सुबह तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चना की एवं मां की आरती उतारी। मुख्यमंत्री ने मां से सुखी, स्वस्थ व प्रसन्नचित्त उत्तर प्रदेश की कामना की।

### यूपीः 7 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 अक्टूबर 2025 को पूरे राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस अवकाश की घोषणा महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर की गई है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दिन को राज्य स्तर पर विशेष महत्व देने के लिए सरकारी अवकाश घोषित किया है। यह घोषणा श्रावस्ती से की गई। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की मांग की थी। समाज के पदाधिकारी द्वारा सरकार से 7 अक्टूबर को सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने को लेकर ज्ञापन भी सौंपे थे। वाल्मीकि समाज के अनुसार पहले इस दिन सरकारी अवकाश होता था बाद में इसे रद्द कर दिया गया था। 2025 से यह परंपरा पुनः शुरू की जा रही है।

## छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी चैतन्यानंद आगरा से गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पटियाला कोर्ट में हुई पेशी पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया

■ चैतन्यानंद के पास से यूएन-ब्रिक्स के फर्जी विजिटिंग कार्ड मिले



**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च के हेड स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितम्बर की रात आगरा से गिरफ्तार किया।

चैतन्यानंद पर कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस चैतन्यानंद को मेडिकल जांच के लिए सफदरजंग अस्पताल दिल्ली लेकर आई। इसके बाद पटियाला कोर्ट में पेशी हुई। जहां से चैतन्यानंद को 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। चैतन्यानंद फरार था और उसकी आखिरी लोकेशन आगरा में मिली थी। दिल्ली पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही थी। चैतन्यानंद को वसंत कुंज पुलिस स्टेशन लाया गया है, जहां पूछताछ जारी है। दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद के पास से 2 फर्जी विजिटिंग कार्ड बरामद किए हैं। एक कार्ड में उसे संयुक्त राष्ट्र में स्थाई राजदूत और दूसरे में ब्रिक्स संयुक्त -शेष पृष्ठ दो पर

### भाजपा-आरएसएस के निशाने पर है लद्दाखः राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि लद्दाख के लोग, परंपरा और संस्कृति इनके निशाने पर हैं। कांग्रेस नेता ने प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों के मारे जाने को 'हत्या' करार देते हुए कहा कि सोच समझकर लद्दाख की संस्कृति, परंपरा और वहां के लोगों की 'हत्या' की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों की आवाज दबाई जा रही है इसलिए ही सोनम वांग्चुक को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

### एक्टर विजय की रैली में भगदड़ः टीवीके नेताओं पर एफआईआर

■ मरने वालों का आंकड़ा 40 तक पहुंचा

**तमिलनाड।** एक्टर विजय की रैली में भगदड़ में रविवार को मरने वालों का आंकड़ा 40 तक पहुंच गया है। इनमें 16 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। 95 लोग घायल हैं, 51 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है।

विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के नेताओं के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। उधर, पार्टी ने मद्रास हाईकोर्ट में इस मामले की जांच के लिए अपील की है। पार्टी ने कहा कि यह भगदड़ हादसा नहीं, साजिश है। हादसे के बाद गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से मामले को लेकर रिपोर्ट मांगी है। एक्टर विजय ने पार्टी के एक्स हैंडल से एक पोस्ट किया है, जिसमें लिखा कि शनिवार को करूर में जो हुआ, उसका दुख बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं मृतकों के परिजन को 20 लाख और घायलों को 2 लाख की मदद देना चाहता हूं। दरअसल, एक्टर विजय ने 2 फरवरी 2024 को टीवीके पार्टी बनाई।

## पीएम ने की त्योहारों में स्वदेशी खरीदने की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को अपने रेडियो शो मन की बात के 126वें एपिसोड में फेस्टिव सीजन, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल पर बात की। पीएम ने कहा कि इस बार त्योहारों में स्वदेशी सामान ही खरीदें। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे।

इसके अलावा पीएम ने दशहरा और छठ पर्व पर भी बात की। मोदी ने कहा कि भारत सरकार छठ पर्व को यूनेस्को की लिस्ट में शामिल करने पर काम कर रही है। इसके बाद पूरी दुनिया में पर्व की भव्यता फैलेगी। पीएम ने कहा कि रविवार को लता मंगेशकर की जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रूचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वो सब कुछ है, जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है। मराठी सुगम संगीत की महान हस्ती सुधीर फड़के जी ने सबसे पहले लता दीदी से मेरा परिचय कराया था। मैंने लता दीदी को कहा कि मुझे आपका गाया गाना ज्योति कलश छलके बहुत पसंद है। पीएम के कार्यक्रम में लता मंगेशकर का गाया गीत ज्योति कलश छलके भी सुनाया गया। अमर शहीद भगत सिंह, हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणापुंज है। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूट कर भरी थी। देश के लिए फांसी के फंदे पर झूलने से पहले भगत सिंह जी ने अंग्रेजों को एक पत्र भी लिखा था। उन्होंने कहा था कि मैं चाहता हूं कि आप मुझे और मेरे साथियों से युद्धबंदी जैसा व्यवहार करें। इसलिए हमारी जान फांसी से नहीं, सीधा गोली मार कर ली जाए। यह उनके अदम्य साहस का प्रमाण है। पीएम ने कहा कि वोकल फॉर लोकल पर हम ठान लें कि इस बार त्योहार सिर्फ स्वदेशी चीजों से ही मनाएंगे, तो देखिएगा, हमारे उत्सव की रौनक कई गुना बढ़ जाएगी। वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मंत्र बना दीजिए। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे। जिसे देश के लोगों ने बनाया है, वही घर ले जाएंगे।

### मन की बात का 126वां एपिसोड



■ सागर परिक्रमा करने वाली दो अफसरों की चर्चा और छठ पूजा-दिवाली का जिक्र किया

### प्रधानमंत्री ने करूर रैली के पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए रविवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। इस घटना में घायल हुए लोगों को 50 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। श्री मोदी ने शनिवार को इस घटना पर दुख जताया था।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### आई लव मोहम्मद विवाद को यहीं रोका जाए: फिरंगी

**लखनऊ।** यूपी के लखनऊ में प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान और इमाम-ए-ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने प्रदेश के मुसलमानों से अपील की है कि वे आगामी हिंदू पर्वों के दौरान सौहार्द्र और भाईचारा बनाए रखें। देश में चल रहे आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि इसको अब रोक देना चाहिए। इसी के साथ मौलाना ने कहा कि धार्मिक अवसरों पर सभी समुदायों को मिल-जुलकर शांति, अमन और आपसी सम्मान के साथ रहना चाहिए। लोगों को हिंसा और उपद्रव से बचने के सलाह भी दी है। देशभर में चल रहे आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर मौलाना रशीद फिरंगी महली ने कहा कि जो भी चल रहा है वो काफी अफसोसनाक है, मेरी लोगों से यही अपील है कि इस मामले में पूरी तरह से शांति व्यवस्था कायम रखें। पैगंबर मोहम्मद के सिलसिले में कुछ अदाब हुआ करते हैं।

### बरेली हिंसा पर कांग्रेस का सीएम योगी पर निशाना


**लखनऊ।** कांग्रेस नेता उदित राज ने उत्तर प्रदेश के बरेली में उपद्रवियों पर हुए लाठीचार्ज का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री योगी के बयान पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा कि माहौल खराब करने वाले मौलाना की डेंटिंग पेंटिंग करना जरूरी था। उन्होंने कहा कि कई मौलाना भाजपा से मिले हुए हैं और हिंसा भाजपा की मिलीभगत से हो रही है। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि कई मौलानाओं ने भाजपा से हाथ मिलाया हुआ है और ये उनके हित में है कि देश में हिंदू-मुस्लिम होता रहे। उन्होंने कहा कि आई लव मोहम्मद उसी तरह है, जिस तरह से बजरंग बली की जय हो और जय श्रीराम जैसे नारे हैं।

# भ्रामक ग्राफ और अपारदर्शी डेटा विश्लेषण गुमराह करने वाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव को लेकर हाल ही में प्रकाशित एक लेख और उसके ग्राफों का निर्वाचन आयोग ने खंडन किया है और कहा है कि ये आयोग के आंकड़ों से मेल भी नहीं खाते हैं।

आयोग ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लेख के ग्राफ-3 को लेकर पोस्ट करते हुए कहा है कि यह ग्राफ नवंबर 2024 के उपचुनाव में मतदान प्रतिशत को अप्रैल 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के बूथ-वार वोट प्रतिशत से जोड़कर दिखाता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लोकसभा चुनावों में 128 बूथ ऐसे थे, जहां भाजपा को



■ कुंदरकी विस उपचुनाव को लेकर ईसी ने लेख का खंडन किया

10 प्रतिशत से कम वोट मिले थे। इनमें से 66 बूथों (50 प्रतिशत से अधिक) में उपचुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत 46 प्रतिशत से ऊपर था, जबकि लेख के ग्राफ में 0.10 प्रतिशत श्रेणी में ऐसा कोई डेटा दिखाई नहीं देता। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि लेख में दावा किया गया है कि कुंदरकी में मतदान प्रतिशत 67.7 प्रतिशत से गिरकर 57.8 प्रतिशत होने का कारण मुस्लिम मतदाताओं का दमन था, जो यह गलत है। उप्र की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में मतदान प्रतिशत लोकसभा चुनावों की तुलना में कम हुआ है।

उदाहरण के लिए, गाजियाबाद विधानसभा में मतदान लगभग 14.5 प्रतिशत घटा, जबकि वहां मतदाता दमन की कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। लेख में मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर बहादरपुर गांव का उदाहरण दिया गया है। यहां पांच मतदान केंद्रों में कुल 3544 मतदाता हैं, जिनमें 3075 मुस्लिम हैं। लेख के अनुसार लोकसभा और उपचुनाव के बीच 124 नाम हटाए गए, जिनमें 110 मुस्लिम थे (लगभग 89 प्रतिशत) हैं, जबकि आयोग के मुताबिक बताए गए आंकड़े वास्तविकता से मेल नहीं खाते हैं। आयोग ने कहा है कि चुनाव आयोग धर्म-आधारित मतदाता डेटा सार्वजनिक नहीं करता है। लेख में जो पांच ग्राफ शामिल किए गए हैं, उनमें से तीन का आधार कथित निजी डेटा है। ऐसे में उसके निष्कर्षों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। लेख ने सीएसडीएस सर्वेक्षण का हवाला देकर दावा किया है कि केवल दो प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को वोट दिया। इस बावत आयोग का कहना है कि सर्वेक्षण हमेशा त्रुटिहीन नहीं होते और न ही यह माना जा सकता है कि भविष्य में भी यही अनुपात रहेगा।

# आई लव मोहम्मद से कोई दिक्कत नहीं

## बीजेपी नेता व पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का बड़ा बयान

गोंडा, वार्ता

आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद के बाद उत्पन्न तनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की प्रतिक्रिया आई है। आई लव मुहम्मद नारे पर गोंडा में बीजेपी नेता बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि किसी को भी आई लव मुहम्मद से कोई दिक्कत नहीं है, क्योंकि हम सनातन धर्म के अनुयायी कृष्ण से भी प्रेम करते हैं और राधा से भी।

उन्होंने कहा कि इसलिए किसी को भी आई लव मुहम्मद से कोई दिक्कत नहीं, न ही होनी चाहिए, लेकिन अगर आई लव मुहम्मद के बहाने देश में सां. प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और



किसी दूसरे समुदाय को नीचा दिखाने की कोशिश की जाए, तो यहीं से दिक्कत शुरू होती है। दूसरी ओर इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक बाबा बालक नाथ ने इसे विरोधी पार्टियों का षड्यंत्र करार दिया। बाबा बालक नाथ ने कहा कि देश में अच्छ्छा माहौल है। आई लव मोहम्मद विवाद राजनीतिक पार्टियों द्वारा रचा गया षड्यंत्र है। प्रदेश सरकार इस तरह के मामलों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है।

### सपा नेता अबू आजमी ने क्या कहा?

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अबू आजमी ने बरेली विवाद पर कहा कि कानपुर में गलत तरीके से एफआईआर दर्ज की गई, जिसके बाद इसके खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि बरेली में अगर कुछ गलत हुआ था, तो केस दर्ज होना चाहिए था। पुलिस ने जिस तरह लाठीचार्ज किया, उसकी निंदा होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम समुदाय ने आई लव मोहम्मद कहकर अपने पैगंबर के प्रति प्रेम व्यक्त किया, लेकिन इस पर एफआईआर दर्ज कर दी गई।

# वोट चोरी के खिलाफ पांच करोड़ हस्ताक्षर कराएंगे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि 'वोट चोरी' के खिलाफ पार्टी का देश भर में हस्ताक्षर अभियान चल रहा है और इसके तहत पांच करोड़ लोगों से हस्ताक्षर करवाए जाएंगे।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस अभियान में शामिल होते हुए रविवार को कहा कि बड़े पैमाने पर 'वोट चोरी' और मतदाता सूची में हेराफेरी हो रही है और इसने हमारे गणतंत्र की बुनियाद में लोगों के विश्वास को हिलाकर रख दिया है। 'वोट चोरी' महज अपराध भर नहीं है, बल्कि यह हमारे संविधान पर एक बड़े हमले का हिस्सा है, यह हमारी अर्थव्यवस्था को कमज़ोर कर रहा है, सामाजिक अन्याय फैला रहा है और देश की अखंडता के लिए खतरा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रव्यापी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान और घर-घर



■ कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल अभियान में शामिल हुए

प्रचार अभियान के तहत, मैं आज केरल के अलप्पुझा स्थित अपने वार्ड कैथवना में इस आंदोलन में शामिल हुआ। पूरे भारत में, कांग्रेस लोकतंत्र पर इस ज़बरदस्त हमले के खिलाफ पांच करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करेगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह एक जन आंदोलन के रूप में तेज़ी से गति पकड़ रहा है और उनकी पार्टी लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले प्रत्येक नागरिक से संविधान की रक्षा और भारत की आत्मा को बचाने के इस संघर्ष में शामिल होने का आह्वान करती है।

## मौलाना तौकीर समेत 11 भेजे जा चुके हैं जेल, ड्रोन से निगरानी की जा रही

# बरेली में बवालियों की तलाश में दबिश जारी

शह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में बवाल के मामले में पुलिस ने अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मौलाना तौकीर रजा समेत 11 को जेल भेज दिया गया है, जबकि एक आरोपी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। करीब 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मुकदमों में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने लगातार दबिश दे रही है।

डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने रविवार को बैठक की। इसके बाद शहर में भ्रमण कर हालात का जायजा लिया। शुक्रवार को हुए बवाल और मौलाना तौकीर की गिरफ्तारी के बाद अब शहर में हालात पूरी तरह सामान्य हैं। रविवार को सामान्य दिनों की तरह बाजार में चहल-पहल देखी गई। उधर



■ लोगों ने पुलिस पर बरसाए फूल, कहा- जलने से बचाया शहर

मौलाना तौकीर के आवास से लेकर आसपास के इलाकों में पुलिस का कड़ा पहरा है। ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। पुलिस प्रशासन के अफसर भी लगातार भ्रमणशील हैं। इस मामले में पांच थानों में दस मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इनमें 125 लोग नामजद हैं। करीब तीन हजार अज्ञात आरोपी हैं। जिन्हें पुलिस चिन्हित कर रही है। पुलिस ने शनिवार तड़के मौलाना तौकीर समेत आठ आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया। डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने दोपहर में प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने सभी आठ आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मौलाना की गिरफ्तारी के बाद एहतियातन जिले में 29 सितम्बर की रात 12.30 बजे तक के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई। मौलाना तौकीर से दोस्ती में चक महमूद का पार्षद अनीस सकलैनी और फाइक एन्क्लेव निवासी बरातघर मालिक फरहत पुलिस के निशाने पर आ गए। दो मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से तीन को जेल भेजा गया है, जबकि चौथे का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि पुलिस ने मौलाना तौकीर के करीबी बरातघर मालिक फरहत खां और उसके पुत्र मोईन अली को भी गिरफ्तार किया है। दोनों मौलाना के खास माने जाते हैं।

### आई लव मोहम्मद को लेकर अलीगढ़ में अलर्ट

**अलीगढ़।** 'आई लव मोहम्मद' को लेकर 26 सितम्बर को बरेली में हुए घटनाक्रम के बाद प्रदेशभर में प्रतिक्रिया भी शुरू होने लगी है। इसके चलते प्रदेश के सांप्रदायिक शहरों में अलर्ट जारी किया गया है। इसी क्रम में अपने शहर में भी पुलिस सतर्कता बरत रही है।

शनिवार को भी पुलिस ने पुराने शहर में विशेष सतर्कता बरती व खुराफातियों व अफवाह उड़ाने वालों पर नजर रखी जा रही है। साथ में फ्लैगमार्च भी किया गया। कानपुर में हुए घटनाक्रम के बाद जुमे पर शहर में जुलूस निकालने का प्रयास हुआ था। मगर पुलिस प्रशासन ने जुलूस को रुकवा दिया। इसी बीच बरेली में दोपहर में घटनाक्रम हो गया। इसके बाद से प्रदेश में प्रतिक्रिया सामने आने लगी है। इसके चलते सभी संवेदनशील शहरों में अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को अपने शहर में भी सर्किल वार सतर्कता बरती गई। सभी संवे. दनशील व मिश्रित आबादी वाले इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। साथ में धर्मगुरुओं से अधिकारियों द्वारा लगातार संवाद किया जा रहा है। खुराफात करने व अफवाह उड़ाने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। एसएसपी नीरज जादौन कहते हैं कि लोगों से लगातार संवाद जारी है। किसी को कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा।



सेंसेक्स 81159.68
निफ्टी 24890.85



सोना रु. 115500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 139900
प्रति किलो



# मौद्रिक नीति के बयान व आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता

अमेरिका में एच1बी वीजा के शुल्क में बेतहाशा बढ़ोतरी के कारण बीते सप्ताहत शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के बयान और वृदह आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी।

एमपीसी की बैठक 29 सितम्बर से शुरू होगी और 1 अक्टूबर को बयान जारी किया जाएगा। घरेलू और वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए इस बार नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद है। इसके अलावा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े 29 सितंबर को और विनिर्माण क्षेत्र के लिए पीएमआई के आंकड़े 01 अक्टूबर को जारी होने वाले हैं। वैश्विक कारकों के साथ इन तीनों कारकों का प्रभाव



निवेश धारणा पर पड़ेगा। घरेलू शेयर बाजारों के लिए पिछला सप्ताह विस्मरणीय रहा। सेंसेक्स 2,199.77 अंक (2.66 प्रतिशत लुढ़ककर) 80,426.46 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 672.35 अंक यानी 2.65 फीसदी की गिरावट में सप्ताहांत पर शुक्रवार को 24,654.70 अंक पर बंद हुआ। अमे. रिका में ट्रम्प प्रशासन ने एच1बी वीजा के शुल्क में बेतहाशा वृद्धि कर इसे एक लाख डॉलर करने का आद. ेश जारी किया है। एच1बी वीजा कंपनियों को अमेरिका में किसी खास विशेषज्ञता वाले कार्यबल की कमी की स्थिति में उसे अस्थाई रूप से विदेशियों को लाने की अनुमति देता है। अधिकतर भारतीय और दूसरे देशों की आईटी कंपनियों के अमे. रिका स्थिति कार्यालय में ज्यादातर विदेशी लोग की कार्यरत हैं। इस आदेश से आईटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त गिरावट रही। मझौली और छोटी कंपनियों का और भी बुरा हाल रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक सप्ताह के दौरान कुल 4. 40 फीसदी और स्मॉल कैप.100 सूचकांक 5.10 फीसदी टूट गया। सेंसेक्स की 30 में से 27 कंपनियों में साप्ताहिक गिरावट देखी गई। टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 9.43 प्रतिशत टूटा।

### हरित ऊर्जा, स्मार्ट मोबिलिटी में भी सहयोग बढ़ाना चाहता है ताइवान

**नई दिल्ली।** ताइवान इलेक्ट्रानिक्स और सेमीकंडक्टर निर्माण क्षेत्र में भारत के साथ अपने व्यापारिक रिश्तों को और आगे बढ़ाते हुए हरित ऊर्जा और स्मार्ट मोबिलिटी के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाना चाहता है। गत सप्ताह भारत मंडपम में आयोजित ताइवान इंडिया प्रदर्शनी में शामिल होने आए ताइवान विदेश व्यापार विकास परिषद के कार्यकारी निदेशक ब्रायन ली ने यह बात कही।

उन्होंने भारत से सीमा शुल्क कम करने और बौद्धिक सम्पदा सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग करते हुए कहा कि भारत और ताइवान के मध्य व्यापार सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। पिछले साल द्विपक्षीय व्यापार ने रिकॉर्ड 10.6 अरब डॉलर का आंकड़ा छुआ था। उन्होंने कहा कि इसकी वजह यह है कि आईसीटी, मशीनरी और हरित समाधानों में ताइवान के उत्पाद, भारत की तेज़ी से बढ़ती ज़रूरतों से मेल खाते हैं। जब उनके पूछा गया कि दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार का क्या भविष्य है, तो उन्होंने इसके उत्तर में कहा कि भारत 'डिजिटल इंडिया', 'मेक इन इंडिया' और 'इंडियाएआई' को आगे बढ़ा रहा है और ताइवान इन क्षेत्रों में एक विश्वसनीय भागीदार हो सकता है। वह सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहनों और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत से और अधिक सहयोग की आशा करता है।

# चावल-गेहूं नरम, चीनी हुई मजबूत खाद्य तेलों-दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में नरमी रही। गेहूं में भी मंदी देखी गई। चीनी के भाव बढ़ गए जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत छह रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,836.87 रुपए प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं 23 रुपए सस्ता होकर 2,839.85 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत भी छह रुपए घट गई और सप्ताहांत पर यह 3,317.28 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 129 रुपए प्रति क्विंटल गिरी। मूंगफली तेल में भी 41 रुपए और सोया तेल में 50 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। सूरजमखी तेल 39 रुपए और पाम ऑयल सात रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत भी 52 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 17 रुपए की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 34 रुपए और मूंग दाल की 31



रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 34 रुपए और उड़द दाल 61 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: सप्ताह के दौरान मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब दो रुपए प्रति क्विंटल घट गए। वहीं चीनी में छह रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल-दलहन: दाल चना 7904.92 रुपए, मसूर काली 8123.58 रुपए, मूंग दाल 10100.53 रुपए, उड़द दाल 10405.89 रुपए, अरहर दाल 10528.57 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: गेहूं दड़ा 2839.85 रुपए और चावल 3836.87 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4321.94 रुपए और गुड़ 5013.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17809.41 रुपए, मूंगफली तेल 17664.41 रुपए, सूरजमुखी तेल 15507.15 रुपए, सोया रिफाइंड 13784.19 रुपए, पाम ऑयल 12425.19 रुपए और वनस्पति 14531. 71 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑनर किलिंग:...**

युवती की हत्या करने के बाद युवती के शव को कमरे में लाकर डाल दिया और शव के बराबर में ही तमंचा भी रख दिया। आरोपियों ने हत्या को आत्महत्या में बदलने का पूरा प्रयास किया, लेकिन पुलिस की शक्ति के आगे पिता-पुत्र टूट गए और सना की हत्या करना कबूल किया। पुलिस ने मृतक युवती के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, साथ ही पुलिस ने पिता व पुत्र को हिरासत में ले लिया है। उनके कब्जे से पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद किया है। घटनास्थल का एनपी सिंह ने पहुंचकर निरीक्षण किया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

**छात्राओं के...**

आयोग का सदस्य और भारत का विशेष दूत बताया गया है। आगरा के जिस होटल से स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती को गिरफ्तार किया गया था, उसके रिसेप्शनिस्ट भरत ने बताया कि चैतन्यानंद शनिवार शाम करीब 4 बजे वहां पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके ठहरने के दौरान उनसे मिलने कोई नहीं आया। भरत ने कहा कि नाइट शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारी ने उनकी एंट्री की थी। रात में लगभग 3:30 बजे दो पुलिसकर्मी आए जिन्होंने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर बताया। दोनों ने बाबा से उनके कमरे में 10 मिनट तक बात की और उन्हें अपने साथ ले गए। बाबा ने हमें अपना नाम पार्थ सारथी बताया था।

# उप्र में पोस्टर वॉर: सपा कार्यालय के बाहर लगे आई लव अखिलेश यादव के पोस्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पंचायत चुनावों से पहले उत्तरप्रदेश की राजनीति एक बार फिर ध्रुवीकरण के मुहाने पर खड़ी हो गई है और राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वॉर शुरू हो गया है।

भाजपा की ओर से लगाए 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी' के पोस्टर के जवाब में समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर समा समर्थकों ने 'आई लव अखिलेश यादव' के पोस्टर लगाया है और अपनी एकजुटता दर्शाई है। उप्र में पोस्टर वॉर की शुरुआत लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की दो दिवसीय रायबरेली यात्रा के दौरान हुई थी। इस दौरान सपा के प्रदेश सचिव राहुल निर्मल बागी ने ब्रह्मा- विष्णु-महेश के पोस्टर लगा कर सनसनी फैला दी थी। पोस्टर में तेजस्वी, गांधी और यादव को भगवान का दर्जा दिया गया









भाजपा ने लगाए 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी'

था। पोस्टर में लिखा था कि 'इंडिया की अंतिम आस, कलयुग के ब्रह्मा, विष्णु, महेश।' फोटो में तेजस्वी को भगवान ब्रह्मा का दर्जा और गांधी को भगवान विष्णु का दर्जा दिया गया था, जबकि श्री अखिलेश को भगवान महेश का अवतार बताया गया था। इसके बाद सीतापुर जेल से 23 माह बाद रिहा हुए समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के समर्थन में समर्थकों ने पार्टी कार्यालय के बाहर पोस्टर लगाकर अपनी निष्ठा जताई थी। सपा नेता मोहम्मद इकलाख की तरफ से लगाए गए इस पोस्टर में लिखा गया था कि 'आजम लौटे, ये एक नई सुबह की पहचान है, गौर से सुनो हवाओं में सरकार बदलने का ऐलान है।

वहीं पिछले दिनों कानपुर के रावतपुर इलाके में 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर को लेकर उठे विवाद ने राजनीतिक दलों के लिए बूस्टर डोज का काम किया है। बरेली में हुए प्रदर्शन को लेकर सरकार के सख्त रुख को देखते हुए पहले जहां आई लव महादेव के पोस्टर लग रहे थे, वही बीजेपी नेता व युवा मोर्चा के महामंत्री अमित त्रिपाठी ने 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी' और 'आई लव बुलडोजर' लिखा कर सियासी गर्मी बघ दी है। इन पोस्टरों पर योगी आदित्यनाथ और त्रिपाठी की फोटो लगी है। बीच में बुलडोजर की भी फोटो छपी है। वहीं सपा कार्यालय के बाहर समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव विवेक सिंह यादव की तरफ से लगाए गए 'आई लव अखिलेश यादव जी' के पोस्टर में समाजवादी सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों को दर्शाया गया है। पोस्टर में अखिलेश के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल रहे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस व एक्सप्रेस पर लड़ाकू विमानों के उतरने व लैपटॉप योजना को जगह दिया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बच्ची के सिर में धंसा सरिया, हालत गंभीर

## सरिये की वजह से बच्ची की आंख बाहर निकली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा डिस्ट्रिक के जीटीबी न्क्लेव थानांतर्गत एक पांच साल की बच्ची के सिर में तीन मंजिला निर्माणधीन मकान से से गिरा सरिया धस गया, जिसकी वजह से बच्ची के सीधे हाथ वाली आंख बाहर निकल आयी स घटना के समय बच्ची अपने पिता के साथ मंदिर जल चढ़ाने जा रही थी, बच्ची के पिता ने अन्य लोगो की मदद से बच्ची को अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल बच्ची आशी जगत पुरी एक्सटेंशन की गली न. 4, में अपने पापा रितेश कुमार और मम्मी प्रियंका के साथ रहती है,इसी साल उसका नर्सरी कक्षा में एडमिशन करवाया था स आशी रविवार की सुबह अपने पापा के साथ घर के पास स्थित मंदिर में जल चढ़ाने जा रही थी, रास्ते में उसके पापा जल में मिलाने के लिए दूध खरीदने के लिए रुके, और उन्होंने जल का लौटा बच्ची को पकड़ा दिया स जब उन्होने दूध खरीदने के बाद पलटकर देखा तो बच्ची जमीन पर पड़ी हुई थी और उसके सिर में एक सरिये का टुकड़ा धंसा हुआ था स आशी के पापा अन्य लोगो की मदद से उसे घायल अवस्था में लेकर जीटीबी अस्पताल पहुंचे, जहां बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले की सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है स आशी के पापा रितेश ने बताया की एक सरिये का टुकड़ा हवा में तीर की तरह आया और बच्ची के सिर में जा धंसा, उन्होंने जल्दी से बच्ची को उठाया और जीटीबी अस्पताल पहुंचे जहां बच्ची का इलाज चल रहा है।



## तीन घंटे में पुलिस ने दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मिशन शक्ति के तहत हर थाने में महिलाओं को तुरंत एक्शन लिया जा रहा है इसका जीता जागता सबूत जानी थाने में देखने को मिला। जानी में एक युवती के साथ बलात्कार करने का आरोपी पुलिस ने दबोच लिया और चालान कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार रविवार को जानी खुर्द गांव में एक युवती के साथ एक युवक ने घर में घुसकर उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया और आरोपी फरार हो गया परिजनों ने जानी थाना पुलिस को सूचना देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया। तभी उप निरीक्षक नितिन कुमार ने चंद घंटे में ही आरा. ेपी को जानी नहर पुल से दबोच लिया आरोपी की पहचान जुबेर पुत्र शहाबु को दबोचकर कोर्ट में पेश किया।

# गरीब और असहाय लोगों के बच्चों के लिए जंतर मंतर पर लिया संकल्प

**नई दिल्ली।** गरीब और असहाय लोगों के बच्चों को लेकर एस आराध्य जन कल्याण विकास की अध्यक्षा ज्योत्सणा खरगा बिहार के दरभंगा से चलकर दिल्ली पहुंची और माता काली का आशीर्वाद लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर उनके उत्थान का संकल्प लिया। इस मौके पर डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर सब्जी मंडी जन सेवा समिति के अध्यक्ष एवं कालीबाड़ी मार्ग कैंप के प्रधान विनय कुमार भी मौजूद थे। ज्योत्सणा ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि गरीब और असहाय लोगों के बच्चों के लिए सरकार को अलग से योजना बनानी चाहिए। इन बच्चों के साथ सबसे अधिक सामाजिक भेदभाव होता है। ज्योत्सणा ने कहा कि मैं इस विषय को पिछले 4 महीने से भोजन नही किया लेकर 6 महीने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक अपनी बात पहुंचाने लिए अनवरत प्रयास कर रही हूं और उनसे मुलाकात करना चाहती हूं हमें उम्मीद है कि इस गंभीर विषय पर प्रधानमंत्री अवश्य सुध लेंगे और प्रधानमंत्री कार्यालय हमसे संपर्क करेगा।




# जहर खुरानी गिरोह ने चार गोवंश व एक भैंस को दिया जहर, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र में जहर खुरानी गिरोह फिर सक्रिय हो गया है। गिरोह ने पुराने बस स्टैंड के पास दूध की डेरी में चार गौवंश व एक भैंस को मार दिया। पशुओं की मौत से पशु पालकों में रोष व्याप्त है। मारे गए पशुओं की कीमत लाखों रुपए बताई गई है। घटना के संबंध में पीड़ित ने थाने में जहर खुरानी गिरोह के खिलाफ तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार पुराने बस स्टैंड के पास फलावदा निवासी उवेस पुत्र समीनुद्दीन ने दूध की डेरी कर रखी है उवेस ने डेरी में एक दर्जन से अधिक पशु पाल रखे हैं। उवेस के चाचा शहजाद ने बताया सुबह पशुओं को चारा डालने के बाद उवेस घर चला गया था। करीब 11 बजे घर से वापस लौट कर डेरी पर आया जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने उसके पशुओं को जहर डाल दिया जहर से पांच गाय व एक भैंस की जहर खाने से मोत हो गई। पशुओं की कीमत लाखो रुपये बताई गई है। घटना के संबंध में थाने में अज्ञात जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों के खिलाफ तहरीर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।



## गोतस्कर के आरोपी को जिला बदर कर हापुड़ सीमा पर छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना पुलिस ने नगर के एक गौतस्कर को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जिला बदर करते हुए हापुड़ थाना सीमा में छोड़ दिया। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि नगर में दुर्गा कालोनी निवासी रिहान पुत्र बाबू पर थाने में गौ अधिनियम की धारा में तीन मुकदमे दर्ज हैं जिसमें उच्च अधिकारियों की उचित पैरवी के आदेश के बाद अपर जिला अधिकारी द्वारा गुंडा अधिनियम की वैधानिक कार्यवाही करते हुए जिला बदर का आदेश दिया है। आरोपी को हापुड़ क्षेत्र में छोड़ते हुए चार माह तक जिले में न आने के आदेश दिए है। इस कार्रवाई के बाद गोतस्कर हताश है।

# नशामुक्त भारत अभियान के दौरान किया नशे से मुक्त 200 विजयी योद्धाओं का सम्मान

**नई दिल्ली।** ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान एवं नशा मुक्त विजयी योद्धाओं का सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन आज सुबह माउंट सेंट मेरी स्कूल, 75 परेड रोड, दिल्ली कैंट में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उन 200 लोगों का सम्मान किया गया जिन्होंने नशा छोड़ने के बाद पिछले 2 वर्षों में जरा भी नशा नहीं किया और नशीले पदार्थो को त्यागकर आजीवन नशा-मुक्त एवं दिव्य बनने की प्रतिज्ञा ली है। ब्रह्माकुमारी संस्था के मेडिकल विंग के अध्यक्ष राजयोगी डॉ. बनारसी लाल शाह ने बताया कि 4 मार्च 2023 को ब्रह्माकुमारीज़ और भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और समाज को नशा-मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा ब्रह्माकुमारी संस्था भारत को नशा मुक्त बना कर ही रहेगी। उन्होंने बताया पूरे भारत में 36 हाईटेक और डिजिटली सुसज्जित नशा मुक्त अभियान वाहनों द्वारा अब तक 23,346 कार्यक्रम द्वारा 15,437 शहरों में लगभग 3.40 करोड़ लोगों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचा और 3 करोड़ लोगों ने किसी न किसी प्रकार का नशा छोड़ने का संकल्प लिया। 28 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में अभियान सक्रिय रहा और 56 जेलों में 14466 कारागार बंदी राजयोग मेडिटेशन से नशा मुक्त जीवन की ओर अग्रसर हुए। तथा अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर 400+ कार्यक्रम, 17,221 लाभार्थी रहे। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एवं सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के साथ एम ओ यू भी साइन किया गया है। जी.बी. पंत हॉस्पिटल नई दिल्ली के न्यूरो सर्जन डॉ. स्वप्न गुप्ता ने कहा कि मन कमजोर होने के कारण तनाव, प्रतिस्पर्धा, तुलना, उदासी, खुशी पाने आदि की वज़ह से नशा करने लगते है। नशों में डोपामिन निकलता है जो खुशी की अनुभूति कराकर नशे का आदी बना देता है।



## बुलंदशहर पुलिस ने बरेली प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष को उठाया

**शाह टाइम्स संवादादाता**

**मेरठ।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने बुलंदशहर पुलिस पर पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह को जबरदस्ती उठाकर अनजान जगह पर ले जाने का आरोप लगाया है।

> ■ संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह को नहीं छोड़ा, तो मानवाधिकार आयोग से करेंगे शिकायत

सोशल साइट एक्स पर प्रेषित अपने मैसेज में उन्होंने कहा है कि देवेंद्र सिंह का उनके पास फोन आया जिन्होंने कहा कि कई गाड़ियों में भरकर बुलंदशहर की औरंगाबाद पुलिस में उन्हें रास्ते में रोक लिया और जबरदस्ती थाने पर ले गये। अमिताभ ठाकुर ने डीजीपी सहित सभी अधिकारियों की प्रकरण को तत्काल दिखाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि उनकी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल कल शांति के साथ में बरेली की घटना की जानकारी लेना चाहता था। इसके बारे में पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव डाक्टर नूतन ठाकुर द्वारा सभी सक्षम पदाधिकारी को लिखित में पत्र भेजा गया था। इसके बाद इस प्रकार से प्रति निधिमंडल के अध्यक्ष को जबरदस्ती उठाकर थाने ले जाया जाना स्पष्ट रूप से मानव अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस तत्काल देवेंद्र सिंह को नहीं छोड़ती है तो पार्टी इस मामले को मानवाधिकार आयोग के सामने ले जाएगी। और न्याय की मांग करेगी।

# मवाना क्षेत्र के गांव खेड़ी मनिहार में जहरीले पदार्थ के सेवन से महिला की मौत

## मृतका के मायके वालों ने पति व ससुरालियों पर जहर देकर हत्या करने की दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ी मनिहार में जहरीले पदार्थ के सेवन से महिला की मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने पति व परिजनों के खिलाफ जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई ने इस मामले में तहरीर दी है। गाजियाबाद जनपद के ग्राम पतला निवासी पंकज पुत्र स्व. राम कृपाल ने बताया कि उसकी बहन मीनू की शादी 25 साल पहले संजीव पुत्र शीशपाल निवासी ग्राम खेड़ी मनिहार के साथ हुई थी। मीनू के एक पुत्र व दो पुत्रियां हैं। आरोप है कि शादी के बाद से उसका पति मीनू के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करता था। जिसमें उसके पति के साथ बहन गीता व बहनोई सत्यपाल देते थे। पूर्व में भी आरोपियों ने उसकी बहन की जान लेने की कोशिश की थी। गांव वालों व मायके वालों ने कई बार विवाद का समझौता कराया था।

रविवार को उन्हें पता चला कि मीनू को उक्त सभी ने मिलकर जहर खिलाकर मार डाला है। जब वे गांव में पहुंचे तो पता चला कि मीनू को मेरठ के एक निजी अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल में पहुंचने पर वहां मीनू का शव पड़ा था और शव के पास कोई भी नहीं था। परि. जनों ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी है।



## डीमोंटफोर्ट एकेडमी में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन आयोजित

### कार्यक्रम में महिलाओं ने किया डांडिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीमोंटफोर्ट एकेडमी में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में डांडिया रास और गरबा उत्सव मनाया गया। डांडिया नृत्य में महिलाओं ने बड़े ही उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया।

> ■ शिवानी, रितु और जॉनी को मिला प्रथम पुरुस्कार

इस अवसर पर कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों की माताओं द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके बाद अभिभावकों ने रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर, गरबा, डांडिया और सोलो डांस जैसी विविध प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में गरबा में शिवानी, म्यूजिकल चेयर में रितु तथा सोलो डांस में जॉनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की निर्देशिका डाक्टर गरिमा वर्मा ने भी माताओं के साथ मिलकर कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम अभिभावकों और विद्यालय के बीच आपसी सहयोग तथा सांस्कृतिक जुड़ाव को और प्रगाढ़ बनाते हैं। पूरा वातावरण संगीत, उमंग और उल्लास से सराबोर रहा। इस मौके पर प्रधानाचार्य डाक्टर समीर वर्मा एवं शिक्षक व शिक्षिकाएं रही।

# पुस्तकालय व स्मार्ट क्लास का हुआ निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा/परीक्षितगढ़।** क्षेत्र के गांव गाजीपुर वि. खं. परीक्षितगढ़ मवाना के प्राइमरी विद्यालय में एक पुस्तकालय एवं स्मार्ट क्लास का निर्माण गांव के प्रबुद्ध व्यक्तियों के सहयोग से किया गया। इसमें किसी भी सरक. री मदद का सहयोग नही लिया गया।

गांव की एक युवा टीम जिसका नेतृत्व डॉ. दीपक यादव व मोहित यादव द्वारा किया गया, एवं इस महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेदारी अपने युवा साथी डॉ. सोनू यादव को दी गई। उनके निरिक्षण में इन दोनों कार्यों को पूर्ण कराने के बाद रविवार को शुभारंभ समरोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अथिति के रूप में जिला पंचायत राज अधिकारी मेरठ वीरेंद्र सिंह व सहायक विकास अधिकारी रामनरेश व विद्यालय के प्रधानाचार्य तैयब अली व गांव समाज के सभी वर्गों के व्यक्ति बड़ी संख्या में शामिल हुए। सर्वप्रथम जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि गाजीपुर की युवा टीम ने जो साहसिक कार्य किया उसके लिए पूरा गांव बधाई का पात्र है। उन्होंने आश्वासन दिया कि गांव के विकास में उनका पूर्ण सहयोग रहेगा। सहायक विकास अधिकारी रामनरेश ने घोषणा कि पुस्तकालय में 100 प्रतियोगिता की पुस्तकों की एक खेप जिला कार्यालय मेरठ से उपलब्ध करायी जाएगी एवं पूर्ण सहयोग गांव का किया जायेगा। कार्यक्रम में गांव के सभी बड़े बुजुर्ग युवा नौजवान साथी गजेंद्र यादव, आदेश यादव, नीरज, बिजेंद्र, उमेश यादव, निशांत यादव, मास्टर हीरालाल, मास्टर विकास, मास्टर शहजाद, ग्राम सचिव धर्मेंद्र आदि शामिल रहे।



## बरेली बवाल के बाद मेरठ में हाई अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बरेली प्रकरण में बरेलवी समुदाय के सर्वोच्च धार्मिक गुरु मौलाना तौकिर रजा की गिरफ्तारी के बाद जनपद में प्रशासन, पुलिस और खुफिया सेवाए हाई अलर्ट पर हैं। माना जाता है कि जनपद में कुल मुस्लिम आबादी में लगभग 20 फीसदी बरेलवी समुदाय के हैं। आम तोर पर यह फिरका शांतिपूर्ण ही माना जाता है लेकिन बरेली बवाल के बाद प्रशासन कोई भी जोखिम लेने को तैयार नहीं है। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी गई है। खुफिया सेवाए अपने-अपने स्तर से सतत् निगरानी बनाए हुए हैं। जनपद से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। प्रशासन पल-पल की घटना पर नजर रखे हुए है। सूत्रों की मानें तो शासन स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। और केंद्र सरकार से भी जानकारी साझा की जा रही है।

# छत के रास्ते कुंबल कर दुकान में लाखों की चोरी

## नगर के सुभाष चौक के पास चोरी की वारदात, व्यापारियों ने लगाया सड़क पर जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर के सुभाष चौक पर चोरों ने हार्डवेयर की दुकान में छत से कुंबल कर लाखों की चोरी को अंजाम दे डाला। चोरों ने दुकान में रखी 80 हजार की नगदी व लाखों की ज्वैलरी चोरी कर ली। पुलिस के देरी से पहुंचने पर आक्रोशित व्यापारियों ने सड़क पर बाइकें खड़ी कर जाम लगा दिया। उसके बाद सीओ मवाना थाना पुलिस के साथ पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल की। पीड़ित व्यापारी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

नगर के सुभाष चौक के पास पंजाब नेशनल बैंक के सामने श्रेय हार्डवेयर की दुकान है। व्यापारी मलय कौशिक ने बताया कि रविवार सुबह करीब नौ बजे जब वह दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो उन्हें चोरी का पता चला। दुकान के अंदर सेफ रखी थी, जिसमें करीब साढ़े चार लाख के सोने के जेवरात रखे थे। इसके अलावा करीब 80 हजार रुपए की नगदी थी। चोरों ने पास के कांप्लेंस की छत से उतरे और उनकी छत में कुंबल कर नगदी व जेवरात चोरी की घटना की अंजाम दिया है। चोरी की जानकारी मिलने पर मवाना नगर के व्यापारियों का जमावड़ा उनकी दुकान पर लग गया। व्यापारी का आरोप है कि सूचना दिए जाने के बाद भी काफी देर तक पुलिस नहीं पहुंची। गुस्साएं व्यापारियों ने सड़क पर बाइकें खड़ी कर रोड जाम कर दिया। उसके बाद सीओ मवाना, इंस्पेक्टर मवाना सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पीड़ित व्यापारी से घटना के बारे में जानकारी ली। उसके बाद व्यापारियों ने बाइकें हटाकर जाम खोल दिया। व्यापारी के पुत्र श्रेय कौशिक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।






# ब्रिक्स प्रतियोगिता में मेरठ के प्रोफेसरों ने जीते पुरस्कार

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सुभारती के दो प्रोफेसरों ने बढ़ाया प्रदेश का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय ने हाल ही में विभिन्न शैक्षणिक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियों के माध्यम से अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया है। विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसरों ने चीन में आयोजित प्रतिष्ठित ब्रिक्स प्रतियोगिता में पुरस्कार जीतकर देश एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है।

सुभारती विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसरों डॉ. मनोज कपिल व डॉ. निखिल राठी को यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान चीन के एक्सियामेन शहर में आयोजित ब्रिक्स औद्योगिक नवाचार प्रतियोगिता-2025 के फाइनल में मिला है। बता दें की सुभारती विश्व. विद्यालय के दोनों प्रोफेसरों के प्रोजेक्ट देशभर से चुने गए उन नौ प्रोजेक्ट्स में शामिल हैं जिन्हें चीन, ब्राजील, रूस, यूएई, ईरान, इंडोनेशिया, मलेशिया सहित विश्व के कई देशों से प्राप्त 1396 प्रोजेक्ट्स में से एक कठिन परीक्षण एवं प्रक्रिया के उपरांत फाइनल में विश्व के सर्वश्रेष्ठ डेढ़ सौ प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिता में सुभारती विवि के इंजी. नियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के प्राचार्य एवं डीन डॉ. मनोज कपिल को उत्कृष्ट परियोजना पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. निखिल राठी को औद्योगिक डिजाइन श्रेणी में पुरस्कार मिला। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय समावेशी और सतत औद्योगीकरण की ओर ब्रिक्स सहयोग की संभावनाओं को उजागर करना था, जिसमें अभिनव ब्रिक्स और हरित ब्रिक्स पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

प्रतियोगिता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हरित उद्योग, कम ऊंचाई वाले उपकरण, ऊर्जा इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक डिजाइन जैसे पांच प्रमुख ट्रैक शामिल थे। स्वामी विवेक. ानंद सुभारती विश्वविद्यालय के इन प्रोफेसर्स की इस उपलब्धि ने न केवल विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है बल्कि इसने पूरे देश में जनपद को एक नई पहचान दिलाने का कार्य किया है। अपने प्रोफेसर्स की इस उपलब्धि पर सुभारती विश्वविद्यालय के साथ साथ समूचा मेरठ गौरव महसूस कर रहा है।





## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रारम्भ से वर्तमान तक की विकास यात्रा पर डाला प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को कस्बे के काले सिंह मंदिर परिसर में आयोजित शताब्दी वर्ष विजय दशमी संचलन के तत्वाधान में मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अरुण कुमार ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रारम्भ से वर्तमान तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार जी की उद्देश्य, सोच एवं रीति नीति पूर्णतया राष्ट्रीय सोच पर आधारित थी। डॉ. साहब हिंदुओं का एक ऐसा राष्ट्रीय संगठन चाहते थे जो समय आने पर एक दूसरे की, समाज की तथा राष्ट्र की सहायता करें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन है जो कि निरंतर बढ़ रहा है, पुष्पित पल्लवित हो रहा है। अपने विभिन्न आयामों के माध्यम से आज हमारे राष्ट्र और समाज के प्रत्येक अंग की सेवा कर रहा है। अब लोगों को जाति और पथ सोच से ऊपर उठने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सह संघचालक डॉ. सुशील ने तथा अध्यक्षता खंड सह संघचालक यशपाल रहे। चेयरमैन अशोक सैनी, प्रदीप बिश्नोई, व्यवस्था प्रमुख हरपाल सिंह, महेश अग्रवाल, डॉ. प्रमोद, प्रधानाचार्य सुबोध सिंह, विजय, विवेक सैनी, देवा पाल, विकास पाल, भास्कर अग्रवाल आदि रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती धूमधाम से मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुभाष युवा मोर्चा द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी की 118 वी जयंती बड़ी धूम-धाम से मनाई गयी। शहीद-ऐ-आजम भगत सिंह जी के जन्मदिवस समारोह का शुभारम्भ सुभाष युवा मोर्चा के संस्थापक एवं राष्ट्रीय संयोजक सतेन्द्र यादव द्वारा शहीद भगतसिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शहीदे-ए-आजम का जन्म 27-28 सितम्बर की मध्य रात्रि में 1907 में लायलपुर जिले के बंगा गांव में जो अब पाकिस्तान में है, मे हुआ था। इस कारण बहुत से लोग इनका जन्मदिन 27 सितंबर को भी मनाते है।

जबकि भगत सिंह जी का परिवार इनका जन्मदिन 28 सितम्बर को मनाता है। भगत सिंह का पूरा परिवार क्रान्तिकारी था। उन्होंने जेल में विश्व की सबसे लंबी भूख हड़ताल की। भगतसिंह की फाँसी को रोकने के लिए पूरी दुनिया के लोगों ने कोशिश की, ब्रिटिश सांसदो तक ने फाँसी रोकने की कोशिश की।

लाखों लोगों ने इस बारे में पत्र लिखा जिसमे से कुछ पत्र खून से लिखे गये थे। भारत में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस व मौहम्मद अली जिन्ना ने पुरजोर कोशिश की लेकिन अंग्रेजों ने किसी की न मानी।

शहीद भगत सिंह जी के जन्मदिवस समारोह में में मुख्य रूप से सुनील दत्त, दीपक वर्मा, अनिल सिन्हा, कैप्टन गोपाल सिंह,विनोद अकेला, कमल यादव, रामकुमार शर्मा, राजीव रैना , राजेंद्र गौतम, के पी सिंह यादव, अनिल मिश्रा, भरत आर्य, तेजस्व भारद्वाज, मानव सिंह होदिया, गोपाल, योगेंद्र राय, सुरेश यादव, राजेंद्र सिंह कसाना, राजीव गौतम, राजेंद्र यादव राजेश यादव, वीरेंद्र प्रताप यादव, अजय श्रीवास्तव, तेजेंद्र कुमार वर्मा, मुनेश कुमार, विकास पांडे, विनय कुमार गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र पांडे, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, शुभम मिश्रा, अजय कुमार बिट्टा, हर्षित, दीपक शर्मा, अखिल अहमद, सुभाष गिरी शुक्ला, इंद्रपाल सिंह यादव, अक्षत पुंडीर, लालबाबू झा, मुकेश सिंह पुंडीर, योगेंद्र सिंह, ओमप्रकाश कोरी, धर्मेंद्र सिंह, लक्ष्मण, राम गणेश सिंह, संजय कुमार, काशी सिंह यादव, शिवम, राजपाल शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, पवन कुमार, दीपक कुमार रिंकू, अक्षय, रोहित आदि सम्मिलित रहे और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ऑल इंडिया जाट संगठन ने मनायी शहीद भगत सिंह की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** ऑल इंडिया जाट संगठन द्वाराअमर शहीद भगत सिंहजी की जयत्ती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रूपेश पूनिया ने किया।आये हुए अतिथियों ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर खेल जगत में उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रक्त दान शिविर व विभिन्न जाँच शिविर का भी आयोज किया जिसमे सभी कार्यक्रम में आये लोगो ने रक्त दान किया। सबमे निशुल्क अपनी जांच करा कर शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक रविंद्र नेहरा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधान कर्मवीर सिंह मुख्यातिथि गन्ना समिति चेयरमैन राजन चौ., चौ. नरेश सिरोही, संगठन के उपाध्य संजय चौधरी, महासचिव दीपक चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, मुख्य सलाहकार चौ. बीपी सिंह बालियान, कोषाध्यक्ष प्रविन्द्र, चौ0 कृष्णवीर, मोदीनगर अध्यक्ष चौ. सोदान सिंह, नरेश चौ. दलबीर सिंह, दीपक सांगवान, घनश्याम बेनीवाल, चौ. नरेन्द्र सिंह, चौ0 नरेश दस्तोई, कपिल नेहरा, चौ. सचिन, चौ. अमित सिरोही, चौ. नफे सिंह, शेखर दहिया, प्रमोद मास्टर, देव राज मलिक, नीरज चौ. नितिन मालिक, चौ. विपिन, बिट्टू उमेश पार्क, चौ. अभिषेक खंजरपुर, पूर्व सैनिक चौ. चंद्रपाल सिंह, जिले सिंह, अरूप कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष, मंजू चौधरी, सोशल मिडिया प्रभारी अनुज चौ. चौ. सचिन आदि लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय मजदूर संघ ने किया बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय मजदूर संघ कार्यालय पर ऑटो रिक्शा टेम्पो चालक संघ यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक आरएसएस कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री, जिला गाजियाबाद नितिन, विभाग के सह प्रमुख बिजेंद्र और भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के अध्यक्ष योगेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में चालकों की विभिन्न समस्याओ पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसका समाधान करने के लिए योगेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्राइवेट ट्रांसपोर्ट महासंघ ने सुझाव दिए और बताया किस प्रकार आपकी समस्याओ का समाधान होगा साथ बिजेंद्र कुमार सह विभाग प्रमुख ने यूनियन के चुनाव के लिए जिला अधिवेशन कराये जाने पर बल दिया और कार्यकारिणी द्वारा तय किया गया कि आगामी 9 नवंबर को ऑटो यूनियन का अधिवेशन गाजियाबाद में आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए सभी चालकों ने अभी से तैयारी मे लग जाने की बात कही और अपनी मांगो को जिला प्रशासन के समक्ष रखने का प्लान बनाया बैठक मे जिला मंत्री नितिन रोहतगी मे संघठन विस्तार पर बल दिया और आगामी 9 नवम्बर 2025 को होने वाले अधिवेशन मे जी जान से लगजाने की प्रेरणा दी।

# स्वामी उमाकांतानन्द सरस्वती महाराज ने राष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्रीदशनाम पंचायती जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी उमाकांतानन्द सरस्वती महाराज संस्थापक अध्यक्ष श्रीराम डिवाईन चौरिटेबल ट्रस्ट हरिद्वार एवं शाश्वतम् फाउंडेशन मारीशस के पावन सानिध्य में शाश्वतम् परिवार के प्रतिनिधियों ने भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू से राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर शिष्टाचार भेंट की। डेलीगेशन में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद एवं वर्तमान एस सी/एस टी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा समीर उरांव, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश भास्कर झारखंड, हरिद्वार शाश्वतम् परिवार के राष्ट्रीय संयोजक डॉ जितेन्द्र सिंह एवं वैद्य दीपक कुमार तथा अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

महामंडलेश्वर स्वामी उमाकांतानन्द ने महामहिम राष्ट्रपति को हम सबके आराध्य भगवान श्रीराम का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया। महामहिम राष्ट्रपति महोदया से अनेक राष्ट्रीय मुद्दों पर स्वामी महाराज की वार्ता हुई, राष्ट्रपति ने कहा कि स्वामी आपको ऐसे शिष्यों को तैयार करना चाहिए जो गांव की गरीब बस्तियों में जाकर उनके बीच जागरूकता अभियान के कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करा सकें और उनके बीच रहकर ही समाज सेवा करें। तभी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास संभव हैं। स्वामी जी ने महामहिम राष्ट्रपति को बताया कि संत समाज के लोगों गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण अनेक राष्ट्रीय विषयों पर कार्य कर रहे हैं और हम आपको पूर्ण विश्वास दिलाते हैं कि आपने जो विषय पर हमें कार्य करने को कहा है हम जरूर अपनी पूर्ण निष्ठा एवं सामर्थ्य के अनुसार करेंगे। सभी सम्मानित सदस्यों का महामहिम राष्ट्रपति महोदया से मा समीर उरांव जी ने परिचय कराया और सभी सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट हेतु महामहिम राष्ट्रपति का आभार एवं धन्यवाद किया।

# कांग्रेस कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया भगत सिंह का जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महानगर कांग्रेस कार्यालय कंपनी बाग घंटाघर पर महानगर अध्यक्ष वीर सिंह ने शहीद ए आजम भगत सिंह जी के जन्मदिन को उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके बनाया मनाया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर सिंह ने बताया कि भगत सिंह (27 सितंबर 1907 & 23 मार्च 1931) एक भारतीय उपनिवेशवाद विरोधी क्रांतिकारी थे। जिन्होंने दिसंबर 1928 में एक जूनियर ब्रिटिश पुलिस अधिकारी की गलती से हुई हत्या में भाग लिया था, जिसका उद्देश्य एक भारतीय राष्ट्रवादी की मौत का बदला लेना था बाद में उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय विधान सभा में बड़े पैमाने पर प्रतीकात्मक बमबारी और जेल में भूख हड़ताल में भाग लिया, जिसने भारतीय स्वामित्व वाले समाचार पत्रों में सहानुभूतिपूर्ण कवरेज के दम पर उन्हें पंजाब क्षेत्र में एक घरेलू नाम बना दिया और 23 साल की उम्र में उनकी फांसी के बाद, उत्तरी भारत में एक शहीद और लोक नायक बना दिया। बोल्शेविज्म और अराजकतावाद से विचार उधार लेते हुए, करिश्माई भगत सिंह ने 1930 के दशक में भारत में बढ़ते उग्रवाद को बढ़ावा दिया और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अहिंसक, भारत की स्वतंत्रता के अभियान के भीतर तत्काल आत्मनिरीक्षण को प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में महानगर विभाग विभाग अध्यक्ष एडवोकेट चन्द्रपाल ने अनेकों कांग्रेस जनों के साथ अपनी ओर से शहीद ए आजम भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके उनके जन्म दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष वीर सिंह, कार्यालय सचिव बाबूराम शर्मा, कोषाध्यक्ष त्रिलोक सिंह संगठन प्रभारी विकाश शर्मा, उपाध्यक्ष इस्माइल खां, उपाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष सुर्यकांत, राजकुमार शर्मा, महानगर अध्यक्ष विधि विभाग एडवोकेट चन्द्रपाल, महानगर अध्यक्ष अनुसूचित विभाग आशीष कुमार प्रेमी, उपाध्यक्ष कुलभूषण / मोनू, उपाध्यक्ष, राकेश कुमार जाटव, जिला महासचिव सविता गौतम, महासचिव उदय सिंह राठौर, मोहम्मद कासिम, अबजाल, शादाब, इरशाद, कुलदीप कपूर जोनी, पूनम शर्मा, एडवोकेट रवीश कुमार, महासचिव पवन शर्मा, नितेश कुमार, अशोक कौशल, महासचिव रवि शंकर सूर्या, हर्ष सूर्या, महासचिव राखी चतुर्वेदी, सचिव हरपाल सिंह, महासचिव पवन शर्मा, जिला अध्यक्ष तजप विभाग लज्जा यादव, हरिराम भारद्वाज, महासचिव राजेंद्र बाबू, महासचिव दानिश शाह, महासचिव मोहम्मद फहीम, महासचिव जितेंद्र सिंह, और कार्यालय बॉय त्रिलोक आदि उपस्थित रहे।

# सपनावत के मां वैष्णो धाम में हुआ माता की चौकी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सपनावत में स्थित माँ वैष्णो धाम मंदिर में प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्रों में माता रानी की चौकी का भव्य आयोजन कराया गया है। शनिवार को माता रानी की ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। इस आयोजन में मुरलीवाला डेकोरेटर के द्वारा माता रानी का भव्य दरबार सजाया गया। तथा प्रसिद्ध भजन गायक दीपक राणा, विवेक दुबे और भावना शर्मा ने माता रानी के भजन गाते हुए श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन दिनों माँ वैष्णो धाम मंदिर में मेले की रौनक अपने चरम पर है। और भक्तों की अपार भीड़ रोजाना मंदिर में माता रानी के दर्शन के लिए आ रही है। माँ वैष्णो धाम की स्थापना 16 फरवरी 2011 को समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता के माता पिता के द्वारा की गई थी। और 28 अगस्त 2017 को कटरा से ज्योति लाकर अनेक साधु संतों के सानिध्य में मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। माता रानी की चौकी में मुख्य रूप से संजीव कुमार गुप्ता, रश्मि गुप्ता, राजीव गुप्ता, सीमा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, सुरभि गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, तास्विक गुप्ता, टियारा गुप्ता, इवान गुप्ता, सुबोध गुप्ता, राकेश गोयल, मुकेश सिंघल, प्रदीप गुप्ता, उमेश गर्ग, रोहित गोयल, प्रिंस गुप्ता, विकास गुप्ता, ताराचंद गुप्ता, भानु शिशोदिया, तरूण ढिगरा आदि सम्मलित रहे।

# राष्ट्रीय लोकदल प्रोफेशनल मंच मेरठ ने किया Power Knack ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ट्राइडेंट 2.0 क्रिकेट ग्राउंड पर राष्ट्रीय लोकदल प्रोफेशनल मंच मेरठ के द्वारा 'Power Knack ओपन क्रिकेट प्रतियोगिताश का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मैच त्पकमते और 'Khurrat 11' के बीच खेला गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं तकनीकी विभाग के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. कुलदीप उज्ज्वल, रविकांत चड्ढा, अतिरिक्त विशिष्ट अतिथियों में बीरपाल मलिक, अमरजीत सिंह बिड्डी, राजीव बालियान, रामपाल सिंह, अरुण दहिया, अक्षय सिसोदिया (जिला उपाध्यक्ष प्रोफेशनल मंच राष्ट्रीय लोकदल), पूजा राजपूत (प्रदेश सचिव खेल प्रकोष्ठ) हिमाशु चौधरी (पार्षद), अमित सांगवान (क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेशनल मंच) सम्मिलित रहे। इस अवसर पर मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार खेलों के प्रोत्साहन पर ऐतिहासिक काम कर रही है, साथ ही राष्ट्रीय लोकदल ने खेल और खिलाड़ियों को हमेशा प्रोत्साहन दिया है, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चौधरी जयन्त सिंह ने अपनी पूरी सांसद निधि खेलों एवं खिलाड़ियों के नाम पर खर्च करने का निर्णय लिया है।

### श्री हंस इंटर कॉलेज की छात्रा तान्या मलिक बनीं मुरादनगर नगरपालिका की ईओ

# ईओ शैलेन्द्र कुमार सिंह ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** महिला शक्ति मिशन के तहत श्री हंस इंटर कालेज की छात्रा तान्या मलिक नगरपालिका की ईओ बनी। ईओ शैलेन्द्र कुमार सिंह छात्रा तान्या मलिक को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। ईओ बनी छात्रा तान्या मलिक ने नगरपालिका के स्टाफ से विकास कार्यों की जानकारी ली। तथा फाईलों व रजिस्टर का निरीक्षण किया। बता दें कि मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए महिला शक्ति मिशन योजना का शुभारंभ किया था। महिलाओ को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के सरकारी विभागों में छात्राओं को कुछ घंटों की जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्हें थाना प्रभारी व नगरपालि. का की ईओ बनाकर आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। महिला शक्ति मिशन योजना के तहत शनिवार को दिल्ली मेरठ रोड पर गंगनहर के निकट स्थित श्री हंस इंटर कालेज की छात्रा तान्या मलिक को नगरपा. लिका में एक घंटे के लिए ईओ की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर छात्रा तान्या मलिक ने नगरपालिका के स्टाफ से मुलाकात कर विकास कार्यों की जानकारी ली। रजिस्टर व कागजातो का निरीक्षण किया। तथा लोगों की समस्याओं का समाधान किया। छात्रा तान्या मलिक ने मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी की महिला शक्ति मिशन योजना की तारीफ की। छात्रा तान्या मलिक ने कहा कि मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी की सरकार की यह एक अच्छी पहल है। महिला शक्ति मिशन से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा। तथा आत्मनिर्भर बन सकेंगी। ईओ शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि महिला शक्ति मिशन योजना के तहत श्री हंस इंटर कालेज की छात्रा तान्या मलिक को एक घंटे के लिए नगरपालिका का कार्यभार सौंपा है। महिला शक्ति मिशन योजना प्रदेश सरकार की एक अच्छी पहल है। महिला शक्ति मिशन योजना से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा।

# वैश्य समाज कल्याण समिति ने मनाई महाराजा अग्रसेन की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** वैश्य समाज कल्याण समिति मोदीनगर रजि. के द्वारा अग्रकुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेन की 5149 वी जयंती के शुभ अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ प्रेमचंद अग्रवाल विधायक ऋषिकेश उत्तराखंड पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार आनंद अग्रवाल आईपीएस प्रमोद कुमार मित्तल राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशल किशोर वार्ष्णेय ने की। कार्यक्रम में सभी ने वैश्य समाज की एकजुटता पर बल दिया। प्रमुख रूप से सुशील कुमार जैन पूर्व मंत्री रामकिशोर अग्रवाल दिनेश सिंघल पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मूलचंद गर्ग और मंच संचालक अध्यक्ष मुन्नू अग्रवाल और संयोजक अजय गुप्ता ने की इस अवसर पर महासचिव संजय गुप्ता कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता एडवोकेट आशीष कुमार बिश्नोई एडवोकेट राजकुमार गुप्ता प्रवीण मित्तल सभासद ललित मित्तल एडवोकेट जयप्रकाश बंसल अशोक गर्ग अरविंद गर्ग संजय गुप्ता मंडी पूर्व प्रधानाचार्य बीवी बंसल आतिश गुप्ता प्रमोद अग्रवाल आदि उपस्थित रहे इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉक्टर प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज की देश के सभी कार्यों में भागीदारी है इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने सभी को दशहरा दीपावली छठ पूजा और गंगा स्नान की शुभकामना दी और शहर की विधायक डॉ मंजू शिवाने कहा कि वैश्य समाज कल्याण समिति मोदीनगर द्वारा हर वर्ष जयंती बड़े उल्लास से मनाई जाती है यह जयंती पर्व पिछले 30 वर्षों से मनाई जा रही है वैश्य कल्याण समिति मोदीनगर रजि. ने पार्क के बाहर एक भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जो साय 5:00 बजे तक जारी रहे।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने की नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमे पंडित राकेश शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व विवेक त्यागी को राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी मिली। राष्ट्रीय व्यापार मंडल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कार्यालय पर संगठन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री चिन्मय भारद्वाज ने जानकारी देते हुए कहा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. राजबाबू रस्तोगी के आदेश पर राष्ट्रीय पदाधिकारियों के कार्यक्षेत्र एवम जिम्मेदारियों में परिवर्तन किया गया। संगठन में बदलाव करते हुए निवर्तमान राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक त्यागी को राष्ट्रीय महामंत्री, निवर्तमान राष्ट्रीय कोर्डिनेटर पँ. राकेश शर्मा को राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मेरठ निवासी मुकेश शर्मा को राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर की जिम्मेदारी प्रदान की गई। बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एस. पी. मिश्रा ने सभी दायित्वधारियों को माला और संगठन का पटका पहनाकर बधाई दी और कहा कि बहुत जल्दी ही संगठन का सदस्यता अभियान आरम्भ किया जाएगा, बिना सदस्यता ग्रहण किये कोई भी संगठन का पदाधिकारी मान्य नही होगा। नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री विवेक त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है मैं उसे पूर्ण निष्ठा के साथ निभाऊँगा और संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा एवम व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए पूर्णत प्रयासरत रहूंगा।

# विजयदशमी अधर्म पर धर्म एवं असत्य पर सत्य का पर्व: आशुतोष महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** घूमते कालचक्र के साथ असंख्य युद्ध संग्राम घटे। कहीं राज्य की अभिलाषा थी, तो कहीं कोई और कामना। परन्तु इतिहास मात्र उन संग्रामों को पाकर सौभाग्य का अनुभव कर पाया, जिनका उद्देश्य धर्म-संस्थापना था। ऐसा ही एक अद्वितीय संग्राम हुआ था, त्रेतायुग में। प्रभु श्री राम व असुरराज रावण के बीच। यह युद्ध वास्तव में अद्भुत था। इसमें एक ओर थे- प्रशिक्षित, हृदयविहीन योद्धा, अस्त्र- शस्त्र से लैस, छल-बल को लिए हुए। वहीं दूसरी ओर थीं, वन प्रजातियाँ जिन्हें युद्ध का कुछ खास अभ्यास-अनुभव नहीं था। अस्त्र व शस्त्र भी उनके पास अधिक नहीं थे। मात्र श्री राम की विश्वास नैया पर अनंत सागर को पार कर, उत्साह रूपी शस्त्र ले, वह छोटी सी सेना विशाल-सेना के सामने खड़ी हो गई थी। फिर हुआ था एक ऐसा संग्राम, जिसने मानव बुद्धि के तर्कों को निरस्त्र कर दिया। क्योंकि प्रभु राम की अगुआई में जीत गई थी वानर-सेना। हार गए थे धुरंधर असुर! इस विजयश्री को आज युगों बाद भी हम 'विजयदशमी' के रूप में मनाते हैं। वह प्रतीक रूप में अंत है- रावणत्व का, असुरीय अवगुणों का। विजय है, अधर्म पर धर्म की। इसलिए आज भी विजयदशमी पर रावण, कुम्भकरण और मेघनाथ के पुतले जलाए जाते हैं। कुम्भकरण रावण का भाई था और मेघनाथ रावण का पुत्र। दोनों ने ही युद्ध में अहं



भूमिका निभाई। पर मेघनाथ रावण का गर्व था। उसका बाहु. बल था। मेघनाथ ने रावण के सभी अवगुण उससे विरासत में पाए थे। उसमें से मुख्य था- काम। जब रघुबीर दीन्हि अनुसा. सन- जब श्री रघुवर जी ने आज्ञा दी, तब लखन जी उस निशाचर के वध के लिए चले। पहलेपहल मेघनाथ द्वारा रचित यज्ञ का विध्वंस किया। फिर प्रभु राम का स्मरण कर बाण छोड़ा, जो सीधा मेघनाथ के हृदय के बीच लगा तथा वह मृत्यु को प्राप्त हुआ। लक्ष्मण जी की मेघनाथ पर विजय तात्त्विक दृष्टि से 'वैराग्य' की 'काम' पर विजय है। 'वैराग्य' ही 'काम' को समाप्त करने का माध्यम है। परन्तु यह भी अटल नियम है कि वैराग्य को अहंकार विहीन होना चाहिए। गुरु-आज्ञा के आधार को लिए होना चाहिए। इसीलिए श्री रामकृष्ण परमहंस जी अधिकतर अपने शिष्यों को वैराग्य के विषय में समझाते हुए कहा करते थे- 'वैराग्य का अर्थ सिर्फ संसार से विराग नहीं है। ईश्वर पर अनुराग और संसार से विराग- दोनों है।'

# सुरक्षित गर्भ समापन से मातृ मृत्यु दर में आती है कमी:डा.विभाष

## स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं को मिली सुरक्षित गर्भसमापन की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस पर स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत विशेष कार्यशाला और गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और दंपतियों को सुरक्षित गर्भ समापन सेवाओं, गर्भपात पश्चात परिवार नियोजन और कानूनी अधिकारों के बारे में जानक. ारी देना था, ताकि वे अपने स्वास्थ्य और भविष्य के निर्णय आत्मनिर्भर रूप से ले सकें। प्रशिक्षित सेवा प्रदाताओं और मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य इकाइयों में सुरक्षित तकनीक का उपयोग कर गर्भ समापन कराने से मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत पर स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत



आयोजित कार्यशाला में आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. विभाष राजपूत ने बताया कि सुरक्षित गर्भसमापन से मातृ मृत्यु दर में लगभग 8 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है, इसलिए महिलाओं को जागरूक होकर सुरक्षित विकल्प चुनना चाहिए। पोस्ट एबॉर्शन गर्भनिरोध और असुरक्षित गर्भसमापन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सभी आशाओं को एमटीपी एक्ट और इसके संशोधन के बारे में बताया। उन्होंने यह भी कहा कि गर्भसमापन जितना जल्दी किया जाए, उतना ही सुरक्षित होता है। इसके अतिरिक्त सुरक्षित तकनीकों और दवाइयों एमएमए द्वारा गर्भसमापन की प्रक्रिया पर भी पूरी जानकारी दी गई। सुरक्षित गर्भपात की इस वैध प्रक्रिया में लाभार्थियों की गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाता है और महिलाओं के लिए सम्मानजनक मातृत्व का वातावरण सुनिश्चित किया जाता है। कार्यक्रम में स्टॉल और जागरूकता सामग्री के माध्यम से आमजन को सुरक्षित गर्भ समापन सेवाओं, परिवार नियोजन और महिला स्वास्थ्य के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने यह भी बताया कि आशा कार्यकर्ताओं को महिलाओं को जागरूक करने पर प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है है। सर्जिकल मेथड से सुरक्षित गर्भ समापन कराने में सहयोग देने पर आशा कार्यकर्ताओं को 150 रुपए प्रति केस, लाभार्थी का फॉलो-अप सुनिश्चित कराने पर 225 रुपए प्रति केस और आईयूसीडी सेवा में सहयोग देने पर 150 रुपए प्रति केस प्रोत्साहन राशि मिलती है। सर्जिकल मेथड से गर्भ समापन पश्चात आईयूसीडी लगवाने पर महिलाओं को 300 रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। मेडिकल मेथड से गर्भ समापन कराने में सहयोग देने पर भी आशा कार्यकर्ताओं को उचित राशि प्रदान की जाती है। स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा, सुरक्षित मातृत्व और अधिकारों की जानकारी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का मुख्य संदेश भी स्पष्ट किया गया। सुरक्षित मातृत्व के लिए प्रतिबद्ध रहें, जागरूक बने और सुरक्षित रहें। स्वास्थ्य विभाग की टीमें संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों पर मौजूद रही।

## छेड़खानी करने वाले अभियुक्तों को महिलाओं का सम्मान करने की दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत चांदीनगर थानें मे एक शपथ समारोह का आयोजन किया गया जिसमे महिलाओं के साथ छेड़खानी करने व अन्य मामलो मे आरोपी रहे लोगो को थानें बुलाकर महिलाओं के सम्मान करने की शपथ दिलायी गयी।

शासन द्वारा महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश भर में किया जा रहा है जिसमे महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी जा रही है। रविवार को थाना चांदीनगर में भी मिशन शक्ति के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे थानें मे महिलाओं के छेड़खानी करने या अन्य मामलो मे आरोपीयों को थानें बुलाया गया। जहां उन्हें महिलाओं के सम्मान करने की शपथ दिलायी गयी। वही महिलाओं के सम्मान को दूसरे लोगों को भी जागरूकत करने को कहा गया थाना प्रभारी अतर सिंह ने शपथ के बाद महिलाओं के अधिकारों की भी जानकारी दी।

## असुरक्षित तरीके से गर्भपात कराने की गलती न करें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आशा कार्यकर्ताओं को एमटीपी सेवाओं और गर्भसमापन के बाद उपलब्ध गर्भनिरोधक साधनों के लिए मिलने वाले प्रोत्साहन पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि अगर किसी महिला को गर्भ समापन की आवश्यकता हो तो उसे घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे समय में तुरंत नज़दीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या मान्यता प्राप्त अस्पताल से संपर्क करें। यहाँ प्रशिक्षित डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी कानूनी और सुरक्षित तरीके से यह सेवा उपलब्ध कराते हैं। किसी भी असुरक्षित तरीके या अनजान व्यक्ति से गर्भपात कराने की गलती न करें, क्योंकि इससे गंभीर खतरे हो सकते हैं। हमारा संदेश है। सही जगह पर, सही समय पर, सुरक्षित सेवा ही सुरक्षित मातृत्व की कुंजी है। वहीं विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों पर आयोजित कार्यशालाओं और संगोष्ठियों में स्वास्थ्य अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सुरक्षित गर्भ समापन अधिनियम, महिला अधिकारों और कानूनी ढांचे के तहत सुरक्षित तकनीकों के महत्व की जानकारी दी गई।

## गंदगी से आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन कर की सफाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रटौल लोनी मार्ग पर धोले पीर के पास लगे गंदगी के ढेरों से परेशान होकर कस्बे के लोगों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने उच्च अधिकारियों से तत्काल सफाई कराने की मांग की है।

रटौल से लोनी मार्ग पर धोले पीर के समीप जमा यह कूड़ा राहगीरों और पीर पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भारी परेशानी का सबब बना हुआ है। गंदगी के कारण यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। किसान रिजवान पठान ने बताया कि जब वे खेती के लिए खेतों पर जाते हैं, तो बदबू के कारण बुरा हाल रहता है। कस्बे में आने वाले लोगों को भी इस समस्या का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में ईओ विरज सिंह त्रिपाठी ने बताया कि कस्बे में अभी डंपिंग ग्राउंड तैयार नहीं है, जिसके चलते सरकारी भूमि में कस्बे से बाहर कूड़ा डाला जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि लोगों की समस्या को देखते हुए रास्ते की ओर टीन शेड से कवर किया जाएगा, ताकि कस्बे के लोगों को परेशानी न हो।



## एक नजर

### विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास को मज़बूत करेगी: प्रधानाचार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वे अब अधिक खुश, सक्रिय और आत्मविश्वासी महसूस करते हैं। अध्यापक भी इस दौरान बच्चों की छिपी हुई क्षमताओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाने का मार्ग दिखा रहे हैं। प्रधानाचार्य डा.सत्यवीर सिंह का मानना है कि यह पहल विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास को मज़बूत करेगी। आने वाले समय में कॉलेज प्रबंधन इस मॉडल को और सशक्त बनाकर बच्चों को जिला और राज्य स्तर के मंचों पर भी अवसर देने की योजना बना रहा है। अभिभावकों और प्रबंधन समिति ने भी इस कदम की सराहना की है।

### राष्ट्रीय लोकदल का बढ़ता कुनबा लोगों ने ली लोकदल की सदस्यता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** विधानसभा के गांव शा.बड़ौली मे रविवार को राष्ट्रीय लोकदल ने सदस्यता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया। इन दौरान छात्रों व युवाओं के साथ साथ ग्रामीणों ने भी सदस्यता अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बड़ौत विधानसभा से सदस्यता अभियान के प्रभारी जयवीर सिंह तोमर एवं रालोद छात्र सभा के जिलाध्यक्ष राहुल प्रधान और महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष प्रज्ञा बालियान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। छात्र सभा के जिला सचिव प्राग तोमर के आवास पर आयोजित हुआ। कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल भारत रत्न श्रद्धेय चौधरी चरणसिंह की विरासत को लेकर आगे बढ़ रही है। युवाओं के जुड़ने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलती है। रालोद किसान मजदूर छात्र व युवाओं की आवाज बुलंद कर रही है। पार्टी की नीतियों व किसान मजदूर की हितैषी विचारधारा से प्रभावित लोगों ने बड़ी संख्या में रालोद की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान युवा रालोद के जिला उपाध्यक्ष अनुज तोमर, आकाश राठी, तनुज तोमर, निखिल, सन्नी, रणपाल सिंह, सुरेश, कृष्ण, ब्रह्मपाल, सतवीर सिंह, अलवर, नीटू प्रधान, निर्भय सिंह, राजेन्द्र, हरपाल आदि मौजूद रहे।

## ऊर्जा निगम ने 250 संविदा कर्मचारियों को दिए सुपर हेलमेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत में ऊर्जा निगम ने 250 संविदा कर्मचारियों को सुपर हेलमेट सौंपे हैं। यह कदम आए दिन होने वाली बिजली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उठाया गया है। ये हेलमेट 30 मीटर पहले से बिजली के करंट का संकेत देंगे, जिससे कर्मचारी समय रहते सतर्क हो सकेंगे।

सामान्य हेलमेट सड़क दुर्घटनाओं से बचाते हैं, लेकिन ये विशेष हेलमेट बिजली के झटकों से सुरक्षा प्रदान करेंगे। इन हेलमेटों की मदद से दूर से ही तारों में करंट प्रवाहित होने की जानकारी मिल जाएगी, जिससे दुर्घटनाओं को टाला जा सकेगा। पिछले पांच सालों में बिजली संबंधी दुर्घटनाओं में 50 संविदा कर्मचारियों की जान जा चुकी है, जबकि 35 घायल हुए हैं। इन हादसों के बाद मृतक और



घायल कर्मचारियों के परिजनों ने निगम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन भी किए थे। निगम ने कई मृतक लाइनमैन के परिजनों को मुआवजा दिया है। कुछ मामलों में, मृतक लाइनमैन के परिजनों को संविदा के आधार पर नौकरी भी प्रदान की गई है। बावली गांव के जंगल में 12 अगस्त को हाईटेंशन लाइन का फाल्ट ठीक कर रहे लाइनमैन पंकज खोखर 25 वर्षीय निवासी छपरौली की मौत हो गई थी। इसको लेकर परिजनों ने हंगामा किया था। गढ़ी कलंजरी गांव के जंगल में गत 7 फरवरी को सरकारी नलकूप पर बिजली लाइन ठीक करते समय लाइनमैन कृष्ण 28वर्षीय करंट लगने से झुलस गया। इसका दिल्ली के अस्पताल में उपचार कराया गया। वहां पर उपचार के दौरान लाइनमैन की मौत हो गई थी। 6 जून 2024 को गैडबरा गांव के जंगल में आंधी आने पर टूटी बिजली लाइन को ठीक कर रहे ऊर्जा निगम के दो संविदा लाइनमैन तेजेंद्र निवासी धनौरा और प्रवेंद्र निवासी भड़ल की मौके पर ही मौत हो गई थी। अधिशासी अभियंता ब्रजेश कुमार यादव ने कहा कि हादसों को रोकने के लिए निगम के यह कदम उठाया है, यदि हेलमेट होने के बावजूद कर्मचारी फाल्ट या अन्य विभागीय कार्य करने के दौरान हेलमेट नहीं पहनता, तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

## एकेडमी में शहीद भगत सिंह का मनाया जन्मदिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में शहीद भगत सिंह का केक काटकर शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत में जन्मदिन मनाया गया। एडवोकेट विशेष तोमर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि नौजवानों के दिलों में आजादी का जुनून भरने वाले भगत सिंह का नाम इतिहास के पन्नों में अमर है। देश की आजादी के लिए उन्होंने जिस साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश हुकूमत से लोहा लिया, वह आज के युवकों के लिए बहुत बड़ा आदर्श है, लेकिन उनकी शहादत बेकार नहीं गई और उनकी लगाई। आजादी की चिंगारी न आग बनकर पूरे ब्रिटिश शासन को जला डाला। इस मौके पर खिलाड़ियों ने जोश और उत्साह के साथ शहीद भगत सिंह का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर शौकेंद्र, इंद्र, विनित, विजय, बादल, वंश, मीनाक्षी, परी, आक. ाश, अंकुर, आदि उपस्थित रहे।

## सोनिया को डीएसटी इंस्पायर फेलोशिप से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जनता वैदिक कॉलेज के बायोइन्फरमेटिक्स विभाग ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम एक बार फिर लहराया है। विभाग की मेधावी छात्रा सोनिया को विश्व. विद्यालय में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने के लिए प्रतिष्ठित डीएसटी इंस्पायर फेलोशिप से सम्मानित किया गया है, साथ ही उनका चयन नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च (NICPR) में हुआ है। यह दोहरी उपलब्धि विभाग के लिए लगातार पांचवीं डीएसटी इंस्पायर फेलोशिप और NICPR में चयन के साथ एक ऐतिहासिक क्षण है, जो इसकी शैक्षणिक श्रेष्ठता और समर्पण का प्रतीक है।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर




आयोजित समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डा.वीरेंद्र प्रताप सिंह ने सोनिया की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि सोनिया की यह दोहरी सफलता हमारे बायोइन्फरमेटिक्स विभाग की उत्कृष्ट शिक्षण पद्धति और छात्रों के प्रति समर्पण को दर्शाती है। समारोह में निदेशक डा.विनय कुमार, आईक्यूएसी समन्वयक डा. जीपी सिंह, विभाग समन्वयक डा. एमके शर्मा, उप प्राचार्य डा.मदन पाल सिंह, विभागीय शिक्षक डा. मनोज कुमार शर्मा, डा.सचिन कुमार, एवं अन्य विभागों के शिक्षक डा.प्रताप चौधरी, डा.महेश कुमार, डा.प्रशांत मिश्रा, डा.लोकेन्द्र सिंह, डा.तारेक्श्वर नाथ तिवारी, डा.महेंद्र सिंह राठी, डा.राजा राम यादव, डा.अशोक गौतम, कार्यालय अधीक्षक सोविन्द्र मालिक उपस्थित रहे।

## 1199 अभियुक्तों को अपराध न करने की दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिला संबंधी अपराधों में शामिल 1199 अभियुक्तों को पुलिस थानों और कोतवाली में बुलाकर अपराध न करने की शपथ दिलाई गई। यह पहल महिलाओं के प्रति अपराधों को रोकने और सम्मानजनक व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।



पिछले दस वर्षों में बलात्कार, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न सहित अन्य गंभीर महिला संबंधी मामलों में लिप्त रहे इन अभियुक्तों को थानों पर बुलाया गया था। सभी थाना प्रभारियों ने थाना परिसर में उन्हें शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान अभियुक्तों को महिलाओं का सम्मान करने और उनके प्रति अच्छा व्यवहार करने का संकल्प दिलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति भविष्य में महिला संबंधी किसी भी अपराध में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उत्तर प्रदेश में श्मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिला संबंधी अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। योगी सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर है और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है। बागपत के पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय निर्देशन में शपथ दिलाई गई। एसपी ने दोहराया कि महिलाओं पर अपराध करने की कोशिश करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाएगी जो एक नजीर बनेगी।

### साप्ताहिक मार्केट बंदी को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले श्रमिक एसोशिएशन के अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में बुधवार अवकाश की मांग को लेकर राजनाथ सिंह से श्रमिक मिले। केन्द्रीय रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह के सामने श्रमिको ने अपनी समस्याओं को रखा। श्रमिक एसोशिएशन के अध्यक्ष प्रवीण वर्मा ने रविवार को भाजपा नेता रविन्द्र आर्य भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ बागपत के सहसंयोजक मनोज कुमार युवा भाजपा नेता, सौरभ जैन मंडल कोषाध्यक्ष भाजपा राजगोपाल कश्यप बड़ौत नगर उपाध्यक्ष भाजपा विनय कुमार निखिल कश्यप थे। बुधवार साप्ताहिक मार्केट बंदी आदेश को प्रभावी ढंग से लागू कराए जाने की मांग की है। बड़ौत में 7 सालों से बंद पड़े बड़ौत श्रम प्रवर्तन अधिकारी के कार्यालय का ताला खुलवाने तथा नए श्रम प्रवर्तन अधिकारी की बड़ौत में नियुक्ति कराये जाने की मांग की है। काम के घंटे 12- से घटा कर -9 कराने तथा साप्ताहिक मार्केट बंदी के दिन मजदूरी कराने पर डबल मजदूरी देने और सातो दिन दुकान खोलने का लाईसेंस प्राप्त दुकानों के लाईसेंस का मानक चैक कर मानको पर खरा नहीं उतरने वाले दुकानों के लाईसेंस निरस्त करने की मांग की है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य यूपी सरकार के पांच बार पूर्व में दिए गए साप्ताहिक मार्केट बंदी के आदेश का पालन नहीं कराने वाले संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## पदाधिकारी ने किया विधायक अमित अग्रवाल मेरठ का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में अग्रवाल महासंघ के तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन जयंती एवं समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। नगर के विभिन्न मार्गों पर दिल्ली बस स्टैंड से बैंडबाजो के साथ महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गई। आगे आगे बैंड की धुन पर अग्रवाल महासंघ अग्रवाल समाज के लोगों ने शोभायात्रा निकाली। युवा अग्रवाल सम्मेलन के पदा. धिकारी ने फूलमालाओं के साथ विधायक अमित अग्रवाल मेरठ का अग्रवाल महासंघ अध्यक्ष के पदा. धिकारियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में गुप्ता मेडिकल स्टोर से वरिष्ठ समाजसेवी हंसराज गुप्ता रामावतार जिंदल रवि कुमार गर्ग प्रवीण गुप्ता संजय गोयल अतुल गुप्ता संजय गर्ग आकाश बंसल एडवोकेट संजय कुमार गर्ग अभिमन्यु गुप्ता बलदेव अग्रवाल एडवोकेट विनोद कंसल राजीव गुप्ता महेश गुर्जर राजीव कुमार गर्ग प्रधान सुनील मित्तल युगवाल किशोर गर्ग विनोद गोयल रवि कुमार गोयल बिट्टू संजय गुप्ता सभी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का वरिष्ठ समाजसेवी हंसराज गुप्ता के नेतृत्व में नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर फूल मालाओं के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

## हॉबी पीरियड से पिलाना का स्कूल बना खुशियों का कैंपस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को श्रीनेहरू इंटर कॉलेज, पिलाना ने शिक्षा के पारंपरिक ढाँचे से आगे बढ़कर एक ऐसी पहल शुरू की है, जो न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता को पंख दे रही है, बल्कि उनके जीवन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास भी भर रही है। सत्र 2024-25 से कॉलेज ने अपनी समय सारिणी में आठवाँ पीरियड हॉबी पीरियड के रूप में जोड़ा है।

इस अनूठे प्रयोग की प्रेरणा गूगल कंपनी के 20 प्रतिशत टाइम मॉडल से ली गई है, जहाँ कर्मचारियों को सप्ताह का कुछ समय अपनी पसंद के रचनात्मक कार्यों पर लगाने का अवसर मिलता है। ठीक उसी तरह, प्रधानाचार्य डा.सत्यवीर सिंह ने विद्यार्थियों के लिए यह अवसर उपलब्ध कराया है, ताकि शिक्षा



किताबों और अंकों से आगे बढ़कर उनके जीवन का सर्वांगीण विकास कर सके।

हर दिन अंतिम पीरियड में कॉलेज का वातावरण बदल जाता है। कोई छात्र खेल के मैदान में दौड़ते हुए अपनी ऊर्जा बाहर निकालता है तो कोई मंच पर गाकर सुरों का जादू बिखेरता है। कोई पेंटिंग और शिल्पकला में रंग भरता है, तो कोई कविता और कहानियों के ज़रिए अपनी कल्पना को आकार देता है। इस दौरान अध्यापक भी बच्चों के साथ रहते हैं और उन्हें प्रोत्साहित करते हैं, जिससे विद्यार्थी खुलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पाते हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि यह हॉबी पीरियड पढ़ाई और परीक्षा के दबाव से राहत देता है। उनका कहना है कि यह प्रयोग बच्चों के तनाव को कम करने और शिक्षा को अधिक रोचक बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगा। निस्संदेह श्रीनेहरू इंटर कॉलेज, पिलाना की यह पहल शिक्षा जगत के लिए एक प्रेरक उदाहरण है। यदि अन्य विद्यालय भी इसे अपनाएँ, तो शिक्षा का वातावरण और अधिक जीवंत, सार्थक और विद्यार्थियों के लिए आनंददायक बन सकता है। वहीं फिनलैंड के हंड्रेड संस्थान के नवाचार विशेषज्ञ अमन कुमार ने बताया कि संस्थान की इस पहल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हंड्रेड के नवाचारों की सूची में स्थान मिलने की संभावना है जिसके लिए संस्थान की इस समुचित गतिविधि का संकलन कर ऑनलाइन नॉमिनेशन भेजा जाएगा।

# गांव में दबिश देने गई पुलिस टीम से मारपीट, फाड़ी वर्दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव वैठ में एक युवक के सोशल मीडिया पर बंदूक लहराने के वीडियो वायरल होने के बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। अवैध हथियार के साथ आरोपी युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ज़ब पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार करने गई तो आरोपीय और उसके परिजनों द्वारा पुलिस टीम पर हमला कर उनकी वर्दी फाड़ दी गई। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।





मिली जानकारी के अनुसार रविवार को गांव वैठ में एक युवक द्वारा अवैध तरीके से हथियार प्रदर्शित करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। अवैध हथियार के साथ वीडियो वायरल होने की सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम गाँव में जांच के लिए पहुंची। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक और उसके परिजनों ने पुलिस के साथ उलझना शुरू कर दिया। यह मामला जल्द ही हाथापाई में बदल गया, जिसमें पुलिस कर्मियों की वर्दी तक फाड़ दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू में किया। पुलिस अधिका. रियों ने पुष्टि की कि वीडियो में युवक अवैध हथियार का प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक समेत अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। नामजद किए गए आरोपियों में सारिक, नवाब, इकरा, अरसी, समीम और अरबाज शामिल हैं। सीओ स्तुति सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले, चाहे वे कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हरिहर चंडी मंदिर में छठे नवरात्र पर हवन-पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** श्री हरिहर चंडी मंदिर समिति द्वारा छठे नवरात्र के अवसर पर मंदिर परिसर में माता रानी का हवन और पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। आज के यजमान अध. ूरी वालों का परिवार अभिषेक मित्तल तथा सुमित मित्तल का परिवार रहा, जिन्होंने माता रानी का श्रृंगार कर हवन में भाग लिया।
पूजन कार्यक्रम का संचालन पंडित गौरव शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया और मां की आरती का गुणगान किया। समिति के अध्यक्ष अखिलेश मित्तल ने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन सुबह और शाम भव्य आरती का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि मां चंडी से जो भी भक्त सच्चे मन से मन्नत मांगता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। मंदिर परिसर में पानी व स्वच्छता की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर समिति की ओर से केशव शर्मा, राहुल मित्तल, फतेहचंद सक्सेना और बृजेश शर्मा सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विधायक ने छात्राओं को वितरित की साइकिल व सिलाई मशीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत रविवार को सदर विधायक नें छात्राओ को साइकिल और जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन वितरित की। इस दौरान सदर विधायक ने छात्राओं और महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुक करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता भी मौजूद रहे।



मिली जानकारी के अनुसार रविवार को सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने मीनाक्षी रोड पर स्थित अपने आवास पर छात्राओं को शिक्षा में मदद करने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक ने 50 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। इसी के साथ विधायक ने जरूरतमंद 25 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन का भी वितरण किया।

इस दौरान देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने छात्राओं व महिलाओं को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक किया। विधायक विजयपाल आढ़ती ने कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। उन्होंने इस वितरण को महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। विधायक ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी छात्राओं और महिलाओं को जानकारी दी।

# डीआईजी ने की मिशन शक्ति की समीक्षा, दिए कड़े निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीआईजी रेंज मेरठ कला. निधि नैथानी द्वारा गूगल मीट के माध्यम से मिशन शक्ति फेज 5.0 की समीक्षा के दौरान, मेरठ परिक्षेत्र के चार जनपदों मेरठ, बुलन्दशहर, बागपत, हापुड़ के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति केन्द्र पर नियुक्त पुलिस कर्मी पीड़िता के आगमन से लेकर उसके मानसिक एवं शारीरिक रूप से पूर्णत सशक्त होने तक 360 काउंसिलिंग, मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करें। पुलिस कर्मियों का पीड़िता के प्रति व्यवहार अच्छा रहे एवं गम्भीरता से उनकी समस्या को सुना जाए।



मिशन शक्ति केन्द्र पर आने वाले प्रत्येक केस को एक यूनिक नम्बर प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि एन्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा चैकिंग में खाना पूर्ति न की जाए, बल्कि स्कूल, कॉलेज, रामलीला मंच, भीड़-भाड़ वाले स्थान पर भ्रमणशील रहकर शोहदों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। डीआईजी ने कहा कि सभी केन्द्र मिशन शक्ति से सम्बन्धित एसआ. ेपी के अनुसार कार्य करें एवं सभी विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही करें। डीजी परिपत्र 38/25 का सभी मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी एवं कर्मचारी भली-भांति अध्ययन कर लें एवं परिपत्र में दिये गये दिशा-निर्देशों का अक्षरश पालन करें। मिशन शक्ति केन्द्र रोस्टर के अनुसार दिन प्रतिदिन की कार्यवाही करें। सभी नोडल अधिकारी अपने अपने कार्यालय में मिशन शक्ति सम्बन्धी पत्रावली प्रचलित करें। पीड़िताओ की सहायता के क्रम में फैमिली कोर्ट, चाइल्ड लाइन, वन स्टॉप सेन्टर, डीपीओ, समाज कल्याण अधिक. ारी आदि से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करें। स्कूल, कॉलेज, विद्यालय आदि में पम्पलेट, फोल्डर का वितरण कर महिलाओं में अधिक से अधिक जन जागरुकता/प्रचार प्रसार किया जाए। अभियान के दौरान जनपद में संचालित वन स्टॉप सेंटर, अनाथालय, नारी संरक्षण गृह आदि का भ्रमण/निरीक्षण किया जाए। सरकार द्वारा प्रदान की जा रही महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, वन स्टॉप सेंटर आदि की जानकारी प्रदान की जाए। विभिन्न विभागों जैसे महिला एवं बाल विकास, युवा कल्याण, माध्यमिक शिक्षा, नगर विकास, संस्कृति, पंचायती, ग्राम विकास, राजस्व, सूचना, जनसम्पर्क, न्याय, परिवहन से समन्वय स्थापित करते हुए जागरुकता फैलाएँ।

# दो लाख के अवैध पटाखे के साथ दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने अवैध पटाखों का भण्डारण करने वाले दो लोगों को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब दो लाख रूपये की कीमत के 50 कार्टून अवैध पटाखे बरामद किए है। बताया जा रहा है कि यह पटाखे दीपावली पर बिक्री कर आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से लाए गए थे। पुलिस ने छापेमारी कर अवैध पटाखों का भंडारण करने वालों के मंसूबों पर पानी फेर दिया।



सदर सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा अवैध पटाखे व विस्फोटक पदार्थ बेचने और भण्डारण करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने मौहल्ला आदर्श नगर कॉलोनी में अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब दो लाख रूपये की कीमत के 50 कार्टून अवैध पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले दो आरोपी आकाश पुत्र रोहताश निवासी जसरुप नगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड और मोी. हत पुत्र महेन्द्र निवासी मौहल्ला आदर्श नगर थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि अवैध पटाखों का भंडारण दीपावली पर बिक्री कर आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से किया गया था। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अगर कोई भी व्यक्ति अवैध पटाखों की बिक्री या भंडारण करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# राम राज्य अर्थात समता मूलक समरस समाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर फगोता की सहायतार्थ श्रीराम कथा में रविवार को रामराज्य की चर्चा करते हुए महाराज ने कहा की राम जब अयोध्या के राजा बने तो उन्होंने चारों वर्ण के लिए एक ही घाट बनाया राजा और प्रजा सभी एक ही घाट पर स्नान करते थे अर्थात राम ने समरसता पूर्ण समाज की स्थापना की समरसता युक्त समाज ही राम राज्य है।
क्षेत्रीय विधायक धर्मेश तोमर ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम विकास समिति सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालयों के माध्यम से सस्ते में संस्कारित शिक्षा देने का काम कर रही है इन विद्यालयों की सहायता के लिए सदा तैयार हूँ । कथा व्यास ने आगे बोलते हुए कहा की भगवान राम ने शबरी को भक्ति का उपदेश देते हुए कहा कि मैं जाति कुल धर्म धन बल किसी को नहीं मानता मैं केवल एक भक्ति के संबंध को मानता हूं और जो मुझे भक्ति के नाते प्रेम करता है। लंका में माँ जानकी की स्थिति को देखकर हनुमान को अपना शिव रूप याद आ गया और उन्होंने अपने कोप से लंका को जला दिया सुन्दर कांड में माँ जानकी हमे संदेश देना चाहती है की मृत्यु का भय होने पर भी हमे अपने सतित्व की रक्षा कैसे करनी चाहिए इसलिए आज हमें अपनी बेटियों को राजा दाहिर पुत्रियों सूर्या, परमाल,हांडा रानी, दुर्गावती, झलकारी बाई व लक्ष्मी बाई की कहानियां सुननी चाहिए। ग्रामविक. ास समिति के महामंत्री पवन गोयल



ने लोगों ने से विद्यालय व समिति से जुड़ने का निवेदन किया तथा नरेंद्र शिशोदिया प्रधान ने सभी भक्तों को कथा में पधारने व कथा के लिए आर्थिक व शारिरिक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कथा में यजमान मनोज शिशोदिया, गजेन्द्र शिशोदिया अन्य लोगों में राजेंद्र तोमर दीपक तोमर बढायला, अकसवीर तोमर, मानवेंद्र, बच्चन सिंह, आशु शर्मा, मोहित राणा, अशोक कुमार मुंशी, आदि लोग

## एक नजर

### सस्ते हलवे-परांठे पर उठे सवाल इंटरनेट मीडिया पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** रामलीला मैदान के बाहर मात्र 100 रुपये प्रति किलो में बिक रहे हलवे-परांठे की एक तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुई है। इस तस्वीर के प्रसारित होते ही लोगों के बीच इसकी खूब चर्चा शुरू हो गई।
लोगों ने सवाल उठाया है कि जब बाजार में घी की कीमत लगभग 550 रुपये प्रति किलो है, तो इतने महंगे घी से बने हलवा-परांठे सिर्फ 100 रुपये किलो में कैसे बेचे जा सकते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि इसका सीधा मतलब यह है कि इसमें मानक सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया गया है। उनका आरोप है कि सस्ता दिखाने के चक्कर में घटिया क्वालिटी से हलवा-परांठा तैयार किया जा रहा है, जो लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे खाद्य पदार्थों की तुरंत जांच कराई जाए और मानकों के विपरीत काम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यह सस्ता भोजन नहीं, बल्कि लोगों को परोसा जा रहा जहर है।

### ऑटो दुर्घटना में दो युवतियां घायल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के हिण्डालपुर गाँव निवासी दो युवतियाँ छह दिन पहले हुई एक ऑटो दुर्घटना में घायल हो गईं। पुलिस ने पीड़िताओं की शिकायत पर ऑटो चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।
यह घटना 23 सितंबर की शाम लगभग साढ़े पाँच बजे की है। मिन्की और अनु नामक युवतियाँ सरस्वती कोचिंग सेंटर से ऑटो में सवार होकर अपने घर लौट रही थीं। आरोप है कि ऑटो चालक ने लापरवाही बरतते हुए वाहन तेज गति से चलाना शुरू कर दिया और अश्लील गाने बजाकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। जब युवतियों ने इसका विरोध किया तो चालक ने और भी खतरनाक ढंग से गाड़ी चलानी शुरू कर दी। धौलाना कट के पास ऑटो ट्रक से टकराने से बाल-बाल बची और अंततः छिजारसी टोल प्लाजा के समीप आकर ऑटो पलट गई। इस हादसे में दोनों युवतियाँ घायल हो गईं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी चालक की तलाश जारी है और शीघ्र ही उसकी गिरफ्तारी की उम्मीद है।

### सदियों पुरानी पुलिस चौकी का होगा जीर्णोद्धार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मुक्ति धाम के रूप में विख्यात ब्रजघाट गंगानगरी में एक सदी से भी पुरानी पुलिस चौकी के जर्जर हो रहे भवन का जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ होने से धार्मिक और सामाजिक संगठनों के साथ ही क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।
अपराधों पर नकेल कसने के साथ ही बदमाशों को कानून का पाठ पढ़ाने के साथ ही ब्रजघाट चौकी प्रभारी धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर भागीदार बनते आ रहे हैं।
जिन्होंने सौ साल से भी पुरानी हो चुकी पुलिस चौकी के जर्जर होते जा रहे भवन का अब जीर्णोद्धार कराने का बीड़ा उठाया है। आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था को पूरी तरह चाक चौबंद कराया जा रहा है, ताकि सर्दी के मौसम में ठंडी हवा और गर्मी के मौसम में तेज धूप के साथ ही बरसात में बारिश से उपयुक्त ढंग में बचाव संभव हो सके। पुलिस कर्मियों से जुड़ीं सुविधाओं को भी चाक चौबंद कराते हुए हवालात को भी साफ सुथरा कराया जा रहा है। ताकि बंदियों को भी कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। पुलिस चौकी को पूरी तरह ग्रीन और क्लीन बनाने के साथ ही शुद्ध पेयजल की सुविधा भी मुहैया कराई जा रही है। बनारस की तर्ज पर हो रही संध्याकालीन गंगा आरती का दायित्व संभाल रही गंगा सभा के संचालक कपिल शर्मा और श्री गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा का कहना है कि चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव द्वारा सौ साल से भी पुरानी हो चुकी ब्रिटिश शासन काल में बनी पुलिस चौकी का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ कराए जाने से गंगानगरी में खुशी की लहर दौड़ गई है। चौकी में जन सुविधाओं का इजाफा होने से गंगानगरी में आने वाले श्रद्धालुओं की शिकायतों पर त्वरित ढंग में सुनवाई और भी पारदर्शी हो जाएगी।

# आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर हिन्दू देवी-देवताओं पर आपत्ति. जनक पोस्ट करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि हापुड़ नगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हिन्दू देवी देवताओं पर आपत्ति. जनक पोस्ट करने वाले आरोपी युवक को नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला टीचर्स कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर हिन्दू देवी-देवताओं पर आपत्ति. जनक पोस्ट करने का एक मामला सामने आया था पुलिस ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक के बारे में जानकारी हासिल की और उसकी तलाश शुरू की। पुलिस ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर हिन्दू देवी-देवताओं पर आपत्ति. जनक पोस्ट करने वाले आरोपी युवक प्रशान्त बोद्ध पुत्र चंचल निवासी मौहल्ला टीचर्स कॉलोनी थाना हापुड नगर जनपद हापुड को मोहल्ला टीचर्स कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक, भड़काऊ और भ्रामक पोस्ट करने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मान्यवर कांशीराम परिनिर्वाण दिवस की तैयारियों पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दस्तोई रोड पर बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती के निर्देश पर, मान्यवर कांशीराम साहब के 19वें परिनिर्वाण दिवस 9 अक्टूबर 2025 के लिए लखनऊ पहुंचने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। 9 अक्टूबर 2025 को लखनऊ में होने वाले परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भागीदारी सुनिश्चित करना। पूर्व जिला अध्यक्ष हापुड़, एडवोकेट केपी सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर मान्यवर कांशीराम साहब को श्रद्धांजलि देने के लिए लखनऊ चलने की अपील की।



बैठक में बसपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिनमें एडवोकेट केपी सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष हापुड़, राज. कुमार सागर जिला सचिव, प्रदीप जाटव जिला संयोजक बीवीएफ, हीरा लाल, संजय बाल्मीकि पूर्व विधानसभा सचिव, श्रीराम गुलाम दिवाकर, बहुजन महापुरुष विचार समिति के पदाधिकारी अजब सिंह और अरुण शामिल थे। एडवोकेट केपी सिंह ने इस अवसर पर मातृ शक्ति के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने माता द्रोपा का विशेष रूप से धन्यवाद किया और इस उम्र में भी उनके जोश और उत्साह की सराहना की। बैठक के समापन पर, दस्तोई रोड के सभी उपस्थित साथियों ने यह आश्वासन दिया कि वे बड़ी संख्या में लखनऊ पहुंचकर 9 अक्टूबर के कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

# सूर्पनखा प्रसंग से सीता हरण तक के जीवंत दृश्यों ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** श्रीरामलीला समिति रजिस्टर्ड 2025 हापुड़ के तत्वावधान में भव्य श्रीरामलीला मंचन का शुभारंभ समिति के प्रधान विनोद वर्मा, महामंत्री उमेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष शुभम गोयल एडवोकेट सहित अन्य पदा. धिकारियों द्वारा श्रीराम की आरती कर किया गया।



मंचन के दौरान कथा व्यास पवन देव चतुर्वेदी महाराज ने पंचवटी प्रसंग का जीवंत चित्रण करते हुए बताया कि जब भगवान श्रीराम पंचवटी में निवास करने लगे, तभी राक्षसी सूर्पनखा का आगमन हुआ। लक्ष्मण द्वारा बार-बार समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने क्रोधित होकर उसका नाक-कान काट दिया। आहत सूर्पनखा अपने अनुज खर-दूषण के पास पहुंची और शिकायत की। इसके बाद खर-दूषण 14,000 की विशाल सेना लेकर युद्ध को आया, किंतु श्रीराम ने एक ही मोहिनी बाण से उनका संहार कर दिया। माता सीता ने उस मृग की छाल लाने की इच्छा व्यक्त की, जिससे रामजी उसके पीछे गए। मारीच मरते-मरते राम की आवाज लगाता हुआ उन्हें दूर ले गया। उसी अवसर पर रावण साधु का वेश बनाकर आया और छल से माता सीता को लक्ष्मण रेखा पार करवाकर उनका अपहरण कर लंका ले गया। मंचन के दौरान समिति के संरक्षक अनिल आजाद, रतनलाल नैन, देवेंद्र अग्रवाल, डीके, मीडिया प्रभारी वरुण गोयल, रामकुमार गर्ग, नवीन गुप्ता, विमल वर्मा, केशव वर्मा, हरिप्रकाश जिंदल तथा ऋतिक त्यागी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# दबंगों की धमकी से खौफजदा युवक पुलिस सुरक्षा में पहुंचा कब्रिस्तान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अपने पैतृक गांव सिखैड़ा में आने पर दबंगों द्वारा जान से मारने की धमकी मिलने से बुरी तरह भयभीत चल रहे युवक को पुलिस की सुरक्षा के बीच दिवंगत चाचा के दफीने में शिरकत करनी पड़ी।
सिंभावली क्षेत्र के गांव सिखैड़ा का शेरू दबंगों की धमकी से भयभीत होकर परिवार के साथ पिछले कुछ दिनों से हापुड़ में रह रहा है। जिसके चाचा यासीन का बीमारी से मौत होने की खबर मिलते ही शेरू बुरी तरह व्याकुल होकर पैतृक गांव में आने की तैयारी करने लगा। परंतु इसी बीच उसे उन दबंगों की धमकी याद आ गई, जिन्होंने गांव में आने पर मौत के घाट उतारने की बात कही हुई है। शेरू ने अपनी जान को खतरा भांपते हुए एसपी कार्यालय में शिकायत पत्र दिया। जिसमें उल्लेख किया गया कि पीड़ित गांव के कुछ दबंग लोगों ने ग्राम समाज की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है। जिसको लेकर उसने संबंधित विभागों के अधिकारियों से शिकायत की थीं, जिनका पता लगने पर नाराज हुए दबंगों ने गांव में आने पर उसे जान से मारने की धमकी दी हुई हैं। शेरू ने यह भी उल्लेख किया घकि गांव में विवाद होने पर उसने कई दबंग लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी रंजिश में दबंग लोग उसकी जान के पीछे पड़े हुए हैं। इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि सिखैड़ा निवासी शेरू ने अपनी जान को खतरा बताकर एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया था। जिसके आधार पर पुलिस सुरक्षा के बीच उसे गांव में लाया गया, जहां वह अपने दिवंगत चाचा यासीन के दफीने में शिरकत करने के बाद कुछ देर के लिए घर होकर हापुड़ के लिए लौट गया।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्रीय विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया ने रविवार को ब्रजघाट गंगानगरी के वृद्धाश्रम का दौरा कर व्यवस्था परखते हुए बेसहारा बुजुर्गों का हाल चाल जानते हुए दुर्ख दर्द भी बांटा। ब्रजघाट गंगानगरी के भागीरथी वृद्धा आश्रम का विधायक ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां रहने वाले बेसहारा बुजुर्गों को मिल रहीं जन सुविधाओं के साथ ही उनके खानपान और देखरेख के विषय में बड़ी बारीकी से जांच पड़ताल की। इसके उपरांत अपनों के दुत्कारे बुजुर्गों से भेंट करते हुए उनका हाल चाल जानते हुए दुख दर्द भां बांटा। इस दौरान वृद्ध आश्रम के सदस्य धर्मपाल सिंह चौहान, गंगा सेवा समिति अध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा, आशीष समेत कई लोग मौजूद रहे।

# नौ अक्टूबर से प्रदेश के 75 जिलों में ट्रेड शो

## राकेश सचान बोले, खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि विचार है, उद्यमियों को मिलेगा नि:शुल्क स्टॉल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी स्लैब में कटौती के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने उद्यमियों को बड़ा तोहफा दिया है। खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने घोषणा की कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में 9 से 16 अक्टूबर तक आठ दिवसीय ट्रेड शो आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में उद्यमियों को निशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि वे अपने उत्पादों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर सकें। यह घोषणा मंत्री ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के चौथे दिन "खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन" विषय पर आयोजित सेमिनार में की।




राकेश सचान ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद पहली बार इतने बड़े स्तर पर सुधार किया गया है, जिससे एमएसएमई सेक्टर को नई ऊर्जा मिली है। पहले केवल मंडल स्तर पर ट्रेड शो आयोजित होते थे, लेकिन यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की सफलता को देखते हुए सरकार ने इसे अब जिला स्तर पर भी ले जाने का निर्णय लिया है। इन शो में खादी, टेक्सटाइल, ODOP समेत सभी सेक्टर के उद्यमी भाग लेंगे।

अधिकारियों को इसके लिए उपयुक्त स्थान तय करने के निर्देश दे दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि खादी के उत्पादन और शोरूम की संख्या घटने पर सरकार गंभीर है। इस पर विशेषज्ञों और स्टेकहोल्डर्स से लगातार विमर्श हो रहा है। युवाओं को खादी से जोड़ने के लिए विश्व. विद्यालयों में खादी शोरूम खोलने की योजना पर भी विचार किया जा रहा है।

**पर्यावरण व स्वास्थ्य के लिए बेहतर है खादी:** राकेश सचान ने कहा कि बाजार में उपलब्ध अधिकांश कपड़े पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक हैं, जबकि खादी पूरी तरह शुद्ध और सुरक्षित है। उन्होंने खादी को महंगा मानने की धारणा को गलत बताते हुए कहा कि अन्य कपड़ों की तुलना में खादी सस्ती है।

**दोगुनी हुई खादी की बिक्री:** मंत्री ने बताया कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यभार संभाला है, तब से खादी को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। प्रधानमंत्री लगातार खादी को डिजाइन और तकनीक से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप बीते वर्षों में खादी की बिक्री दोगुनी से अधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

# नोएडा प्राधिकरण शहरी गांव को मॉडल बनाएगा, तैयारी शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर की सड़क-गलियों में ओवर फ्लो होता सीवर का गंदा पानी, बजबजाती नाली, जगह जगह फैला पसरा कचरा, हर तरफ सिर्फ गंदगी ही गंदगी। यह पहचान नोएडा के तमाम गांव की बन चुकी है। इस छवि से शहरी गांव को बाहर निकालने की दिशा में नोएडा प्राधिकरण ने काम शुरू कर दिया है। निर्णय लिया है कि नोएडा शहर को बसाने में जमीन देने वाले 81 गांव को अब माडल रूप में विकसित किया जाएगा। इसकी कार्ययोजना तैयार कर शहरी गांवों में सुनियोजित विकास का खाका खींचा गया है, इस पर जल्द शुरू होने जा रहा है।

प्राधिकरण ने तर्क दिया है कि नोएडा प्रदेश का शो विंडो इसकी पहचान वैश्विक पटल पर बन चुकी है। ऐसे में शहर के गांव भी साफ सुथरे, सुंदर व आकर्षित दिखने चाहिए। हालांकि प्रतिवर्ष गांव के विकास पर 125 करोड़ रुपये प्राधिकरण खर्च कर रहा है लेकिन यह खर्च नाकाफी साबित हो रहा है। इसलिए चरणबद्ध तरीके से गांवों का विकास किया जाएगा, चूंकि गांव पूरी तरह से विक. सित हो चुके है। यहां पर अनियोजित विकास है। इसलिए यहां पर सीवर लाइन नई बिछाने की जगह प्रत्येक गांव का अपना सीवरेज पंपिंग स्टेशन (एसपीएस) होगा। इससे गांव की संकरी गलियों व सड़कों पर सीवर का पानी जमा नहीं होगा। संपवेल के इस्तेमाल से वह बाहर निकलकर सीव. रेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तक चला जाएगा, चूंकि संकरी हो चुकी गलियों व सड़कों को खोद का अधिक क्षमता की सीवर लाइन को नहीं डाला जा सकता। इसलिए डाली गई सीवर लाइन को ही दुरुस्त कर काम चलाया जाएगा। इसके अलावा गांव में जल आपूर्ति की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक गांव का अपना अलग से यूजीआर (भूमिगत जलाशय) होगा। इसे सेक्टरों व सोसायटी से पूरी तरह अलग कर दिया जाएगा। इससे गांव के लिए अलग से पानी की आपूर्ति होगी, क्योंकि आने वाले समय में प्राधिकरण सेक्टर व सोसायटी में पानी के मीटर के हिसाब से जल बिल का भुगतान कराने जा रहा है। इसके अलावा सीवरेज पर 25 प्रतिशत शुल्क लिया जाएगा। इसलिए यह व्यवस्था अगले से करनी पड़ेगी। इसके लिए प्रथम चरण में उन 15 से 17 गांव को शामिल किया गया है, क्योंकि इनकी हालत काफी दयनीय है। इसमें हरौला, भंगेल, झुंडपुरा, मोरना, छिजारसी, सोहरखा, सलारपुर, मामूरा, सदरपुर, गढ़ी शहदरा, अट्टा, नया बास, वाजितपुर, छलेरा, मामूरा, सदरपुर, बसई, सोहरखा, सर्फाबाद को शामिल किया गया है।

# युवक ने खुद के अपहरण का रचा षड्यंत्र, मांगी 20 लाख की फिरौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक युवक ने अपने अपहरण की झूठी कहानी रची और अपने परिजनों को फोन करके 20 लाख रुपये की रंगदारी भी मांग ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू की तो पूरा मामला खुलकर सामने आ गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने अपने दोस्तो से रुपये लिए थे। जिसके बाद वह ऑनलाइन गेम में 4 लाख 70 हजार रुपये हार गया था। अपने परिजनों से रुपये एठने के लिए उसने अपने ही अपहरण की झूठी कहानी रची थी।

**20 लाख रुपये की मांगी थी रंगदारी:** नोएडा की फेस-2 थाना पुलिस के अनुसार, दिनांक 24 सितंबर को सूचना मिली थी कि कासगंज का रहने वाला आशाराम बीती 2 सितंबर को फेस-2 थाना क्षेत्र के नयागांव में अपने जीजा के पास आया था। जिसके बाद वह वह 17 सितंबर को अपने घर वापस जाने के लिए गया था, लेकिन घर नही पहुंचा। 21 सितंबर को आशाराम के छोटे भाई के मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके उसके भाई का अपरहण कर लिये जाने की सूचना दी गई थी और फिरौती में 20 लाख रूपये की मांग की गयी थी। इस मामले के खुलासे के लिए फेस-2 की पुलिस टीम का गठन किया गया था। जांच कर रही पुलिस टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से अपने अपहरण की झूठी सूचना देने वाले आशाराम को गांव बद्दी, थाना बद्दी, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश से सकुशल तलाश करके गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपी आशाराम ने पूछताछ में बताया गया कि वह ऑनलाइन गेम खेलता है और गेम में रूपये लगाता है। उसने अपने दोस्तो को मजबूरी बताकर पैसे उधार लिये थे। जिन्हे वह ऑनलाइन गेम में 4,70,000 रूपये हार गया था। जिसके बाद वह 17 सितंबर को वह अपने जीजा के पास से घर जाने के लिये कहकर चला गया और दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर आरोपी ने अपने घर वालो से पैसे एठने के लिये योजना बनायी। वह दिल्ली से हिमाचल राज्य चला गया तथा ग्राम काथा गांव में एक कमरा किराये पर लेकर रह रहने लगा था। आरोपी पहले भी हिमाचल राज्य में रहकर नौकरी कर चुका है. इसके बाद आरोपी ने अपने मोबाइल फोन से व्हाट्सएप के द्वारा अपने छोटे भाई के मोबाइल सम्पर्क करके ऐसा दिखाया कि जैसे कुछ लोगों द्वारा उसका किडनेप कर लिया है. आरोपी ने खुद के मुंह व हाथ-पैर बांधकर फोटो भेजे और अपने परिजनों से 20 लाख रूपये की मांग की।

**हाथ-पैर बांधकर फर्जी फोटो भेजी:** पुलिस पूछताछ में आरोपी आशाराम ने बताया कि उसने सोचा था कि गांव में उनकी 6 बीघा जमीन पड़ी है। उसके परिजन उस जमीन को बेचकर पैसों का इंतजाम कर देगे। आरोपी अपहरणकर्ता बनकर अपने छोटे भाई को अपनी मुंह पर बंधे रूमाल की फोटो बनाकर व मैसेज भेजकर घरवालो को धमकी देकर डराने व धमकाने लगा और पैसो की डिमान्ड करने लगा. आरोपी के छोटे भाई ने डर की वजह से यूपीआई के माध्यम से 5,000 रूपये भी ट्रासंफर कर दिए थे। इस दौरान पुलिस आरोपी के पास से 5 एटीएम कार्ड और 1 आधार कार्ड बरामद किया है।

# सोने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

## कम कीमत में नकली आभूषण बेचता था, 61 कंगन, 71 अंगूठी, 26 मंगलसूत्र बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर थाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने नकली सोने के आभूषणों को असली बताकर लोगों को ठगने वाले फर्जी सुनार पंकज कपूर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को गाजियाबाद के इंदिरापुरम से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पीली धातु और चांदी जैसे दिखने वाले नकली आभूषणों का भारी जखीरा बरामद किया है। इसमें 61 कड़े व कंगन, 71 अंगूठी, 25 गले की चेन, 26 मंगलसूत्र व हार शामिल हैं। इसके अलावा 50,500 रुपये नकद और एक इलेक्ट्रॉनिक टैग प्रिंटर मशीन भी जब्त की गई। बरामद नकली आभूषणों की कीमत लाखों में आंकी जा रही है।



पुलिस के अनुसार, पंकज कपूर ने ग्रेटर नोएडा के पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट में श्देवी ज्वैलर्सश के नाम से दुकान खोली थी। वह भोले-भाले ग्राहकों को कम कीमत में शुद्ध सोने के गहनों का लालच देकर नकली आभूषण बेचता था। आरोपी नकली गहनों पर शुद्धता की झूठी मुहर लगाकर ग्राहकों को ठगता था।

मार्च 2025 में आरोपी ने एक ग्राहक की 28 ग्राम सोने की चेन गिरवी रखी और बाद में उसे वापस करने से मना कर दिया। अप्रैल में उसने एक अन्य व्यक्ति को 15 लाख रुपये में नकली सोने के बिस्कुट और हार बेच दिए। धोखाधड़ी का यह सिलसिला जारी रहने पर पंकज कपूर ने अपनी पहली दुकान बंद कर सेक्टर-142 में भी श्देवी ज्वैलर्सश के नाम से दूसरी दुकान खोली। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी न तो स्वर्णकार है और न ही उसके पास वैध लाइसेंस या जीएसटी पंजीकरण है। पुलिस के मुताबिक, उसके खिलाफ सूरजपुर और सेक्टर-142 थानों में धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने में पंकज कपूर पर गैंगस्टर एक्ट सहित धोखाधड़ी के सात अन्य मामले पहले से दर्ज हैं।

## शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर स्थित एच.एस. गार्डन में रविवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई। इस अवसर पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र भाटी ने की और संचालन जिलाध्यक्ष प्रेम प्रधान ने किया। संगठन के कोषाध्यक्ष हरीश भाटी ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिला कार्यकारी अध्यक्ष रवि भाटी ने कहा कि भगत सिंह आज भी देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनका बलिदान देशहित में कार्य करने और भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा देता है।

# ट्रेड शो ने रोजगार के नए द्वार खोले : राज्य सूचना आयुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** राज्य सूचना आयुक्त वीरेन्द्र सिंह वत्स ने रविवार को ग्रेटर नोएडा के अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो में विभिन्न विभागों के स्टाल देखे। उन्होंने कहा कि ट्रेड शो का बढ़ता आकार और जनता की बढ़ती भीड़ नई उम्मीद जगाने वाली है। ट्रेड शो में प्रदर्शित नए-नए उत्पाद रोजगार के नए द्वार खोल रहे हैं।

राज्य सूचना ने कहा कि ट्रेड शो परिसर में आने वाली अधिकतर भीड़ युवा है, जिसकी आँखों में भविष्य के सुनहरे सपने हैं और मन में आगे बढ़ने का संकल्प। विभिन्न स्टालों पर भी युवाओं की संख्या अधिक है जो यह बताती है कि युवा उद्यमी केन्द्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न रोजगार योजनाओं के बल पर सफलता की नई कहानी लिख रहे हैं। राज्य सूचना आयुक्त ने ट्रेड शो परिसर में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश पुलिस, पर्यटन, नमामि गंगे, ओडीओपी, नोएडा प्राधिकरण, जेसीएस हनी तथा विभिन्न कार कंपनियों के स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ट्रेड शो की अवधि बढ़ाई जानी चाहिए ताकि इसका फायदा ज्यादा लोगों तक पहुंच सके।



## एक नजर

### महिला को दवा के बहाने जहर देने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के जेवर में एक महिला को दवा के बहाने जहर देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने महिला के ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ शनिवार देर रात मामला दर्ज किया है। महिला अस्पताल में भर्ती है और उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता के पिता देवेंद्र कुमार, निवासी दयानतपुर, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी नंदिनी की शादी आर एंड आर कॉलोनी में रहने वाले आशीष से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि आशीष के अन्य महिलाओं से अवैध संबंध हैं और वह नंदिनी को लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा है। पिता के मुताबिक, शनिवार को ससुरालियों ने नंदिनी को दवा देने के बहाने जहर पिला दिया। हालत बिगड़ने पर उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। जेवर थाना पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर पति आशीष सहित पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

### एयरपोर्ट से प्रभावित युवाओं ने मांगा स्थायी रोजगार

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट परियोजना से प्रभावित युवाओं ने स्थाई रोजगार की मांग को लेकर आवाज बुलंद की है। युवाओं का आरोप है कि वे लंबे समय से रोजगार की मांग कर रहे हैं लेकिन प्रशासन की ओर से कोई सहायता नहीं की गई। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उन्होंने कई बार प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष जाकर अपनी समस्या साझा की। हर बार आश्वस्त किया जाता है लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। आगे कहा कि भूमि अधिग्रहण नीति के तहत रोजगार देने का स्पष्ट प्रावधान है। इसके बावजूद कंपनियां सिर्फ जमीन ले रही हैं। रोजगार देने की बात ठंडे बस्ते में डाल दी गई है। विस्थापित युवाओं का कहना है कि अब वे अपनी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की तैयारी कर रहे हैं। मांगें पूरी न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। इस मौके पर अनंत कुमार, भूपेंद्र शर्मा, चांद अली, फिरोजुद्दीन, जितेंद्र कुमार, नसीरुद्दीन शर्मा, सौरभ, उमाशंकर, हरपाल, शुभम, विनीत कुमार, ध्रुव कापड़ी, विशाल सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

### लिफ्ट में शॉर्ट सर्किट से भरा धुआं

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर 74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी के टावर सीएस 6 की लिफ्ट में शनिवार शाम को शॉर्ट सर्किट हो गया। इस वजह से लिफ्ट में बहुत धुआं भर गया। हालांकि गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। रविवार की दोपहर को लिफ्ट ठीक हो सकी।

सोसाइटी निवासी नवीन दुबे ने बताया कि सोसाइटी में लिफ्टों का रखरखाव के लिए बड़ा शुल्क जाता है इसके बाद भी लिफ्टों का रखरखाव उचित तरीके से नहीं होता है। लिफ्ट से संबंधित घटनाएं होती रहती हैं। उत्तर प्रदेश में जनवरी 2025 से लिफ्ट एक्ट लागू होने के बाद भी यहां लिफ्टों की हालत बदतर है। शनिवार को हुई इस घटना के बाद से टावर सीएस 6 सहित पूरी सोसाइटी के निवासियों में रोष है। घटना के संबंध में लिफ्ट मेंटेनेंस कंपनी, फैसिलिटी कंपनी और सोसाइटी की एओए जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। प्रदेश सरकार ने लिफ्ट एक्ट लागू कर दिया है लेकिन उसके लिए कोई भी ऐसा विभाग नहीं बनाया है जो इसकी नियमित जांच करे। इससे पहले भी नोएडा में लिफ्ट गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है।

### मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों और गुणवत्ता की अनदेखी करने वाले होटल व रेस्टोरेंट संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। अगले महीने दशहरा, धनतेरस और दिवाली का त्योहार है। मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदार लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न करें, इसके लिए जिला प्रशासन ने योजना बनाई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीमें शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अभियान चलाकर मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों से नमूने एकत्र करेंगी। यदि एकत्र किए गए नमूने जांच में फेल पाए जाते हैं, तो आरोपी दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीमें स्कूल, कॉलेज और छात्रावासों में कैंटीन का भी निरीक्षण और नमूने एकत्र करेंगी। होटलों और रेस्टोरेंट का विशेष निरीक्षण किया जाएगा। मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया जाएगा और बिना लाइसेंस के संचालित होने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे ने खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान को गंभीरता से चलाने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश कुमार मिश्रा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र द्विवेदी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# रूस और अफ्रीकी देशों से वुड कार्विंग के कारोबारियों को मिल रहे अच्छे ऑर्डर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आए सहारनपुर के वुड कार्विंग के कारोबारियों को रूस और अफ्रीकी देशों का अच्छा साथ मिल रहा। कारोबारियों का दावा है कि इन देशों से उन्हें इस बार अच्छे आर्डर मिल रहे हैं। अमेरिकी टैरिफ के बाद अब उन्हें नए बाजार की तलाश भी है। साथ ही उनका माननाा है कि इस बार उन्हें दो सौ करोड़ से अधिक के आर्डर मिलने की उम्मीद है। वहीं, माल की डिलीवरी होने के बाद इन देशों से और अधिक आर्डर भी मिल सकते हैं। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सहारनपुर के वुड कार्विंग उद्योग से जुड़े कारोबारियों के तीस से अधिक स्टॉल हैं।

इन स्टॉलों पर विदेशी खरीदार बड़ी संख्या में आ रहे। विदेशी खरीदार जो लकड़ी के नक्काशीदार फर्नीचर, शीशे, फोटो फ्रेम, क्राकरी, वॉल हैंगिग और अन्य सजावटी सामानों को खासा पसंद कर रहे हैं और उनके आर्डर भी दे रहे। सहारनपुर वुड कार्विंग एसोसिएशन के जरनल सेक्रेटरी और लियो इंटरनेशनल के संचालक परविन्द्र सिंह ने कहा कि अब तक अमेरिका को करीब 40 से 45 प्रतिशत का निर्यात होता था, लेकिन निर्यात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगने से वहां के बाजार से झटका लगा है और क्रिसमस के लिए मिले ऑर्डर रोक दिए गए हैं। इस ट्रेड शो में एक अच्छा संकेत भी मिला है और रूस के बाजार में उनकी दमदार उपस्थिति होने जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बार रूस, साउथ अफ्रीकी देश, इंडोनेशिया और तुर्किये समेत अन्य देशों से भी अच्छे आर्डर मिल रहे हैं। उम्मीद है कि इन देशों से दो सौ करोड़ से अधिक के आर्डर वुड कार्विंग से जुड़े कारोबारियों को मिलेंगे। उनके यहां पर ही बीते चार दिनों में 50 से अधिक विद. ेशी कारोबारी आर्डर देने के लिए आ चुके। वहीं, वुड कार्विंग कारोबारी संजीव साहनी, अनवार आदि ने बताया कि साउथ अफ्रीकी देशों और रूस से ग्राहक उनके स्टॉल पर आ रहे हैं और आर्डर दे रहे हैं। इसके अलावा गोवा और दक्षिण भारतीय राज्यों से भी आर्डर मिल रहे हैं। इसका लाभ हस्तशिल्पियों को भी मिलेगा और उनका हुनर अन्य बाजारों में भी पहुंच सकेगा। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि अमे. रिकी टैरिफ ने वुड कार्विंग से जुड़े लोगों को बड़ा झटका दिया है, जिसको देखते हुए सरकार को इस इंडस्ट्री के लिए राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। युद्ध के चलते कारोबार पर असर पड़ा वुड कार्विंग उद्योग से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका के टैरिफ वार से झटका लगा है। साथ ही ईरान-इजरायल संघर्ष ने भी वुड कार्विंग उद्योग पर असर डाला हैं। इससे वुड कार्विंग उद्योग का निर्यात 60 प्रतिशत तक कम हुआ है। सहारनपुर से तैयार माल का करीब 15 फीसदी हिस्सा ईरान समेत अन्य गल्फ देशों में जाता है, लेकिन मौजूदा हालात के चलते कारोबार ठप पड़ गया है। इतना ही नहीं, अमेरिका के टैरिफ बढ़ने की वजह से अधिकांश ऑर्डर होल्ड पर हैं। दुनिया भर में मशहूर हैं सहारनपुर का वुडन कार्विंग मुगलकाल से ही सहारनपुर का वुड कार्विंग उद्योग भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में अपनी बारीक नक्काशी और लकड़ी पर हाथ के हुनर के लिए जाना जाता है। यहां कारीगर लकड़ी पर सुंदर डिजाइन बनाकर तरह-तरह के फर्नीचर और सजावटी सामान तैयार करते हैं।

# पंचायत में चली गोली, प्लॉट के विवाद को सुलझाने बैठे थे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कोतवाली दादरी क्षेत्र के रामपुर फतेहपुर गांव में प्लॉट के विवाद को लेकर चल रही पंचायत में कहा. सुनी के बाद मारपीट हो गई। कहा. सुनी के बाद दोनों पक्षों में फायरिंग हो गई। फायरिंग में दो लोग गोली लगने से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच में लगी है।

प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि कोतवाली दादरी क्षेत्र की रामपुर फतेहपुर गांव में तेजवीर फौजी व भरत सिंह परिवार के साथ रहते हैं। भारत सिंह ने एक प्लॉट को मायचा गांव निवासी विकल को बेच दिया था। प्लॉट पर कब्जा लेने को लेकर कई बार वार्ता की गई थी। लेकिन कब्जा नहीं मिलने पर रविवार को रामपुर फतेहपुर गांव में दोनों पक्षों की पंचायत चल रही थी। पंचायत में कहासुनी होने पर गाली गलौज हो गई। गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों द्वारा आपस में फायरिंग की गई। फायरिंग होने के दौरान अशोक के पैर में और सोमेंद्र के हाथ में गोली लग गई। गोली चलने पर पंचायत में हलचल मच गई। गोली लगने से घायल होने पर उनको उपचार के लिए ले अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की गहनता से जांच में लगी है।

# नौ साल से रजिस्ट्री कराने के लिए संघर्ष कर रहे निवासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नौ साल से सोसाइटीवासी रोजाना रजिस्ट्री करवाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हर बार रजिस्ट्री जल्द शुरू करने का केवल भरोसा दिया जाता है लेकिन वह दिन अब तक नहीं आया है। निवासियों ने जिदंगी भर कमाई की घर खरीदने में लगा दी इसके बाद भी उन्हें मालिकाना हक नहीं मिल पाया। रविवार को साइट सी की शिवालिक होम्स सोसाइटी के निवासियों ने अमर उजाला संवाद में ऐसे ही तममा अन्य मुद्दे उठाए। उन्होंने बताया कि अब तक सीवर लाइन का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। लंबे समय से काम चल रहा है। हर बार छह माह में कार्य पूरा होने की बात कह दी जाती है लेकिन कुछ भी धरातल पर नहीं हो रहा है। निवासियों ने बताया कि सोसाइटी के बाहर की सड़कों के हाल खराब है। कई बार यूपीसीडा के अधिकारियों के साथ ही प्राधिकरण के जिम्मेदारों तक इसकी जानकारी पहुंचाई गई लेकिन कुछ बदलाव नहीं हुआ। अंडरपास में पानी भर जाने के कारण लोगों को सोसाइटी में कैद होना पड़ता है। आरोप है कि सुरक्षा के नाम पर सोसाइटी में कोई व्यवस्था तक नहीं है। कोई भी जगह पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाएं गए हैं। सोसाइटी में मेंटेनेंस देने के बाद भी सफाई से लेकर हर अन्य सुविधाएं धड़ाम हो चुकी हैं। बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण सोसाइटी का इंफ्रा कमजोर होता जा रहा है।

**क्लब हाउस से लेकर कोई सुविधा नहीं:** निवासियों ने बताया कि जब वह फ्लैट ले रहे थे तो उन्हें कई सपने दिखाएं गए थे,लेकिन कोई भी सपना अब तक पूरा नहीं किया गया है। अब तक क्लब हाउस नहीं मिल पाया है।

# निषाद मिलन और केवट संवाद पर भावुक हुए दर्शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 नोएडा द्वारा आयोजित श्री रामलीला मंचन के सप्तम दिन मुख्य अतिथि के रूप में गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा व भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल जबकि गरिमामय उपस्थित में नोएडा प्राधिकरण के ओ.एस.डी अरविंद कुमार नियोजन विभाग की महाप्रबंधक श्रीमती मीना भार्गव आवासीय भूखंड के सहायक महाप्र. बंधक श्री संजीव बेदी, प्रबंधक आलोक अग्रवाल, सुधीर यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर आज की लीला की शुरुआत की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर श्रेयांश जैन,राकेश यादव,विजय राणा, व परविंदर भाटी दिनेश भाटी,शामिल हुए।




इस अवसर पर सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि श्री राम के चरित्र का वर्णन शब्दों में तो हो ही नहीं सकता श्री राम अत्यंत शक्तिशाली थे किंतु उन्होंने कभी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग नहीं किया तथा युद्ध में भी उन्होंने सदा मर्यादाओं का पालन किया हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा की माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। सारी प्रजा तथा परिवार को छोड़कर श्री राम ने जंगलों का रास्ता अपनाया और दुनिया को संदेश दिया की माता-पिता की आज्ञा के सामने हर वस्तु तुच्छ है। आयन समिति के वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन व कुमारी पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल महासचिव गिरिराज अग्रवाल वी आयोजन समिति के सभी लोगों के द्वारा आए हुए अतिथियों का स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंग वस्त्र के द्वारा सम्मान किया गया।

उपस्थित मुख्य लोगों में संजय अवाना, संजय सिन्हा ,सुशील कुमार गुप्ता, नवीन सोनी, दीपक बंसल, तनुज गुप्ता ,रामवीर यादव, संजय विकल, ललित सिंगल, भरत प्रधान ,सुभाष भाटी, सुमित खारी ,विनोद गोयल, प्रदीप शर्मा, एडवोकेट नीरज भाटी, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मिस्त्री पर कार चोरी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-68 में ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले कारोबारी की कार चोरी हो गई। उसने पूर्व में कार की मरम्मत करने वाले मिस्त्री पर चोरी का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर फेज-तीन थाने में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दिलीप त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि उनकी पिछले दिनों टाटा ऐस मॉडल की कार चोरी हो गई। इसी बीच सुपरवाइजर के पास पूर्व मिस्त्री अवधेश का फोन आया कि कार उसके पास है। वह और उसके जीजा कार को लेकर आए थे। दोनों गांव में कार को चला रहे हैं। दिलीप ने बताया कि दो साल पहले तक अवधेश उनके पास मिस्त्री का काम करता था, लेकिन वह वाहनों के पाट्‌र्स और साइलेंसर चोरी कर बेचता था।

चोरी का पता करने पर अवधेश को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। इसी नाराजगी में उसने कार्यालय के बाहर खड़ी कार को निशाना बनाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर अवधेश और उसके जीजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**सूचना**

सर्व साधारण से को सूचित किया जाता है कि जनपद गौतम बुध नगर कमिश्नरेट के थाना सेक्टर 58 नोएडा पर खड़े 399 दुपहिया व चार पहिया वाहनों की नीलामी दिनांक 29.9.2025 को की जाएगी नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति निर्धारित दिनांक को थाना सेक्टर 58 में पहुंचे।

**प्रभारी निरीक्षक**
थाना सेक्टर 58 नोएडा
कमिश्नरेट गौतम बुध नगर
मोबाइल नंबर 8595902535

# एंटीरोमियो मिशन शक्ति टीम ने किया नगर में भ्रमण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा आपरेशन मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत एंटीरोमियो मिशन शक्ति टीम ने मां श्री त्रिपुर बाला सुंद. री मंदिर, खाटू श्याम मंदिर, एमबीडी चौक, मैन बाजार सहित अन्य क्षेत्रों को भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग की गई।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा, एंटीरोमियो मिशन शक्ति टीम ने नगर के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं और लड़कियों को सम्मान एवं स्वावलंबन को चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने एक महिला की शिकायत पर एक मामला भी कोतवाली में दर्ज कराया। इस दौरान जहां साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया वहीं लोगों को सरकार द्वारा जारी हैल्पलाइन नबंर1090, वूमेन पॉवर, साइबर अपराध सूचना 1930, एंबुलेंस सेवा 108, पुलिस आपातकालीन सूचना 112 सहित मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी दी गई। **उधर,** चोरी हुई ई-रक्शा को बरामद कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जेल पुलिस चौकी प्रभारी रविंद्र कसाना ने चोरी हुई ई-रक्शा को 24 घंटे के अंदर बरामद कर ग्राम डेहरा निवासी कल्लू पुत्र कर्ताराम को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई प्रारंभ की।

**■ ई-रक्शा को बरामद कर आरोपी को भेजा जेल**

# पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष गूंजे। पथ संचलन का जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ।

रेलवे रोड क्षेत्र में आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाला गया पथ संचलन विभिन्न मार्गों से गुजरा। प्रांत संपर्क प्रमुख वेदपाल ने कहा कि वर्ष 1925 से प्रारंभ हुई संघ की सफल यात्रा अपना 100वें वर्ष में पहुंच गई है। कहा कि समाज और राष्ट्र को शक्ति प्रदान करने वाले पांच स्तंभों को पंच परिवर्तन कहा गया है। जिसमें समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। इन पांच आयामों के माध्यम से शताब्दी वर्ष में संघ का प्रत्येक स्वयं सेवक समाज परिवर्तन में सहभागी बन रहा है। योगेंद्र गोयल, लक्की भाटिया, राजेश अनेजा, डा. विकास, धर्मेश, विपिन, गजराज राणा, रितिक शर्मा, बिजेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे। उधर, बास्तम गांव में सहजिला कार्यवाह विनय शर्मा व खंड संचालक पुनीत राणा के नेतृत्व में पथ संचलन हुआ। बजरंग दल नेता विकास त्यागी, भाजपा नेता कुलदीप त्यागी, सचिन कुमार, अनिल कुमार प्रधान, विनय कुमार मौजूद रहे। चंद. ेना कोली गांव में आयोजित पथ संचलन में मा. हरपाल सिंह, राजदीप, सुनील, सूर्य प्रकाश दीक्षित, सुनील कुमार, डा. बोबी, रामकुमार शर्मा शामिल रहे।



# लव जिहाद व धर्मांतरण की पीड़िता का उत्पीड़न करने की निंदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जनपद देवरिया में लव जिहाद व धर्मांतरण की पीड़िता का उत्पीड़न व चरित्र हनन करने का प्रयास करने वाले सपा नेता की हिंदू जागरण मंच की बैठक में कड़ी आलोचना करते हुए प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की हैं।

हिंदू जागरण मंच के पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी अमित धीमान ने कहा कि जिस प्रकार से एक मॉल के मालिक व उसके रिश्तेदारों को कानूनी कार्रवाई से बचाने का प्रयास किया गया यह दुर्भाग्यपूर्ण है और हिंदूओं के प्रति दुराग्रह को प्रदर्शित करता है और लव जिहादियों को संरक्षण देने का कार्य है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन को इसका संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पंडित दिनेश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि सहारनपुर में थाना देहात कोतवाली में स्थित सिद्धपीठ शंकलापुरी मंदिर के शिवलिंग को अपवित्र व खंडित करना तथा मंदिर के घंटे व अन्य कीमती सामान को चोरी किया गया, इसी प्रकार ग्राम पंचायत दतोली रांघड में माता मंसाद. ेवी मंदिर और बाबैल बुजुर्ग के मंदिर में चोरी आदि की घटनाओं के प्रति रोष व्यक्त करते हुए कार्रवाई की मांग की। ठाकुर कुशलपाल सिंह ने भी विचार रखे। इस मौके पर संदीप, सुमित, वेदपाल सिंह, कुशलपाल सिंह, तेजपाल सिंह, रुप सिंह, अशोक कुमार आदि शामिल रहे।

**■ हिंदू जागरण मंच की बैठक में प्रशासन से की कार्रवाई किये जाने की मांग**

# मनमौजी छोरा की शूटिंग का शुभारंभ

**देवबन्द।** स्टार फिल्म स्टूडियों के बैनर तले बनने वाली देहाती फिल्म मनमौजी छोरा की शूटिंग का पूजन कर नारियल फोड़ विविवत रुप से शुभारंभ किया गया। तहसील क्षेत्र के गांव साधारणपुर में देहाती फिल्म मनमौजी छोरा की शूटिंग का शुभारंभ करने के दौरान फिल्म की जानकारी देते हुए अभय सिंह ने बताया कि मनमौजी छोरा देहाती फिल्म है। जोकि परिवारिक फिल्म होनेकेसाथ हास्य से भरपूर है। बताया कि वर्तमान परिवेश में एक युवक द्वारा नारी शक्ति को सम्मान देकर नारी शक्ति को हौंसला देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का पात्र दर्शाया गया है। फिल्म में मुख्य अभिनेत्री स्वेता तारियल और शिवम् साधारणपुर अभिनित फिल्म के प्रोड्यूसर मनीष सोलंकी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में फिल्म का निर्माण करना ग्रामीण अंचल में छुपी हुई प्रतिभा को निखारकर उन्हें सार्थक मंच देना ही मुख्य उद्देश्य होता है। हालांकि पहले दिन ही शूटिंग देखने को आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के दर्शकों की भीड़ लगी रही। इस दौरान डायरेक्टर मितवा मेहर, कैमरामैन अभय सिंह, रवि मल्होत्रा, सौराज सिंह सिंघानिया, दिनेश कांगड़ा अक्षय, अंकुर सैनी, जीतन सोलंकी, हरीश सोलंकी, बिना कश्यप, मेकअप आर्टिस्ट श्वेता सैनी, विशाल त्यागी और शानू कश्यप समेत सभी कलाकार शामिल रहे।



# कलाकारों ने किया अशोक वाटिका व लंका दहन लीला का मंचन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में चल रही रामलीला में कलाकारों ने अशोक वाटिका व लंका दहन लीला का सजीव मंचन किया। रावण की लंका जलते देख श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाई। रामलीला भवन के रंगमंच पर कलाकारों ने दिखाया कि वर्षा ऋतु बीतने के बाद सुग्रीव व हनुमान वानर सेना के साथ सीता की खोज में निकल पड़ते हैं। समुद्र तट पर जटायु के भाई संपाती अपनी शक्तिशाली दृष्टि से हनुमान जी को लंका में माता सीता के अशोक वाटिका में होने की जानकारी देते हैं। हनुमानजी वानर सेना के साथ लंका पहुंच जाते हैं। हनुमान अशोक वाटिका में जाकर माता सीता को प्रभु राम की मुद्रिका देते हैं। उसके बाद भूख लगने पर पूरी अशोक वाटिका उजाड़ देते हैं। इस दौरान हनुमान जी अपनी पूंछ में लगी आग से पूरी लंका को ही जला देते हैं। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष नितिन गुप्ता, सचिन शर्मा, गगन मित्तल, निखिल अग्रवाल, अमन मित्तल, अशोक शर्मा, बलवीर सैनी आदि मौजूद रहे। उधर, रेलवे रोड स्थित दुर्गा कालोनी में श्री राम जानकी लीला समिति की रामलीला में कलाकारों ने सुग्रीव मित्रता, बाली वध व सीता खोज लीला का मंचन किया। अध्यक्ष लक्की वर्मा, बालेंद्र सिंह, संदीप शर्मा, आखोक खटीक व पुनीत छाबड़ा आदि मौजूद रहे।



## पूर्व सांसद ने किया कथा का रसपान



**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर परिसर स्थित श्री ग्यारहमुखी महादेव मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा में सातवें दिन कथा व्यास पं. विनय तिवारी ने मां के द्वारा महिषासुर का वध किए जाने का प्रसंग सुनाया। कैराना के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी भी पहुंचे और कथा का रसपान किया। सर्वप्रथम पूर्व सांसद प्रदीप से मुख्य यजमान के रूप में पूजा अर्चना कराई। पंडित आकाश शर्मा ने मंत्रोच्चारण किया। कथावाचक पंडित विनय तिवारी ने कहा कि मां ने महिषासुर का वध करके देवताओं की रक्षा की थी। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने की सीख दी। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। श्रीमद देवी भागवत महापुराण के आयोजक व सर्वधर्म शक्ति संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र भारतीय ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता संदीप शर्मा, सभासद रविंद्र चौधरी, जोगेंद्र सिंह, बाबा बलदेवनाथ, योगी राजेंद्रनाथ समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

# मरियम कालेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम

## महिला सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** मरियम गर्ल्स कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में मिशन शक्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिला सशक्तिकरण से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि यह हर बेटी का आत्मविश्वास है। आज की नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। हमें यह समझना होगा कि सुरक्षा केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक सोच का हिस्सा है। हर लड़की को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। कानून ने आपको सुरक्षा के पूरे अधिकार दिए हैं चाहे वह 1090 महिला हेल्पलाइन हो, 112 आपात कालीन सेवा हो या साइबर क्राइम हेल्पलाइन। आप निडर होकर आगे बढ़ें और किसी भी तरह के भय या संकोच में न रहें। पुलिस के दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले हैं। दीपक नागर ने यह भी कहा कि माता-पिता और शिक्षकों को चाहिए कि वे लड़कियों को केवल पढ़ाएं ही नहीं, बल्कि उनमें आत्मरक्षा व निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित करें। कार्यक्रम में मरियम एजूकेशनल वैलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्राओं से मिशन शक्ति को अपने जीवन का संकल्प बनाने की अपील की। अंत में मिशन शक्ति की शपथ दिलाई गई और सभी ने मिलकर महिला सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस मौके पर थाने से आई मिशन शक्ति की पूरी टीम मौहम्मद साईम राजा द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।



## कृष्णा में डांडिया एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट में नवरात्रों के शुभ अवसर पर डांडिया एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन बीसीए विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में बीसीए, बी.फार्मा एवं पॉलीटेक्निक विभाग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर टीम 01 बीसीए प्रथम वर्ष रही व द्वितीय स्थान पर भी टीम 02 बीसीए प्रथम वर्ष रही तथा तीसरे स्थान पर फार्मेसी विभाग के बच्चों ने प्राप्त किया।

# विद्यालय संचालन के लिए सर्वसम्मति से तीन सदस्यीय कमेटी का किया गठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** केएल जनता इण्टर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रबंध समिति का चुनाव निरस्त किये जाने के उपरांत आमसभा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय संचालन के लिए सर्वसम्मति से तीन सदस्यीय कमेटी का गठन करने के साथ प्रबंध समिति के निर्वाचन पर भी चर्चा की गई।

केएल जनता इण्टर कॉलेज प्रांगण में सेठ कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में पूर्व प्रबंधक के अवैधानिक कार्यों की निंदा की गई। प्रबंध समिति के कालातीत हो जाने के कारण विद्यालय संचालन के लिए चर्चा उपरांत सर्वसम्मति तीन सदस्य कमेटी का गठन किया गया। इसमें सेठ कुलदीप कुमार, राजकुमार व अरविंद कुमार को शामिल किया गया, यह समिति विद्यालय की नवीन प्रबंध समिति के निर्वाचन तक प्रशासनिक, वित्तीय तथा अन्य कार्यों का संपादन करेगी। संचालन देवीदयाल शर्मा ने किया। इस मौके पर देवीदयाल शर्मा, सुधीर त्यागी, राजन छाबड़ा, प्रमोद गुप्ता, श्यामवीर त्यागी, धर्मवीर त्यागी, जगदीश बंसल, संजीव बंसल, प्रधानाचार्य राजकुमार, संजय कुमार आदि शामिल रहे।



## आरवीआईटी में इंटरनल हैकाथॉन का आयोजन

**बिजनौर।** आर.वी. इंस्टिटीयूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 के अन्तर्गत इंटरनल हैकाथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के नवाचर (Innovation) को प्रोत्साहित करना एवं श्रेष्ठ टीमों का चयन करना है, जो राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया हैकाथॉन 2025 में संस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की और सामाजिक एवं औद्योगिक समस्याओं के समाधान हेतु अपने-अपने अभिनव विचार (Innovative Ideas) प्रस्तुत किए। टीमों ने डिजिटल प्रोडक्टस, ऑटोमेशन, हेल्थकेयर ओर शिक्षा क्षेत्र से जुडी समस्याओं पर तकनीकी समाधान प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक निदोक सन्नी देशवाल ने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन छात्रों को वास्तविक समस्याओं का समाधान खोजने तथा उद्योग और समाज के लिए उपयोगी नवाचर करने का सशक्त मंच प्रदान करता है।

## समिति में सदस्यता अभियान कार्यक्रम

**जलालाबाद।** जिला सहकारी बैंक जलालाबाद के प्रबंधक मौहम्मद आदिल ने कहा कि एम-पैक्स सदस्यता महा अभियान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा एक विशेष कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों (एम-पैक्स) की सदस्यता बढ़ाना है! किसान सेवा सहकारी समिति, लल्लूवाला (धनौरा )में हुए सदस्यता कार्यक्रम में जानकारी देते हुए मौहम्मद आदिल ने कहा कि यह अभियान 12 सितंबर से 12 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस अभियान के तहत किसान और ग्रामीण लोग मात्र 226 रुपये जमा करके एम-पैक्स के सदस्य बन सकते हैं और विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। चौधरी घनश्याम सिंह की अध्यक्षता एवं पवन सैनी के संचालन में हुए कार्यक्रम में युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू, अजीम अख्तर, चमन सिंह, सैय्यद जुल्फिकार, इफ्तेखार अहमद, सुरेश राणा, गुरदीप सिंह, बृजेश कुमारी, भूपेंद्र सिंह, शाहिद आदि ने भाग लिया

## फ्यूचर चिल्ड्रेंस एकेडमी में प्रतियोगिता

**शिवाला कला।** फ्यूचर चिल्ड्रेंस एकेडमी में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता हाउस-वाइज कराई गई, जिसमें सभी हाउस के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्नों के उत्तर दिए। सबसे अधिक उत्तर देकर कलाम हाउस प्रथम स्थान पर, आर्यभट्ट हाउस द्वितीय स्थान पर, रमन हाउस तृतीय स्थान पर तथा जे.सी. बोस हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में विशेष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में आर्यभट्ट हाउस से शिवांश, हनी, राजवंश, अनमोल, गीतांजलि, काव्या, नकुल, महेनूर, रमन हाउस से हृदयांश, लव्यांश, मानसी, शशांक, कलाम हाउस से अवनि, तुषार, भूमि, लक्ष्य, रिदा, कनिका, आदर्श, दर्शिता, जे.सी. बॉस हाउस से काना, कंशिका, आरव, सिद्धि, समीक्षा, भूमिका, कुनाल, लविश आदि विद्यार्थियों ने सर्वाधिक प्रश्नों के उत्तर देकर अपने-अपने हाउस को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार शर्मा ने सभी बच्चों को विज्ञान के महत्व के बारे में प्रेरणादायी विचार साझा किए। विद्यालय के एम.डी. संघर्ष चौहान एवं वाइस चेयरपर्सन श्रीमती कल्याणी चौहान ने भी बच्चों को विज्ञान के महत्व से अवगत कराया और उन्हें भविष्य में अग्रसर रहने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों व शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

# फूड पॉइजनिंग से हालत बिगड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** हरगनपुर नवादा में पकौड़ी खाने के बाद एक ही परिवार के चार लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के गांव हरगनपुर में बीती रात रमेश पुत्र किशन सिंह के परिवार ने पकौड़ी खाई थी। पकौड़ी खाने के बाद सब सो गए थे। लेकिन रात्रि में रमेश (50 वर्ष), उसकी पत्नी बीना (42 वर्ष), पुत्री काजल (22 वर्ष) तथा पुत्र साजन (14 वर्ष) को उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी। आज प्रातः अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। उल्टी-दस्त, पेट दर्द आदि की शिकायत होने लगी। हालत बिगड़ने पर उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

चिकित्साधिकारी डॉ.आशीष कुमार आर्य ने बताया कि फूड पॉइजनिंग के चार लोग भर्ती हुए थे, उन्हें जिला अस्पताल रैफर किया गया है।







# मिशन शक्ति से महिला सशक्तिकरण की दिशा में विदुर ब्रांड तय कर रहा है नए आयाम : डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में विदुर ब्रांड नए-नए आयाम तय कर रहा है। महिला समूह द्वारा उत्पादित सामग्री की मार्केटिंग से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को साक्षात रूप प्रदान हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिले भर में 18 से भी अधिक विदुर स्टोर खोले गए हैं तथा जिले के विभिन्न स्थानों पर विदुर कैफेटेरिया भी खोले जाएंगे। यह आउटलेट स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, मिशन शक्ति के तहत ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के माध्यम से आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने बताया कि नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट विदुर ब्रांड की सचिव श्रीमती जूली देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर बिजनौर में जिला प्रशासन के सहयोग से विदुर ब्रांड की स्थापना, उपलब्धियों और ग्रामीण महिलाओं की आजीविका वृद्धि में इसके योगदान पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें अवगत कराया कि जिला बिजनौर में विदुर ब्रांड के अंतर्गत 150 से अधिक विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें विदुर स्टोर के माध्यम से बेचा जा रहा है और इसका सीधा लाभ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने विदुर ब्रांड की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे स्वदेशी का प्रतीक बताया और कहा कि यह ग्रामीण आत्मनिर्भरता एवं महिला उद्यमिता का प्रेरणादायक मॉडल है।

उन्होंने बताया कि विदुर ब्रांड आउटलेट के माध्यम से स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं द्वारा 150 से अधिक तैयार किए गए विविध स्वदेशी उत्पाद जैसे खाद्य सामग्री, स्वच्छता एवं घरेलू उपयोग की वस्तुएं अब स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि यह पहल महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी साकार करेगी। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने जन सामान्य का आह्वान किया कि विदुर ब्रांड के उत्पादों को अधिक से अधिक मात्रा में प्रयोग में लाकर जिला बिजनौर की प्रतिष्ठा को बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान उपलब्ध कराएं।



**जनपद में 18 से भी अधिक विदुर स्टोर खोले गए**

## छात्राओं का चयन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिजनौर।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मीरापुर बांगर की छात्राओं ने अंडर-17 मंडलीय स्तर कबड्डी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अमरोहा के सामने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में टीम भले ही उपविजेता रही, मगर तीन छात्राओं का मंडल की टीम में चयन हुआ। बालिकाओं की मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता अमरोहा में आयोजित की गयी। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला मेजवान अमरोहा की टीम के साथ खेला गया। प्रतियोगिता में रामपुर बांगर राजकीय कन्या इंटर कालेज की टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। अमरोहा की टीम विजेता व रामपुर बांगर की टीम उप विजेता रही।

## झोलाछाप का क्लीनिक सील

**अफजलगढ़।** हिदायतपुर में झोलाछाप चिकित्सक के इलाज से मरीज की मौत हो गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी और लाश का पोस्टमार्टम कराया गया। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग देर से जागा और आरोपी का क्लीनिक सील कर दिया गया है। बताया जाता है कि तीन मेडिकल स्टोरों को भी सील किया गया है। दो बंगाली क्लीनिक भी सील किए गए है। डॉ. अनिल कुमार के अनुसार उपरोक्त के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा कर कार्यवाही की जाएगी। टीम में अमित कुमार व जबर सिंह शामिल रहे।

## हर्षोल्लास से निकाला राम बारात जुलूस

**नांगल सोती।** नांगल में हर्षोल्लास से पंचमी के मौके पर राम बारात जुलूस निकाला गया। मुख्य अतिथि व्यापारी योगेंद्र अग्रवाल और उनके पुत्र अनुज अग्रवाल ने फीता काटकर जुलूस का शुभारंभ किया। इस मौके पर राजवीर सिंह, अतुल कुमार, सुशील शुक्ला, रामपाल सिंह, लोकेश राजपूत, कुलद. ीप अग्रवाल, सुरेंद्र सिन्हा, अतुल अग्रवाल, मुकेश शर्मा, विजय चौधरी, दिनेश भुईयार, मनोज अहलावत, अस्वनी शुक्ला, नवीन अग्रवाल, जनेशपाल सिंह, गर्विन चौधरी, करतार सिंह, योगेश शुक्ला, वीरेंद्र शर्मा, गोपाल शर्मा, सतीश वर्मा, संदीप जोशी, राकेश गोयल, सिंधुराज आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुख्य बाजार वाली धर्मशाला से जुलूस शुरू होकर मौहल्ला टंकी वाला, मोहल्ला कश्यपयान और मौहल्ला बडतला होते हुए रामलीला मैदान पहुंचा, जहां धूमधाम से राम और सीता का विवाह संपन्न कराया गया। अखाड़ा उस्ताद निखिल कुमार तथा ओमपाल सिंह की अगुवाई में अनेक पहलवानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। दोनों अखाड़ा उस्ताद का रामलीला कमेटी ने तिलक के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सैकड़ों रामभक्त मौजूद रहे। वहीं पुलिस प्रशासन सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहा।

## योगासन प्रतियोगिता का समापन

**बरुकी।** मंडलीय विद्यालय योगासन प्रतियोगिता राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज जनपद रामपुर में आयोजित की गई। विभिन्न जनपदों से आए बालक एवं बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। जनपद बिजनौर के खिलाड़ियों ने ट्रेडिशनल योगासन, रिदमिक पेयर, आर्टिस्टिक एवं आर्टिस्ट सिंगल में विजय प्राप्त करते हुए आठ स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक एवं तीन कांस्य पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक वर्ग में कामेंद्र ने स्वर्ण पदक, वंशिका ने स्वर्ण पदक, अंडर 17 में शिव ने स्वर्ण पदक, गुंजन ने कांस्य पदक, अंडर-19 में रितिक ने स्वर्ण पदक, कशिश ने रजत पदक, गुंजन ने रजत पदक, पलक ने कांस्य पदक, यशी चौधरी ने स्वर्ण पदक तथा मनीषा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। योगा कोच सर्वजीत त्यागी ने बताया कि स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर के लिए हो गया है जो 3 से 6 अक्टूबर को अयोध्या में आयोजित की जाएगी।

## डा. अंकित सैनी ने किया उद्घाटन

**बिजनौर।** बख्शीवाला रिंग रोड पर स्थित सदाबहार हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन डॉ. अंकित कुमार सैनी, प्रिंसिपल कृष्णा फार्मेसी कॉलेज द्वारा किया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के निदेशक मौहम्मद आसिफ, डॉ. मसूद जावेद, डॉ. सना गयूर, डॉ. तल्हा मौलवी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. अंकित कुमार सैनी का फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया।

# पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर जावेद को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने के मामले में एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद करते हुए अभियोग दर्ज करने के बाद उसे जेल भेज दिया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह ने ऑपरेशन सवेरा, नशे के अंधकार से उजाले की ओर अभियान चला रखा है जिसमें लगातार पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर रही है। पुलिस ने नगर एवं क्षेत्र से ऑपरेशन सवेरा के तहत आधा दर्जन से अधिक मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनकी कमर तोड़कर रख दी है। पुलिस लगातार मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है इसके बावजूद भी थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी हो रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के द्वारा बताया गया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर एक मकान में मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। उप निरीक्षक नरेंद्र वर्मा ने जब पुलिस टीम के साथ मकान पर छापा मार कार्रवाई की तो मौके से एक मदक पदार्थ तस्कर को पकड़ लिया। पूछताछ करने के बाद मादक पदार्थ तस्कर ने अपना नाम जावेद पुत्र अनीश निवासी सलेमपुर मार्ग बताया। पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर के कब्जे से 350 ग्राम चरस बरामद करते हुए अभियोग दर्ज करने के बाद रविवार को जेल भेज दिया है।

### सलेमपुर रोड बना मादक पदार्थ तस्करी का गढ़ महिलाएं व बच्चे भी बेच रहे खुली पुड़िया

### बड़ी मछली, फरार पुलिस की तलाश है जारी

**कांधला।** क्षेत्र का सलेमपुर मार्ग मादक पदार्थ तस्करी का गढ़ बन चुका है। पुलिस लगातार सलेमपुर मार्ग पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है इसके बावजूद भी महिलाएं बच्चे एवं युवा तस्करी करने में लगे हुए हैं। सैकड़ो युवक नशे की चपेट में अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो सलेमपुर मार्ग निवासी एक महिला खुलेआम मादक पदार्थों की तस्करी कर रही है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस छोटी मछलियों पर कार्रवाई कर रही है और बड़ी मछली पर जाल फेंकने से कतरा रही है। आरोप है कि बड़ी मछलियां खुलेआम मादक पदार्थ के धंधे को अंजाम दे रही हैं शिकायत के बाद भी पुलिस बड़े माफिया पर हाथ नहीं डालती है।



# मिशन शक्ति आत्मविश्वास, जागरूकता और स्वाभिमान से सशक्त होंगी बेटियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 22 सितम्बर 2025 से प्रारंभ हुई मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत जनपद शामली में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बनत, कैराना, कांधला एवं ऊन में आज जेंडर स्टीरियोटाइप, लिंग समानता और बाल विवाह जैसे मुद्दों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। इन नाटकों के माध्यम से छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भरता में बड़ी बाधा है। साथ ही लिंग समानता और समान अवसर ही एक सशक्त और प्रगतिशील समाज की नींव हैं। मिशन शक्ति का मूल उद्देश्य है कि बेटियां आत्मविश्वास, जागरूकता और स्वाभिमान से परिपूर्ण होकर समाज में अपनी सशक्त पहचान बना सकें। यह पहल न केवल बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि समाज में लिंग न्याय और समता स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# थानाभवन की दीपा ने नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीते दो पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन की होनहार खिलाड़ी दीपा ने जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीतकर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 21 से 26 सितम्बर तक डॉ. वाईएस परमार औद्योनिक व वानिकी विश्वविद्यालय नैनी, सोलन हिमाचल प्रदेश में आयोजित हुई, जिसमें देशभर से करीब 800 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।दीपा ने अलग-अलग भार वर्ग व इवेंट में बेहतरीन खेल दिखाते हुए एक सिल्वर मेडल और एक ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। उनके शानदार प्रदर्शन से पूरे थानाभवन क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। चैंपियनशिप में निर्णायक मंडल के 50 निर्णायकों की देखरेख में मुकाबले कराए गए। इस दौरान शामली जिले से इंटरनेशनल रेफरी सोनू सैनी ने निर्णायक की भूमिका निभाई और उत्तर प्रदेश की टीम के कोच के रूप में सुशील कौशिक ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। दीपा की इस उपलब्धि पर उनके गुरुजनों व परिवारजनों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गर्भवती की मौत के बाद हंगामा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत 19 सितंबर को शहर के माजरा रोड़ स्थित प्राईवेट हॉस्पिटल में चिकित्सकों की लापरवाही के चलते गर्भवती महिला की मौत के बाद रविवार को खुले अस्पताल में मृतक महिला के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इस उन्होने पुलिस पर मुकदमा दर्ज होने के बावजूद गिरफ्तारी न करने और हॉस्पिटल खुलवाने का आरोप लगाया है।

गत 19 सितंबर को शहर के मौहल्ला बडी माता मंदिर रोड़ निवासी चुन्नीलाल की पत्नी अंजू को प्रसव पीडा होने के कारण परिजनों द्वारा शहर के माजरा रोड़ स्थित प्राईवेट हॉस्पिटल हाईटेक में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सक की लापरवाही से महिला की मौत हो गई थी। गुस्साऐं परिजनों ने हॉस्पिटल में तोडफोड भी की थी, जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था, जबकि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई। बताया जाता है कि रविवार को हाईटेक हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने हॉस्पिटल को खोल दिया, जिसकी सूचना पर मृतक महिला के परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्होने हंगामा करते हुए पुलिस पर आरोपी चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही न करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उन्होने बताया कि पुलिस ने सांठगांठ के चलते हॉस्पिटल खोला जा रहा है। उन्होने हॉस्पिटल कर्मचारियों पर अभद्रता करने का भी आरोप लगाया। जिसके बाद हॉस्पिटल कर्मचारी हॉस्पिटल बंद कर फरार हो गए।

## एक नजर

### गोशाला में किया गया सेवा कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं रेड क्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश के सभापति बृजेश पाठक के मार्गदर्शन में चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत रविवार को जिला रेड क्रॉस सोसायटी शामली द्वारा गौशाला में सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर सोसायटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मिलकर गौमाता को 10 क्विंटल हरे चारे का भोग लगाया। सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत अब तक कई जनहित व सामाजिक सेवा कार्य किए जा चुके हैं और आगे भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसायटी शामली के सभापति कुशांक चौहान, सचिव अतहर जमील, उपसभापति हरिओम पाठक, कोषाध्यक्ष डॉ। रश्मिकांत जैन, पंकज गुप्ता, अर्जुन वर्मा, वीणा अग्रवाल, अलका चौहान, श्वेता चौहान, वंश मेहरा, प्रभात भार्गव, अजय संगल, आलोक चौहान, रवि चौहान, अस्थाना, पराग जैन, अजय जैन, विपिन चौहान आदि मौजूद रहे।

### भगत सिंह की 118वीं जयंती मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** रविवार को खंड विकास क्षेत्र के गांव भभीसा में शहीद भगत सिंह चौक पर महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। दर्जनों युवाओं ने प्रोग्राम उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। ग्रामीणों और युवाओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। युवा समाजसेवी अनुज जावला ने कहा कि भगत सिंह केवल क्रांति का प्रतीक नहीं थे, बल्कि वे विचारों की ऐसी मशाल थे, जिन्होंने पूरे राष्ट्र के युवाओं के हृदय में स्वतंत्रता की लौ प्रज्वलित की। उन्होंने कम उम्र में ही अन्याय और गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का बीड़ा उठाया और अपने प्रखर लेखों, भाषणों और क्रांतिकारी कार्यों से युवाओं को जगाने का काम किया। उनका कहना था कि क्रांति का अर्थ मात्र हथियार उठाना नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध जनजागरण और सामाजिक बदलाव लाना भी है। इस दौरान योगेंद्र सिंह विशु जावला, पंकज, विसाल, अभिनव, साहिल, रजत, धर्मेन्द्र, बादल, निखिल, मोहित, अमित, विनोद, रमेशचंद, सलीम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा मौजूद रहे।

# नलकूपों पर चोरी का खुलासा, हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर किसानों के नलकूपों पर हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से चोरी का माल एवं तमंचा बरामद करते हुए जेल भेज दिया है। लगभग एक पखवाड़ा पूर्व थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली क्षेत्र में किसानों के खेतों पर आधा दर्जन से अधिक नलकूपों से चोरों ने कीमती सामान चोरी कर लिया था। इसके अलावा कई स्थानों पर क्षेत्र में चोरों ने अन्य दर्जनो नलकूपों को चोरों ने निशाना बनाया था। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों में भारी रोष था। पीड़ित किसानों ने थाने पर तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की थी।तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश गौरव उर्फ लोकेश पुत्र अशोक निवासी गांव किवाना, को गिरफ्तार करते हुए चोरी का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने गांव खंद्रावली में दोनों चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की। बदमाश की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान बरामद किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी थाने हिस्ट्रीशीटर बदमाश है, जिस पर पहले भी कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने किसानों के नलकूपों पर हुई चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया है। उसके कब्जे से चोरी का सामान और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा गया है।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के किसानों ने राहत की सांस ली है।

# संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में संपन्न हुआ कन्या पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के मोहल्ला शेखजादगान स्थित संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय में नवरात्रों के पावन पर्व एवं विजयदशमी की पूर्व संध्या पर कन्या पूजन बड़े धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में सजे-धजे पंडाल में छात्राओं ने देवी स्वरूप धारण कर सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर उपस्थित लोग भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक ऊषा मित्तल, प्रबंधक क्षितिज मित्तल, प्रधानाचार्य रंजना मित्तल सहित समस्त अध्यापक-स्टाफ ने मंत्रोच्चारण के बीच कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद और उपहार भेंट किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक क्षितिज मित्तल ने नवरात्रि पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कन्या पूजन को भारतीय संस्कृति और आस्था का अद्भुत प्रतीक बताया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावकगण तथा नगर की अनेक संभ्रांत हस्तियां शामिल रहीं। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी कन्याओं ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

### द्विवार्षिक अधिवेशन का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के नगर पालिका सभागार में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन द्वारा द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने विचार रखे और सदर विधायक से समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। रविवार को शामली नगर पालिका सभागार में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन द्वारा द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में पहुंचे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अध्यक्ष चंद्रगपाल सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समक्ष अनेकों समस्याऐं आती है। जिसके समाधान के लिए वह अधिकारियों को ज्ञापन देते है, लेकिन उनका समस्याओं का समय से निस्तारण नही हो पाता है। उन्होने सदर विधायक व सीडीओ से समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी देश की रीढ है। इनको नजर अंदाज नही किया जा सकता है। इस अवसर पर बालेकिशन आर्य, लोकेन्द्र सिंह, आरपी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# किशोरी घर से हुई लापता, रिश्तेदार पर शक अभियोग दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने कस्बे के एक व्यक्ति पर पीड़ित की नाबालिग पुत्री को गायब करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित की नाबालिग पुत्री पड़ोस में ही एक दुकान पर सामान खरीदने के लिए गई थी। पीड़ित का आरोप है कि काफी तलाश करने के बाद भी पीड़ित की पुत्री का कोई सुराग नहीं लगा। आरोप है कि पहले की दो बार पीड़ित की पुत्री पीड़ित के रिश्तेदार नईम पेंटर के घर से मिली थी। पीड़ित का आरोप है कि पीड़ित को अपने रिश्तेदार पर शक है कि पीड़ित की पुत्री को पीड़ित के रिश्तेदार ने ही गायब कर रखा है। पीड़ित ने अपने रिश्तेदार पर शक जताते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर नाबालिग किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। नाबालिग किशोरी को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# अमृतानंद मई देवी का अवतरण दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** माता अमृतानंदमई देवी कृपा धर्मार्थ ट्रस्ट शामली के तत्वावधान में माता अमृतानंदमई देवी (अम्मा) के अवतरण दिवस के अवसर पर रविवार को एक भव्य व दिव्य सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक अरविंद दृष्टा ने किया। अरविन्द दृष्टा ने अम्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अम्मा सबके दुख दूर कर अपने गले लगाने से लोगों को आत्मिक शांति प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि अम्मा एक दिव्य शक्ति व महान आत्मा हैं, जिनके आश्रम देश-विदेश में संचालित हो रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील गर्ग, सचिव अमित गर्ग, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह व संजय बंसल तथा सह कोषाध्यक्ष अरिहंत जैन ने .ष्टा जी का तिलक, पटका व माल्यार्पण कर स्वागत किया। तत्पश्चात संस्था के पदाधिकारियों ने उपस्थित अतिथियों का पटका पहनाकर अभिनंदन किया। महिला शक्ति का स्वागत मती अंजली गर्ग व मती शालु गर्ग ने किया। अध्यक्ष सुनील गर्ग ने बताया कि अम्मा का जन्म वर्ष 1953 में केरल के एक गरीब परिवार में हुआ था। छोटी आयु से ही अम्मा ने लोगों को गले लगाकर उनका दुख हरना शुरू कर दिया। आज अम्मा के आश्रमों के माध्यम से देश-विदेश में अस्पताल, स्कूल व सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। हाल ही में अम्मा द्वारा फरीदाबाद में एक विशाल अस्पताल स्थापित किया गया है। इस अवसर पर सचिव अमित गर्ग, उपाध्यक्ष संजय बंसल, अरिहंत जैन, विपिन गर्ग, अमरीश जिंदल, अमर गोयल, मनोज जांगिड़, मनोज धीमान, विजय शर्मा, डॉ। राजीव बंसल मौजूद रहे।

### बलवंती देवी कन्या कॉलेज में हिंदी पखवाड़ा पर ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बलवंती देवी कन्या इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत ज्ञान प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया प्रतियोगिता में छात्राओं ने हिंदी भाषा, साहित्य, व्याकरण और सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डीएवी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य बृजेश वशिष्ठ ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है, जिसके बिना शिक्षा और संस्कार अधूरे हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि हिंदी का ज्ञान न केवल प्रतियोगिताओं में उपयोगी है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान भी है। अतिथियों ने भी छात्राओं को हिंदी भाषा के महत्व के बारे में जागरूक किया और हिंदी के संवर्धन एवं संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापकों ने किया तथा विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रेनू शर्मा, संस्थापक प्रबंधक इंद्रपाल सिंह, प्रबंध समिति के सदस्य महेंद्र शर्मा तथा पूर्व प्रधानाचार्य बृजेश वशिष्ठ उपस्थित रहे।



### जामिया अरबिया कासिमुल उलूम में अर्द्धवार्षिक परीक्षा संपन्न

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खघ्ेल के प्राचीन जामिया अरबिया कघसिमुल उलूम व जामिया आयशा लिल बनात में आयोजित छमाही इम्तिहान का समापन जामिया के मोहतमिम मौलाना सैयद बदरुल हुदा कघसमी की रूहपरवर दुआ के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर एक सरल लेकिन प्रभावशाली समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें तलबा-तालिबात, शिक्षकों, उलमा और जिम्मेदारान की बड़ी तादाद मौजूद रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलाना सुल्तान रशीदी मोहतमिम जामिअतुस सालीहात थानाभवन ने कहा कि इम्तिहान छात्रों की सोई हुई सलाहियत को उजागर करता है और इल्म का असल मकघ्सद सिर्फ किताबें याद करना नहीं बल्कि सोचने-समझने और अमल की क्षमता पैदा करना है। मौलाना सैयद मजहरुल हुदा कघसमी नायब मोहतमिम ने कहा कि इल्मे दीन इंसान के अंदर दुनिया और आखघ्रित दोनों की कामयाबी की फिक्र पैदा करता है और जिस समाज में इल्म का दीया जलता है वही समाज तरकघ्की की राह पर चलता है। इस मौके पर कारी रिजवान गोगवान, मौलाना मुआज हाशमी, कारी अब्दुश शकूर, मास्टर काशिफ बद्र, मास्टर रिजवान, कारी रिजवान अंसारी आदि मौजूद रहे।

# सेवक के नहीं राम के चरण पकड़ो रामलीला में गूंजे अंगद-रावण संवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे में चल रही रामलीला में शनिवार की रात्रि कलाकारों ने अंगद-रावण संवाद की लीला का जीवंत मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन में दिखाया गया कि प्रभु राम अंगद को रावण के पास संदेश देने भेजते हैं। अंगद रावण दरबार में पहुंचकर गर्वित स्वर में अपना परिचय देते हैं और रावण से कहते हैंकृ माता सीता को प्रभु राम को सौंप दो, इसी में तुम्हारी भलाई है। अंगद के संवाद तुम राम से क्या जीतोगे? सुनकर सभा में सन्नाटा छा गया। वे आगे कहते हैं कि यदि रावण का कोई भी बलशाली योद्धा उनके पैर को हिला दे तो वे स्वयं पराजय मान लेंगे। रावण दरबार के समस्त योद्धा प्रयास करते हैं लेकिन कोई भी अंगद का पैर हिला नहीं पाता। जब अंततः स्वयं रावण आगे बढ़ता है तो अंगद का सशक्त संवाद गूंजता हैकृ सेवक के नहीं, राम के चरण पकड़ो, वही तुम्हें क्षमा करेंगे। संवादों की यह लीला देखते ही दर्शक भावविभोर होकर तालियों की गड़गड़ाहट से मंचन स्थल गूंजा उठा। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी कलाकारों की अभिनय क्षमता से अभिभूत दिखे। इस अवसर पर मंचन में रावण की भूमिका राजेश, अंगद की भूमिका सलेखचन्द, राम की भूमिका संजीव शर्मा और मेघनाथ की भूमिका आलोक शर्मा ने निभाई। कलाकारों के संवाद और भावभंगिमा ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रामलीला मैदान में लीला देखने उमड़े ग्रामीण देर रात्रि तक डटे रहे और मंचन के दौरान जय राम के उद्घोष लगातार गूंजते रहे।

# मिथुन मन्हास बने BCCI के अध्यक्ष




● प्रज्ञान ओझा, आरपी सिंह को टीम की चयन समिति में शामिल किया गया

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर मिथुन मन्हास को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया। वह अनुभवी क्रिकेटर रोजर बिन्नी का स्थान लेंगे।

इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा और आरपी सिंह को पुरुष राष्ट्रीय टीम की चयन समिति में शामिल किया गया। वहीं दिल्ली की अमिता शर्मा को महिला चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, मुंबई की सुलक्षणा नाइक और हैदराबाद की श्रावंती नायडू भी इसमें शामिल होंगी। इस बीच, एस शरत को जूनियर चयन पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शरत 2023 से सीनियर पैनल का हिस्सा थे। मन्हास के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने के बाद इस फैसले की औपचारिक घोषणा की गई। पिछले कुछ हफ्तों से क्रिकेट और प्रशासनिक हलकों में उनका नाम चर्चा में था, और खबरें थीं कि वह इस पद के लिए सबसे आगे चल रहे हैं। बीसीसीआई ने अब उनकी नियुक्ति की पुष्टि कर दी है, जिससे अटकलों पर विराम लग गया है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के पूर्व खिलाड़ी मन्हास अपने लंबे घरेलू करियर और नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति को भारतीय क्रिकेट प्रशासन में पीढ़ीगत बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें युवा और हाल ही में सक्रिय क्रिकेटरों को निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में लाया जा रहा है। मन्हास की पदोन्नति के अलावा, वरिष्ठ प्रशासक राजीव शुक्ला को बीसीसीआई के ढांचे में एक महत्वपूर्ण नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे बोर्ड का नेतृत्व ढांचा और मजबूत होगा। मन्हास अब व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के दौरान भारतीय क्रिकेट की शासी संस्था का नेतृत्व करने के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट के विकास, संचालन और वैश्विक प्रतिनिधित्व में मौजूदा चुनौतियों का समाधान करने के लिए जिम्मेदार होंगे। इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों के साथ, बीसीसीआई ने प्रशासनिक अनुभव को पूर्व खिलाड़ियों के नए दृष्टिकोणों के साथ मिलाने के अपने इरादे का संकेत दिया है, जिससे भारतीय क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में निरंतरता और नई ऊर्जा सुनिश्चित होगी। बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान, यह भी निर्णय लिया गया कि कोई अंडर-16 खिलाड़ी तब तक आईपीएल नहीं खेल सकता जब तक कि उसने कम से कम एक मैच के लिए रणजी ट्रॉफी में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व न किया हो।

## मिथुन के अध्यक्ष बनने पर जितेंद्र ने दी बधाई

जम्मू, वार्ता। जम्मू-कश्मीर के सपूत मिथुन मन्हास को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का नया अध्यक्ष घोषित किए जाने पर केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह जश्न का अवसर है। डा. सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्यह जश्न का एक महत्वपूर्ण अवसर है! मिथुन मन्हास को आधिकारिक तौर पर 'भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड' बीसीसीआई का नया अध्यक्ष घोषित किया गया है। उन्होंने पोस्ट किया कि जम्मू-कश्मीर के सबसे दूरस्थ इलाकों में से एक, पूर्व डोडा जिले के लिए यह कितना भाग्यशाली रविवार है, जो संयोग से मेरा अपना गृह जिला भी है। डा. सिंह ने आगे कहा कि कुछ ही घंटों के अंतराल में, पहले किश्तवाड़ की एक बेटी शीतल विश्व चैंपियन बनकर उभरी और उसके तुरंत बाद भद्रवाह का एक बेटा मिथुन शीर्ष पर पहुंच गया। इस बीच, जम्मू के क्रिकेट जगत ने मिथुन मन्हास को बीसीसीआई का नया अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर खुशी जताई है।




# अनुष्का ने 3पी में जीता स्वर्ण

### भारत के एड्रियन कर्माकर ने जीता रजत, खिताब व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट दिमित्री के नाम रहा

**नई दिल्ली, वार्ता।** जूनियर एशियन चैंपियन अनुष्का ठोकुर ने आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन नई दिल्ली में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रतियोगिता का दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

उन्होंने पहले दिन राइफल प्रोन में स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद अब 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन जूनियर महिला स्पर्धा में स्वर्ण पर कब्जा जमाया। डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर चौथे दिन खेले गए फाइनल में अनुष्का ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पुरुषों की जूनियर 3पी स्पर्धा में भारत के एड्रियन कर्माकर ने रजत पदक जीता, जबकि खिताब व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) दिमित्री पिमेनोव के नाम रहा। एआईएन शूटरों के लिए यह खास दिन रहा, जिन्होंने दोनों फाइनल्स में कुल चार पदक अपने नाम किए। अनुष्का ने फाइनल में 461-0 का स्कोर किया, जिसमें खड़े होकर शूटिंग करते हुए अपनी 35वें शॉट पर परफेक्ट 10-9 भी शामिल था। उन्होंने क्वालिफिकेशन में 585-31ग स्कोर किया था और फाइनल में 6-1 अंकों की बढ़त के साथ स्वर्ण हासिल किया। एआईएन की अनास्तासिया सोरोकीना 454-9 (क्वालिफिकेशन: 580-23ग) के साथ रजत पर रहीं, जबकि उनकी साथी मारिया क्रुगलोवा ने 444-0 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। एआईएन की ही अनास्तासिया गोरुखोवा चौथे स्थान पर 434-3 अंकों के साथ रहीं। अन्य फाइनलिस्ट्स में भारत की महित संधू 422-7 के साथ पांचवें, क्रोएशिया की अनामा. रिजा तुर्क 408-9 के साथ छठे, भारत की प्राची गायकवाड़ 399-3 के साथ सातवें और स्लोवाकिया की कामिला नोवा. `तना 399-2 के साथ आठवें स्थान पर रहीं। पुरुषों के जूनियर 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप लनगबो के रजत विजेता एआईएन के दिमित्री पिमेनोव ने 461-0 स्कोर के साथ स्वर्ण जीता। भारत के एड्रियन कर्माकर, जिन्होंने क्वालिफिकेशन में 587-34ग के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था, ने कड़ा मुकाबला किया लेकिन 455-9 अंकों के साथ रजत पर संतोष करना पड़ा। एआईएन के कामिल नुरियाख्मेतोव ने 441-0 के स्कोर से कांस्य हासिल किया। क्रोएशिया के डार्को टोमासेविक 430-3 के साथ चौथे, भारत के वेदांत नितिन वाघमारे 420-9 के साथ पांचवें, एआईएन के इयारोस्लाव क्लिमिन 408-0 के साथ छठे रहे। भारत के सामी उल्लाह खान (393-0) सातवें और स्लोवाकिया के लुकास हो. रिनेक (386-6) आठवें स्थान पर रहे। 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष (स्टेज 1 क्वालिफिकेशन) में भारत ने दबदबा बनाए रखा। सूरज शर्मा ने 287-7ग स्कोर कर एआईएन के अलेक्ज़ांद्र कोवालेव के साथ शीर्ष स्थान साझा किया। भारत के समीर गुलिया (286-9ग), अभिनव चौधरी (284-8ग), मुकेश नेलावली (283-10ग) और जतिन (282-5ग) तीसरे से छठे स्थान तक रहे। स्टेज 2 के बाद प्रत्येक देश से केवल तीन खिलाड़ी ही फाइनल में जगह बना पाएंगे, जिससे प्रतियोगिता और कड़ी हो गई है। भारत के गौरव देसाले (572-17ग) आठवें और रोहित कन्यन (570-21ग) दसवें स्थान पर रहे। महिलाओं में मेल्विना एंजे. लिन जोएल ग्लैडसन (572-19ग) नौवें और आध्या अग्रवाल (563-12ग) बारहवें स्थान पर रहीं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए कमेंटेटरों के पैनल की घोषणा

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 30 सितम्बर से दो नवंबर तक चलने वाले महिला क्रिकेट विश्वकप 2025 के लिए कमेंटेटरों के नामों और प्रसारणकर्ता की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने पुष्टि की है कि महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के सभी मैचों का सीधा प्रसारण आईसीसी टीवी द्वारा किया जाएगा। प्रशंसक इस टूर्नामेंट का आयोजन 30 सितम्बर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर राउंड-रॉबिन प्रारूप में आठ शीर्ष टीमों के बीच होने वाले मुकाबले देख सकेंगे। प्रत्येक मैच को कम से कम 30 कैमरों द्वारा रिकॉर्ड किया जाएगा। अनुभवी ब्रॉडकास्टर्स और कमेंटेटर अपनी आवाज से दर्शकों को रोमांचित करेंगे। इस पैनल में मेल जोन्स, ईसा गुहा, स्टेसी-एन किंग और जूलिया प्राइस, पूर्व कप्तान मिताली राज, सना मीर, नासिर हुसैन और अंजुम चोपड़ा है।

### कतर फीफा इंटर कॉन्टिनेंटल कप के अंतिम चरण की मेजबानी करेगा

**दोहा, वार्ता।** कतर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2025 के अंतिम तीन मैचों की मेजबानी करेगा। 17 दिसम्बर को होने वाले फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन के प्रतिद्वंद्वियों का फैसला करने के लिए अमेरिका के फीफा डर्बी और फीफा चैलेंजर कप खेलों का आयोजन किया जाएगा। फीफा विश्व कप 2022 के मेजबान इस साल के अंत में फीफा अंडर-17 विश्व कप और फीफा अरब कप का भी आयोजन करेंगे। कतर को इस साल के फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप के अंतिम तीन मैचों (एम3 से एम5) की मेजबानी की पुष्टि कर दी गई है। यह एक विशिष्ट वार्षिक वैश्विक क्लब प्रतियोगिता है।

# भारत ने जीता सैफ अंडर-17 का खिताब

● भारतीय टीम ने बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 4-1 से हराकर अपना सातवां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप खिताब जीता




**कोलंबो, वार्ता।** भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने यहां रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 4-1 से हराकर अपना सातवां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप खिताब अपने नाम किया। हाफ टाइम तक भारत ने दल्लामुओन गंगटे (4') और अज़लान शाह केएच (38') के गोलों की मदद से 2-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन बांग्लादेश ने आखिरी क्षणों में इहसान हबीब रिदुआन के बराबरी के गोल से वापसी की और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और शूटआउट के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन शनिवार रात ब्लू कोल्ट्स ने सबसे जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। पेनल्टी शूटआउट में भारत ने अपनी उम्र से कहीं ज्यादा परिपक्वता दिखाई। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल दागे, जिसके बाद शुभम पूनिया ने निर्णायक चौथा किक गोल में बदल दिया। इसके विपरीत, बांग्लादेश दबाव में बिखर गया। मोहम्मद इकरामुल इस्लाम ने क्रॉसबार पर गेंद मारी, मोहम्मद आज़म खान का प्रयास मानशज्योति बरुआ ने बचा लिया, और हालांकि मोहम्मद माणिक ने उनके तीसरे प्रयास को गोल में बदल दिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। भारत ने जश्न मनाया और ज़ोरदार अंदाज में अपनी गद्दी वापस हासिल कर ली।

# लिटन दास के अफगानिस्तान सीरीज से बाहर रहने के संभावना



● सूत्रों के अनुसार लिटन दास को टीक होने में कम से कम तीन हफ्ते का समय लगेगा

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन कुमार दास पीठ की चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो सकते हैं।

टीम सूत्रों ने पुष्टि की है कि शानदार फॉर्म में चल रहे लिटन को ठीक होने में कम से कम तीन हफ्ते लगेंगे। इस चोट के कारण वह मौजूदा एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के खिलाफ सुपर 4 मैचों से पहले ही बाहर हो गए थे। बांग्लादेश दोनों मैच हार गया और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा।

राष्ट्रीय टीम के साथ मिल. कर काम करने वाले एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि मुझे लगता है कि उन्हें ठीक होने में कम से कम तीन हफ्ते लगेंगे, इसलिए अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के दौरान उनके (लिटन) खेलने की संभावना कम है। लिटन को 22 सितम्बर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान पीठ में खिंचाव आ गया था। नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय उन्हें कमर के बाईं ओर तकलीफ महसूस हुई।

# नेपाल की विंडीज पर ऐतिहासिक जीत

● 180 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के बाद नेपाल ने आखिरकार एक पूर्ण सदस्य देश को ऐतिहासिक दिन पर हराया




**शारजाह, वार्ता।** नेपाल ने शारजाह में वेस्टइंडीज को 19 रनों से हराकर किसी टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की और तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

180 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के बाद, नेपाल ने आखिरकार एक पूर्ण सदस्य देश को ऐतिहासिक दिन पर हराया। नेपाल के मध्यक्रम ने उन्हें 8 विकेट पर 148 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया, जिसके बाद उन्होंने सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को रोक दिया। वेस्टइंडीज ने नेपाल को बल्लेबाजी के लिए भेजा और धीमी शुरुआत के बाद, अकील हुसैन ने कुशल भुर्टेल को सस्ते में स्टंप आउट कर दिया। साथी सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख चौथे ओवर में जेसन होल्डर का शिकार बने और नेपाल का स्कोर अचानक 12/2 हो गया। कप्तान रोहित पौडेल और कुशल मल्ला ने 58 रनों की साझेदारी करके पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाज़ों ने अच्छी दौड़ भी लगाई, दो-दो और तीन-तीन रन भी लिए ताकि मैदान पर कोई रन न बचे। शानदार फॉर्म में चल रहे मल्ला ने ओबेद मैकॉय की गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन अगले ही ओवर में लेग स्पिनर नवियन बिदाईसी की गेंद पर आउट हो गए, जो अपना पहला मैच खेल रहे थे। पौडेल ने सिमंड्स की गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन लेग स्पिनर ने उन्हें पवेलियन वापस भेज दिया। गुलसन झा ने दो छक्कों की मदद से 22 रन बनाए, लेकिन लॉन्ग-ऑफ पर कैच आउट होकर बिदाईसी को अपना तीसरा विकेट दिलाया। 19वें ओवर में नेपाल ने होल्डर के हाथों तीन विकेट गंवा दिए, जिससे उनके मध्यक्रम की सारी मेहनत पर पानी फिर गया, लेकिन मैकॉय के दो छक्कों ने उन्हें 150 के आंकड़े से दो रन दूर कर दिया। वेस्टइंडीज ने शानदार शुरुआत की और पहली ही गेंद पर चौका जड़ दिया। करण केसी ने काइल मेयर्स को पांच रन पर आउट कर दिया, लेकिन अपने दूसरे ओवर में अकीम ऑगस्टे की आक्रामक बल्लेबाजी के कारण उन्हें 12 रन पर आउट कर दिया।

# रुज्दी ने विश्व रिकॉर्ड के साथ लगातार छठा शॉटपुट स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** बुल्गारिया के रुज्दी ने रविवार की सुबह इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की शॉटपुट एफ55 स्पर्धा में लगातार छठा स्वर्ण पदक जीता। 12.94 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ उनका दबदबा, इस सत्र में स्थापित तीन विश्व रिकॉर्डों में से एक था।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मलेशिया के अब्दुल लतीफ रोमली ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की लंबी कूद टी20 स्पर्धा में 7.67 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की, जबकि यूक्रेन के वोलोडिमिर पोनोमारेंको ने अपने दूसरे प्रयास में 17.39 मीटर के साथ पुरुषों की शॉटपुट टी12 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाया और मुकाबला निर्णायक रूप से जीत लिया। दिग्गज माने जाने वाले 34 वर्षीय रुज्दी ने अपने अंतिम प्रयास में लोहे की गेंद को 12.94 मीटर से अधिक की दूरी से फेंका, जिससे दो साल पहले पेरिस में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में बनाए गए उनके 12.69 मीटर के रिकॉर्ड में सुधार हुआ। सर्बिया के नेबोजसा ने छह बार 12 मीटर से अधिक की दूरी से थ्रो किया, लेकिन रुज्दी ने ड्यूरिक के सर्वश्रेष्ठ 12.52 मीटर से पांच बेहतर थ्रो किए। रुज्दी एक कार दुर्घटना में बच गए थे, लेकिन कमर से नीचे लकवाग्रस्त हैं, उन्होंने 2015 में दोहा से शुरू होकर विश्व चैंपियनशिप के प्रत्येक संस्करण में जीते गए स्वर्ण पदकों में और इजाफा किया। कठिन परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता तब सामने आई जब उन्होंने विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

# यूपी योद्धाज जीत की हैट्रिक लगाने को तैयार

● मुकाबला आज रात 8 बजे जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ करेंगी यूपी योद्धाज

**चेन्नई, वार्ता।** जयपुर में लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद यूपी योद्धाज अब चेन्नई चरण की शुरुआत गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेलते हुए करेंगे। यह मुकाबला 29 सितम्बर को जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में रात 8:00 बजे से खेला जाएगा। जयपुर चरण का समापन योद्धाज ने रोमांचक अंदाज़ में किया था। पहले उन्होंने 36-36 की बराबरी के बाद बेंगलुरु बुल्स को टाई-ब्रेकर में 6-5 से मात दी। इस नतीजे ने दबाव की स्थिति में टीम के धैर्य और आत्मविश्वास को साबित किया। अब लगातार तीसरी जीत की तलाश में योद्धाज अंक तालिका में सातवें स्थान से और ऊपर चढ़ने की कोशिश करेंगे। पिछले मैच में भवानी राजपूत ने 10 अंक जुटाकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि गगन गौड़ा ने लगातार योगदान देते हुए सीजन में 8 मैचों से अपने अंक 82 तक पहुंचा दिए हैं। इनके साथ गुमान सिंह का प्रभाव और युवा शिवम चौधरी की चमक, योद्धाज की अटैक लाइन-अप को कई खतरनाक विकल्प देता है। डिफेंस में कप्तान सुमित सां. गवान और उपकप्तान आशु सिंह को फिर से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की जरूरत होगी। महेंदर सिंह और हितेश की मजबूती के साथ, योद्धाज की बैकलाइन में अब तालमेल दिख रहा है और पीकेएल की सबसे अनुशासित और मजबूत डिफेंसिव इकाइयों में गिनी जा रही है।

## आईएसपीएल सीजन 3 की 9 जनवरी 2026 से वापसी

**मुंबई, वार्ता।** लगातार दो सफल सीजन के बाद, इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल), भारत का अग्रणी टेनिस-बॉल टी10 टूर्नामेंट, अपने तीसरे संस्करण के लिए और भी बड़ी, बेहतर और दमदार वापसी कर रहा है। आठ टीमों वाला यह टूर्नामेंट 9 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक सूरत में आयोजित किया जाएगा। आगामी सीजन की मुख्य बातों में, सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) को बिल्कुल नई पोर्शे 911 कार मिलेगी, जो यह दर्शाता है कि लीग वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं और मापदंडों के साथ तालमेल बिठाते हुए कितनी बड़ी हो गई है। आईएसपीएल की कोर कमेटी के सदस्यों, सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले, सूरज समत (लीग कमिश्नर), दीपक चौहान (लीग ऑपरेशंस के अध्यक्ष), के साथ-साथ सुपरस्टार अजय

# इगा-सिनर आगे बढ़े, झेंग की जोरदार वापसी



**बीजिंग, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी जैनिक सिनर और महिला खिलाड़ी इगा स्वियाटेक दोनों ने 2025 चाइना ओपन के एकल वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया, जबकि घरेलू प्रबल दावेदार झेंग किनवेन ने सर्जरी के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया की एमिलियाना अरंगो को हराया। इतालवी स्टार सिनर ने शनिवार को दूसरे दौर में फ्रांसीसी क्वालीफायर टेरेंस एटमाने के खिलाफ तीन सेटों में 6-4, 5-7, 6-0 से जीत हासिल की। तेईस वर्षीय एटमाने ने मैच में 11 ऐस लगाए, लेकिन सिनर को रोकने के लिए यह काफी नहीं था। मैच के बाद सिनर ने कहा कि आज की चुनौती बहुत कठिन थी। तीसरे सेट में वह निश्चित रूप से काफ़ी आत्मविश्वास से भरा हुआ था। मैंने पहला गेम शानदार खेलकर उसकी सर्विस तोड़ी, जिससे मुझे किसी तरह सेट जीतने का आत्मविश्वास मिला। डबल ब्रेक के बाद, माहौल थोड़ा अलग था। माहौल पूरी तरह से बदल गया। इस साल के चाइना ओपन में अपने पहले मैच में स्वियाटेक ने पहले राउंड में बाई मिलने के बाद ज्यादा आरामदायक जीत हासिल की, दूसरे राउंड में उन्होंने चीन की युआन यू को 6-0, 6-3 से आसानी से हरा दिया। 24 वर्षीय पोलिश खिलाड़ी ने कहा कि पहला मैच हमेशा कोर्ट का अनुभव करने और उसे समझने के लिए अच्छा होता है। मुझे हर मैच के लिए तैयार रहना होगा। मैं बस नए कौशल सीखने और अपने खेल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही हूं। चीनी टीम की प्रबल दावेदार और पेरिस ओलंपिक चैंपियन झेंग, जिनकी हाल ही में कोहनी की सर्जरी हुई थी, ने बहुप्रतीक्षित वापसी की। उत्साहपूर्ण जयकारों के बीच, झेंग ने अरांगो को 6-3, 6-2 से हराकर महिला एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अगले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने चीन की वांग ज़ियू को 6-3, 6-2 से हराया। चीनी खिलाड़ी झू लिन को चौथी वरीयता प्राप्त रूस की मीरा एंड्रीवा से 6-2, 6-2 से हार का सामना करना

## कार्लोस जापान ओपन के सेमीफाइनल में



**टोक्यो, वार्ता।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अमेरिका के ब्रैंडन नाकाशिमा को हराकर जापान ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। शनिवार रात खेले गये क्वार्टरफाइनल मुकाबले में विश्व नंबर वन अल्काराज ने एक ही सीजन में अपने करियर की 65वीं जीत दर्ज करते हुए ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-2, 6-4 से हराकर जापान ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अल्काराज सोमवार को अंतिम चार में नोर्वे के कैस्पर रूड से भिड़ेंगे। स्पेनिश खिलाड़ी का नोर्वे के खिलाड़ी के खिलाफ अब तक का रिकॉर्ड 4-1 है, लेकिन रूड ने पिछले साल एटीपी फाइनल में सीधे सेटों में जीत हासिल की थी। दूसरे सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज का सामना लगातार दूसरे दिन अपने ही अमेरिकी हमवतन जेनसन ब्रूक्सबी से होगा। फ्रिट्ज ने सेबेस्टियन कोर्डा को 6-3, 6-7(5), 6-3 से हराया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 29 सितम्बर 2025

# यूनुस की बदजुबानी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ खराब होते रिश्तों का पूरा दोष नई दिल्ली पर मढ़ा है। उन्होंने इसके लिए जो कारण बताए हैं, वो पूरी तरह भ्रामक और सच से मुंह मोड़ने वाले हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ रिश्ते खराब होने का ठीकरा पूरी तरह नई दिल्ली पर फोड़ दिया है। द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के लिए उन्होंने जो कारण गिनाए हैं, वे पूरी तरह भ्रामक और सच से मुंह मोड़ने वाले हैं। मोहम्मद यूनुस को यह रास नहीं आ रहा कि भारत ने बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को शरण दी है। उनके मुताबिक, भारत को बांग्लादेशी स्टूडेंट्स का विरोध-प्रदर्शन पसंद नहीं आया और भारतीय मीडिया की तरफ से दुष्प्रचार किया गया। यूनुस ने ये बातें न्यूयॉर्क में कहीं, जहां वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गए हुए हैं। एक तो द्विपक्षीय मसलों पर बात करने के लिए यह कोई मंच नहीं था और फिर यूनुस ने अधूरी तस्वीर पेश की है। अगस्त, 2024 में उनके सत्ता संभालने के बाद से बांग्लादेश के अंदरूनी हालात लगातार बिगड़े हैं, अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं।

भारत ने स्टूडेंट्स के आंदोलन पर कभी ऐतराज नहीं किया-हां, अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने पर चिंता जरूर जताई है। यह कोई दुष्प्रचार नहीं है, इस साल फरवरी में जारी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं, अहमदिया मुस्लिमों, ईसाइयों, बौद्ध और यहां तक कि चटगांव के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाली मूल जनजातियों पर भी हमले बढ़े हैं। सच यही है कि उनकी सरकार में कट्टरपंथी ताकतों का दखल पड़ा है। कानून-व्यवस्था और जल्द चुनाव के मुद्दे पर उनकी बांग्लादेशी सेना के साथ भी अनबन हो चुकी है। यूनुस पर जिम्मेदारी थी जल्द से जल्द चुनाव कराने की, जिससे वह बचते आ रहे हैं। स्टूडेंट्स का भरोसा भी उन पर कम हुआ है। इसके बावजूद वह ऐसे नीतिगत फैसले ले रहे हैं, जिसका असर लंबे वक्त तक बांग्लादेश को प्रभावित करेगा। उन्होंने अपने देश को पाकिस्तान और चीन की तरफ झुका दिया है। वह शायद भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर दिया अपना बयान भूल गए, जो हर लिहाज से पड़ोसी धर्म के खिलाफ था। यूनुस SAARC को फिर से सक्रिय करना चाहते हैं, लेकिन उनकी कोशिशों के पीछे का मकसद साफ समझ आ जाता है। पाकिस्तान की वकालत करना। SAARC भले निष्क्रिय हो, लेकिन दूसरे क्षेत्रीय संगठन BIMSTEC के जरिए भारत पड़ोसी देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। यूनुस अगर भारत के साथ बेहतर रिश्ते चाहते हैं, तो उन्हें जियो पॉलिटिक्स का मोहरा बनने के बजाय नई दिल्ली से सीधे बात करनी चाहिए और सच को स्वीकार करना चाहिए।

## एक प्रदेश में दो कानून कैसे हो सकते हैं



उप्र में कानून का राज नहीं, बल्कि दो. हरी व्यवस्था चल रही है, दलित, मुस्लिम और पिछड़े समाज के लिए अलग कानून लागू कर तानाशाही थोपने की कोशिश हो रही है, बरेली में आई लव मोहम्मद प्रकरण पर लाठी भांजने वाली पुलिस फतेहपुर में खामोश रहती है, महज कागज पर आई लव मोहम्मद लिखने को अपराध घोषित कर दिया गया, बरेली में शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने वाले लोगों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज हुआ और निर्दोषों को जेल भेज दिया गया, यह सब सत्ता के इशारे पर हुआ है, एक प्रदेश में दो कानून कैसे हो सकते हैं, अगर सरकार वास्तव में संवाद चाहती तो, प्रदर्शनकारियों को समझा सकती थी, लेकिन सत्ता की नीयत कमजोर वर्गों को डराने की है, यूपी में जंगलराज कायम है।

**चंद्रशेखर आजाद, अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)**

## सरयू से संगम तक की पदयात्रा

# सामाजिक चेतना और लोकतांत्रिक संघर्ष का नया सफर



**वीरेश तरार**

उत्तर प्रदेश की जमीन हमेशा आंदोलनों, संघर्षों और यात्राओं की गवाह रही है। कभी किसानों के आंदोलन ने सत्ता को हिलाया, कभी युवाओं की पदयात्रा ने राजनीति का चेहरा बदल दिया, कभी साधु-संतों के जत्थों ने आस्था का नया स्वर दिया और कभी जनसैलाब ने लो. कतंत्र की दिशा मोड़ दी। इसी परंपरा में एक नई कड़ी जुड़ने जा रही है, जब आम आदमी पार्टी ने यह घोषणा की कि वह सरयू से संगम तक की पदयात्रा निकालेगी। यह घोषणा केवल राजनीतिक महत्वाकांक्षा का इजहार नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सामाजिक हकीकत का आईना है। जिस राज्य में करोड़ों युवा बेरोजगार हैं, जहां किसान हर मौसम में नए संकट से जूझता है, जहां शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है और जहां सामाजिक न्याय अब भी अधूरा सपना बना हुआ है, वहां एक ऐसी पदयात्रा जनता की चेतना को जगाने का जरिया बन सकती है।

यात्राएं हमेशा केवल पांवों की थकान नहीं होतीं, बल्कि वे समाज की नब्ज को छूने का माध्यम होती हैं। महात्मा गांधी की दांडी यात्रा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। नमक के मुद्दे पर निकली वह यात्रा भारत की आजादी की लड़ाई को नया मोड़ दे गई थी। लोहिया ने भी यात्राओं को समाजवादी आंदोलन का औजार बनाया। जयप्रकाश नारायण की पुकार भी गांव-गांव जाकर फैली थी। आडवाणी की रथयात्रा ने एक अलग किस्म की राजनीति को जन्म दिया। राहुल गांधी ने भी हाल में अपनी भारत जोड़ो यात्रा से कोशिश की कि जनता से सीधा संवाद बने। ऐसे उदाहरण बताते हैं कि जब नेता सड़कों पर उतरते हैं, जब वे गांवों-कस्बों की धूल अपने पैरों से चिपकाते हैं, तब राजनीति महलों से निकलकर जनता के आंगन तक आती है।

सरयू से संगम तक का रास्ता केवल एक भौगोलिक दूरी नहीं है, बल्कि प्रतीकात्मक अर्थों से भरा हुआ है। सरयू नदी अयोध्या की पहचान है, वह आस्था और परंपरा का केंद्र है। वहीं प्रयागराज का संगम भारत की विविधता, सांस्कृतिक एकता और लोकचेतना का सबसे बड़ा प्रतीक है। इस यात्रा का संदेश यही है कि राजनीति को केवल सत्ता की लड़ाई न बनाकर समाज की विविधता और पीड़ा को एक सूत्र में पिरोया जाए। इस पदयात्रा का मार्ग उन इलाकों से होकर गुजरेगा, जहां किसान गन्ने के दाम के लिए वर्षों से आंदोलन कर रहा है, जहां नौजवान नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, जहां दलितों और पिछड़ों को बराबरी का हक अब भी अधूरा है और जहां महिलाएं रोजाना असुरक्षा की छाया में जीती हैं। यह सब मिलकर इस यात्रा को सिर्फ एक जुलूस नहीं, बल्कि सामाजिक दस्तावेज बना देते हैं।

उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या आज बेरोजगारी है। लाखों पढ़े-लिखे युवक सरकारी नौकरियों की प्रतीक्षा में अपने जीवन के सुनहरे साल गंवा रहे हैं। भर्ती प्रक्रियाएं वर्षों तक लंबित रहती हैं, परीक्षा के पेपर लीक होते हैं, और जब कभी नौकरी मिलती भी है तो उसमें भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोप लगते हैं। निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर सीमित हैं। इसके चलते युवा वर्ग निराशा और हताशा में जी रहा है। यही निराशा कभी-कभी समाज में आक्रोश का रूप ले लेती है। यह पदयात्रा अगर सचमुच इन युवाओं की आवाज को उठाती है, उनके लिए ठोस वैकल्पिक योजनाएं पेश करती है, तो यह आंदोलन केवल चुनावी अभियान न रहकर सामाजिक चेतना का स्वरूप ले सकता है।

किसानों की हालत भी कम भयावह नहीं है। गन्ना किसान वर्षों से बकाया भुगतान की प्रतीक्षा करता है। धान और गेहूं के किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिल पाता, बढ़ती लागत और घटते मुनाफे ने उनकी कमर तोड़ दी है। किसान आत्महत्या जैसे चरम कदम उठाने पर मजबूर हो रहे हैं। लेकिन सत्ता के गलियारों से केवल वादे निकलते हैं, समाधान नहीं। इस पदयात्रा का एक बड़ा कसौटी यही होगा कि क्या यह किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सामने रखती है। गन्ना बेल्ट से गुजरते हुए यह यात्रा किसानों की आह और उनकी उम्मीद दोनों को आवाज दे सकती है। सामाजिक न्याय का सवाल उत्तर प्रदेश की राजनीति का स्थाई केंद्र है। दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग आज भी बराबरी और सम्मान की तलाश में हैं। भूमिहीन मजदूर, दिहाड़ी करने वाले, छोटे कारीगर, सफाईकर्मी और शोषित तबके की आवाज अक्सर चुनावी नारों के बीच गुम हो जाती है। यह पदयात्रा अगर उन्हें मंच देती है, उनके मुद्दों को उठाती है, तो यह समाज में नई चेतना भर सकती है। राजनीति की सच्ची परीक्षा यही है कि वह केवल जातीय समीकरणों से ऊपर उठकर समानता और समरसता की लड़ाई लड़े। शिक्षा और स्वास्थ्य की उपेक्षा उत्तर प्रदेश को सबसे पीछे धकेल रही है। सरकारी स्कूलों में संसाधन नहीं हैं, शिक्षक नहीं हैं, बच्चों का भविष्य अंधकारमय है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर और दवाइयां नहीं मिलतीं, आम आदमी को इलाज के लिए निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है, जहां खर्च उसकी सामर्थ्य से कहीं अधिक होता है। इस यात्रा को यदि जनता गंभीरता से लेगी, तो तभी जब यह इन बुनियादी सवालों को आवाज देगी। जनता यह जानना चाहती है कि सड़क और पुल बनाने से आगे क्या उसकी जिंदगी आसान होगी, क्या उसके बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी, क्या बीमारी की हालत में इलाज मिलेगा, क्या किसान का पसीना उसे सम्मानजनक जीवन देगा।

लोकतंत्र का असली मूल्य यही है कि सत्ता जनता की तकलीफों को सुने और उनका समाधान करे। लेकिन आज सत्ता और समाज के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। सत्ता बड़े आयोजनों और विज्ञापनों में व्यस्त है, जबकि जनता बेरोजगारी, महंगाई और असुरक्षा के बोझ तले कराह रही है। इस स्थिति में जब कोई राजनीतिक दल सड़क पर उतरता है, तो जनता उसमें अपनी उम्मीदें खोजती है, लेकिन उम्मीदें स्थाई तभी बनती हैं जब आंदोलन केवल नारेबाजी न रहकर ठोस कार्यक्रम और नीति का रूप लें। यही इस पदयात्रा की सबसे बड़ी चुनौती होगी। इतिहास गवाह है कि उत्तर प्रदेश की धरती पर निकली यात्राओं ने राजनीति की दिशा बदली है। आजादी की लड़ाई में यह धरती निर्णायक बनी। आजादी के बाद भी किसान आंदोलनों से लेकर सामाजिक न्याय की पुकार तक, हर आंदोलन ने राजनीति पर असर डाला। आज जब लोकतंत्र का स्वरूप केवल चुनाव और सत्ता की होड़ तक सीमित होता जा रहा है, तब ऐसी यात्राओं का महत्व और बढ़ जाता है। यह यात्रा लोकतंत्र की असली कसौटी होगीकृक्या यह जनता की आवाज को सत्ता तक पहुंचा पाएगी या केवल मीडिया की सुर्खियों में सिमट जाएगी। सरयू से संगम तक की यात्रा का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अर्थ भी गहरा है। यह यात्रा उस प्रदेश की पहचान को सामने लाती है, जहां धर्म और आस्था के साथ-साथ संघर्ष और चेतना की भी धारा बहती है। सरयू से लेकर संगम तक का सफर प्रतीक है उस समाज का, जहां विविधता के बीच एकता है, जहां आस्था और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं, और जहां हर युग में जनता ने अपनी आवाज से राजनीति की दिशा बदली है। आखिर में सवाल यही है कि क्या यह यात्रा जनता की पीड़ा को सचमुच अपनी धड़कन बना पाएगी। क्या यह केवल राजनी. तिक महत्वाकांक्षा की अभिव्यक्ति बनकर रह जाएगी या समाज में नया अध्याय लिखेगी। लो. कतंत्र की ताकत जनता है, और जनता तभी जागती है जब उसे लगता है कि उसकी तकलीफें सचमुच सुनी जा रही हैं। यदि यह यात्रा जनता की उम्मीदों को ठोस योजनाओं और नीतियों में बदलने का साहस करती है, तो यह सरयू से संगम तक का सफर केवल एक यात्रा नहीं बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण का अध्याय बन जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद ईरान का स्वावलंबी होना



**तनवीर जाफरी**

ट्रंप प्रशासन ने ही 2020 और उसके बाद ईरान के परमाणु, बैलिस्टिक मिसा. इल और हथियार कार्यक्रमों को रोकने के लिए नए प्रतिबंध जोड़े। यहां तक कि 2025 में भी, ट्रंप द्वारा ईरान के तेल व्यापार और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े व्यक्तियों और कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए। अमेरिका ने इसी वर्ष ईरान के तेल व्यापार, पेट्रोकेमिकल उद्योग और परमाणु अनुसंधान पर कड़े प्रति. बंध लगाए हैं। अभी इसी वर्ष गत मई में ही अमेरिका ने परमाणु वार्ता के बीच ही पुनः नए प्रतिबंध लगा दिए थे। इस प्रतिबंध में तीन ईरानी अधिकारियों और एक कंपनी को निशाना बनाया गया है।

विश्व के सिर पर सवार अमेरिकी वर्चस्व का भूत अब धीरे धीरे उतरने लगा है। खासकर डोनल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे शासनकाल में जैसा बर्ताव दुनिया के अनेक देशों के साथ किया है उससे भी अमेरिका की साख को काफी गहरा धक्का पहुंचा है। कभी वे कनाडा को 51 वां अमेरिकी राज्य बताकर खलबली पैदा कर देते हैं तो कभी दुनिया के अनेक देशों पर मनमानी टेरिफ लगाकर आर्थिक संकट खड़ा करते हैं। कभी भारत और रूस जैसे देशों की अर्थव्यवस्थाओं को श्मृत अर्थव्यवस्था श बताकर इन देशों को अपमानित करते हैं। तो कभी वीजा फीस असीमित कर लोगों की चिंता बढ़ा देते हैं। गौर तलब है कि गत 31 जुलाई को राष्ट्रपति ट्रंप ने एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट करते हुए लिखा था कि मुझे भारत का रूस के साथ क्या करना है, उसकी परवाह नहीं। वे अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को साथ ले जा सकते हैं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसी समय ट्रंप ने भारत को रूस से सैन्य उपकरण और ऊर्जा तेल खरीदने के लिए दंड लगाने की भी धमकी दी थी। ट्रंप का कहना था कि चीन के बाद भारत रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है। जबकि अमेरिका यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए रूस पर दबाव डाल रहा है। ट्रंप का मत था कि भारत से तेल से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल रूस, यूक्रेन युद्ध में कर रहा है। इस घटनाक्रम में एक मजेदार मोड़ तब आया था जब स्वयं यूक्रेन ने कह दिया था कि उसे भारत रूस के व्यापारिक रिश्तों को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। इसी तरह गजा में अमेरिकी संरक्षण में जिस तरह इस्राईल जनसंहार कर रहा है दुनिया के तमाम देश, संयुक्त राष्ट्र संघ, अंतर्राष्ट्रीय अदालत सब इस्राईल खासकर नेतन्याहू की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध हैं। बार-बार इस्राईली नीतियों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पास हो रहे हैं, नेतन्याहू के विरुद्ध वारंट जारी हो रहे हैं परन्तु इस्राईल का दमनचक्र जारी है और उसका परममित्र अमेरिका खामोश है?

दुनिया ने यह भी देखा कि इजराइल ने किस तरह मध्य एशिया में अमेरिका के परम् सहयोगी देश कतर पर हमास लीडरशिप को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। इतना ही नहीं बल्कि जरूरत पड़ने पर आगे भी कतर पर हमले की चेतावनी दी। परन्तु अमेरिका इस कार्रवाई को भी देखता रह गया। गोया यह इजराईल व नेतन्याहू को दी जा रही अमेरिकी सरपरस्ती का ही परिणाम है कि इस्राईल के ही दो पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक और एहुद ओल्मर्ट को यहां तक कहना पड़ चुका है कि नेतन्याहू इस्राईल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अछूत बनाने की ओर ले जा रहे हैं। ऐसे में ईरान जैसे देश घोर अमेरिका विरोधी देश की तरफ नजर डालना भी जरूरी है। क्योंकि अमेरिका ने ईरान पर 1979 की ईरानी क्रांति के बाद से ही आर्थिक और राजनयिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। सबसे पहले 1979 में अमेरिकी ने अपने तेहरान दूतावास में बंधक संकट के बाद पहली बार व्यापक प्रतिबंध लगाए थे जिसमें ईरानी तेल आयात पर रोक लगा दी गई थी और ईरानी संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया था। उसके बाद 1980-90 के दशक में ईरान को आतंकवाद का समर्थक बताकर और परमाणु कार्यक्रम की आशंकाओं का बहाना बनाकर इन प्रतिबंधों को और सख्त किया गया। इसके बाद 1995 में तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने ईरान के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिए। इसी तरह 2000 के दशक में पुनः ईरान के परमाणु कार्यक्रम की आड़ में संयुक्त राष्ट्र और अमे. रिका ने ईरान पर और नए प्रतिबंध लगा दिए। इन प्रति. बंधों का निशाना ईरान के वित्तीय संस्थान, तेल निर्यात और तकनीकी व्यापार थे। हालांकि ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के वादे के बाद 2015 में संयुक्त व्यापक कार्य योजना द्धश्रब्च्व्।ऋ, यानी ईरान परमाणु समझौते के तहत, कई प्रतिबंध हटाए भी गए थे। परन्तु राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में ईरान पर खासकर तेल निर्यात, बैंकिंग और शिपिंग सेक्टर पर फिर से कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व



**विनीत नारायण**

आज की दुनिया में ऊर्जा नीतियां सिर्फ आर्थिक निर्णय नहीं हैं, बल्कि वैश्विक वर्चस्व की कुंजी हैं। जब अमेरिका तेल और गैस पर दांव लगाकर पुरानी राह पर लौट रहा है, वहीं चीन स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को गति दे रहा है। यह विरोधाभास न केवल आर्थिक असंतुलन पैदा कर रहा है, बल्कि भविष्य की तकनीकी दिग्गजोंकृजैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्धएआईऋकृके लिए बुनियादी ढांचे को भी प्रभावित कर रहा है। साइरस जेन्सेन की हालिया वीडियो 'अमे. रिका जस्ट मेड द ग्रेटेस्ट मिस्टेक ऑफ द 21वीं सेंचुरी' इस मुद्दे को बेबाकी से उजागर करती है। य

अमेरिका, जो कभी नवाचार का प्रतीक था, अब अपनी ऊर्जा नीतियों में उल्टा चढ़ाव दिखा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में, अमेरिका ने अलास्का में 44 अरब डॉलर का प्राकृतिक गैस प्रोजेक्ट शुरू किया था। जनरल मोटर्स जैसी कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों ईवी की योजनाओं को रद्द कर रही हैं और वी8 गैस इंजनों पर लौट रही हैं। यहां तक कि ईवी खरीद पर टैक्स क्रेडिट भी समाप्त कर दिए गए हैं। यह सब तब हो रहा है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है और नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य का रास्ता दिख रही है।

जेन्सेन की वीडियो में साफ कहा गया है कि अमे. रिका की यह रणनीति अल्पकालिक लाभ के लिए है। तेल और गैस निर्यात बढ़ाने से तत्काल आर्थिक फायदा तो मिलेगा, लेकिन लंबे समय में यह वैश्विक बाजारों में पीछे धकेल देगा। अमेरिका ने 1950 के दशक में सोलर पैनल विकसित किए थे, 1970 के दशक में लिथियम-आयन बैटरी का आविष्कार किया, लेकिन रोनाल्ड रीगन जैसे नेताओं ने जिमी कार्टर के व्हाइट हाउस सोलर पैनल हटाकर इसकी उपेक्षा की। आज भी वही पुरानी सोच हावी है। परिणामस्वरूप, अमेरिका ईवी निर्यात में मात्र 12 अरब डॉलर और बैटरी निर्यात में 3 अरब डॉलर पर सिमट गया है, जबकि सोलर पैनल निर्यात तो महज 69 मिलियन डॉलर का है।



यह भूल सिर्फ आर्थिक नहीं, भू-राजनीतिक भी है। वैश्विक दक्षिणकृजो सौर और पवन ऊर्जा के 70 प्रतिशत स्रोतों और महत्वपूर्ण खनिजों के 50 प्रतिशत का नियंत्रण रखता हैकृअब नवीकरणीय ऊर्जा की ओर मुड़ रहा है। अमेरिका का जीवाश्म ईंधन पर फोकस इन देशों को अलग-थलग कर देगा, जबकि चीन इनके साथ साझेदारी कर रहा है। वहीं, चीन ने स्वच्छ ऊर्जा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बना लिया है। 2024 में चीन ने दुनिया के बाकी देशों से ज्यादा विंड टर्बाइन और सोलर पैनल लगाए। ईवी और बैटरी स्टोरेज में निवेश ने इसे वैश्विक नेता बना दिया है। पिछले साल चीन ने 38 अरब डॉलर के ईवी निर्यात किए, 65 अरब डॉलर की बैटरी बेचीं, और सोलर पैनल के 40 अरब डॉलर के निर्यात किए। स्वच्छ ऊर्जा पेटेंट में चीन के पास 7 लाख से ज्यादा हैं, जो दुनिया के आधे से अधिक हैं।

जेन्सेन उद्धृत करते हुए बताते हैं कि चीन की सफलता का राज समन्वित प्रयास है। सीएल के सह-अध्यक्ष शिएन पैन कहते हैं, ह्चीन को लंबे लक्ष्य पर प्रतिबद्ध करना मुश्किल है, लेकिन जब हम प्रतिबद्ध होते हैं, तो समाज के हर पहलूकृसरकार, नीति, निजी क्षेत्र, इंजीनियरिंग सभी एक ही लक्ष्य की ओर कड़ी मेहनत करते हैं। यह दृष्टिकोण अमेरिका की छिटपुट नीतियों से बिल्कुल अलग है।

चीन अब वैश्विक बाजारों में फैल रहा है। ब्राजील, थाईलैंड, मोरक्को और हंगरी में ईवी और बैटरी फैक्टरियां बना रहा है। हंगरी में 8 अरब डॉलर का कारखाना, इंडोनेशिया में 11 अरब डॉलर का सोलर प्लांटकृए निवेश न केवल आर्थिक, बल्कि भू-राजनी. तिक लाभ भी दे रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के हवाले से जेन्सेन कहते हैं, ईवी बैटरी बनाने वाले देश दशकों तक आर्थिक और भू-राजनीतिक फायदे काटेंगे। अभी तक का एकमात्र विजेता चीन है। पिछले 15 वर्षों में चीन ने बिजली उत्पादन में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि एआई जैसी उभरती तकनीकें बिजली पर निर्भर हैं। चीन का स्वच्छ ऊर्जा निवेश न केवल पर्यावरण बचाएगा, बल्कि एआई क्रांति में भी नेतृत्व देगा। आरएमआई की 'पावरिंग अप द ग्लोबल साउथ' रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक दक्षिण के 70 प्रतिशत सौर-पवन संसाधन चीन की रणनीति से जुड़ रहे हैं। यह संघर्ष सिर्फ दो महाशक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का है। वैश्विक दक्षिण अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण एशियाकृअब सस्ती और सतत ऊर्जा की तलाश में है। चीन ने इन देशों में सस्ते सोलर पैनल और ईवी तकनीक पहुंचाई है, जबकि अमेरिका के महंगे गैस प्रोजेक्ट इनके लिए बोझ साबित हो रहे हैं। परिणाम? यह देश चीन की ओर झुक रहे हैं।

भारत के संदर्भ में देखें तो यह चेतावनी स्पष्ट है। हमारी 'मेक इन इंडिया' और 'प्लेड्ज फॉर क्लाइमेट' पहलें स्वच्छ ऊर्जा पर केंद्रित हैं, लेकिन चीन का वर्चस्व चुनौती है। भारत सोलर और विंड में प्रगति कर रहा है, लेकिन बैटरी और ईवी चिप्स में आयात पर निर्भरता बनी हुई है। यदि हम चीन की तरह समन्वित नीति नहीं अपनाते, तो वैश्विक आपूर्ति श्रंखला में पीछे रह जाएंगे। अमेरिका की गलती से सबक लेते हुए, भारत को स्वदेशी नवाचार पर जोर देना चाहिएकृजैसे लिथियम खनन और बैटरी रिसाइक्लिंग में निवेश। अमेरिका की यह भूल नई नहीं है। 20वीं सदी में जापान ने इलेक्ट्रॉनिक्स में अमेरिका को पीछे छोड़ा था, क्योंकि अमेरिका ने अल्पकालिक लाभ को प्राथमिकता दी। आज चीन स्वच्छ ऊर्जा में वही कर रहा है। जेन्सेन की वीडियो एक चेतावनी हैरू जो देश बिजली उत्पादन में आगे होगा, वही एआई और अगली औद्योगिक क्रांति जीतेगा। अमेरिका को अपनी नीतियां पलटनी होंगीकृईवी सब्सिडी बहाल करनी होंगी, नवीकरणीय अनुसंधान में निवेश बढ़ाना होगा। लेकिन समय कम है। चीन का बढ़त 10 वर्षों का नहीं, बल्कि दशकों का हो सकता है। अमेरिका ने 21वीं सदी की सबसे बड़ी गलती कर दी हैकृजीवाश्म ईंधन पर दांव लगाकर स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को गंवा दिया। चीन का उदय एक सबक है समन्वित, दूरदर्शी नीतियां ही विजेता बनाती हैं। भारत जैसे देशों को इस दौड़ में शामिल होना चाहिए, ताकि हम न केवल पर्यावरण बचाएं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता भी हासिल करें। समय आ गया है कि दुनिया एकजुट होकर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाए। अन्यथा, इतिहास हमें माफ नहीं करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ट्रम्प के मंत्री बोले: हमे भारत को दुरुस्त करना होगा

## भारत ऐसे कदम न उठाए जिससे दोनों देशों का नुकसान हो

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें भारत समेत कई देशों को दुरुस्त करना है। इनमें स्विट्जरलैंड और ब्राजील शामिल हैं। लुटनिक ने चेतावनी दी कि ये देश अपने बाजार खोलें और ऐसे कदम न उठाएं जिससे अमेरिका को नुकसान हो, इसी वजह से हमारे रिश्तों में दिक्कत आ रही है।

न्यूज नेशन से बातचीत में उन्होंने ने कहा कि अगर भारत अमेरिका में सामान बेचना चाहता है तो उसे ट्रम्प प्रशासन की शर्तों को मानना पड़ेगा। अमेरिकी मंत्री ने ने भारत को सही तरीके से रिएक्ट करने की सलाह दी है। उन्होंने ने कहा कि समय के साथ ये मुद्दे सुलझ जाएंगे, लेकिन अगर आप अमेरिकी उपभोक्ताओं को अपना सामान बेचना चाहते हैं, तो आपको अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ तालमेल बिठाना होगा। गौरतलब है कि 22 से 24 सितम्बर के बीच भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में



■ अगर भारत अमेरिका में सामान बेचना चाहता है तो उसे ट्रम्प प्रशासन की शर्तों को मानना पड़ेगा: लुटनिक

एक उच्च-स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका गया था। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) और निवेश को लेकर अहम बातचीत हुई। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, पीयूष गोयल ने अमेरिकी ट्रेड प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीयर और भारत के लिए नामिनेट अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। दोनों देशों ने माना कि व्यापार समझौते को जल्दी पूरा करने के लिए बातचीत जारी रखी जाएगी, ताकि यह दोनों देशों के लिए फायदेमंद साबित हो। लुटनिक ने 5 सितम्बर को भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ हटाने के लिए तीन शर्त रखी थीं। उन्होंने कहा था कि भारत को रूस से तेल खरीदना बंद करना पड़ेगा, ब्रिक्स से अलग होना होगा और अमेरिका का सपोर्ट करना होगा। उन्होंने यह भी कहा था कि एक-दो महीने में भारत ट्रम्प के साथ बातचीत की टेबल पर आएगा और माफी मांगेगा। लुटनिक के मुताबिक, भारत ट्रम्प के साथ नया सौदा करने की कोशिश करेगा। यह सौदा ट्रम्प की शर्तों पर होगा और वे प्रधानमंत्री मोदी के साथ इसे अंतिम रूप देंगे। ट्रम्प के 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद पहली बार ट्रेड डील पर बातचीत के लिए 16 सितम्बर को अमेरिकी दल भारत पहुंचा था।

# हर नौ मिनट में रेबीज से होती है एक मौत: डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्व में हर नौ मिनट में कहीं न कहीं रेबीज से एक व्यक्ति की जान जाती है। अगर जंगली जानवरों के काटने के बाद एंटी रैबीज सीरम और टीके के पूरे डोज ले लिए जाएं तो इससे बचाव मुमकिन है। हर साल 28 सितम्बर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आज डब्ल्यूएचओ ने इसके रोग के बारे को लेकर लोगों को आगाह किया है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक 150 से ज्यादा देश खासकर एशिया और अफ्रीका में रेबीज एक गंभीर समस्या है।



**लद्दाख।** हाल ही में राज्य के लिए विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में मारे गए 24 वर्षीय स्टैनजिन नामग्याल के पार्थिव शरीर को लेह में कर्फ्यू के बीच अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय पहरा देते सुरक्षाकर्मी।

## संक्षिप्त समाचार

### गुटेरेस ने इज़रायल और हूती के बीच सैन्य तनाव की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यमन में इजरायल और हूती समूह के बीच जारी सैन्य तनाव की निंदा की है। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। दुजारिक ने बयान में कहा कि महासचिव इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने के खतरे को लेकर बेहद चिंतित हैं और सभी पक्षों से अत्यधिक संयम बरतने का आग्रह करते हैं। बयान में कहा गया है कि गुटेरेस सभी पक्षों को यह सुनिश्चित करने के उनके दायित्वों की याद दिलाते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नागरिकों का हर समय सम्मान और सुरक्षा हो।

### रूस ने 40 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस की वायु सेना ने अलग अलग रूसी इलाकों में दागे गए 41 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) को स्थानीय समयानुसार देर रात मार गिराया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 28 सितम्बर की रात हवाई रक्षा प्रणाली ने 41 यूएवी नष्ट कर दिये गए। मंत्रालय ने बताया कि कुर्स्क इलाके में 12, ब्रांस्क इलाके में 10, बेलगोरोद इलाके में आठ, तुला इलाके में चार, यारोस्लाव क्षेत्र में तीन, रोस्तव क्षेत्र में दो और नोवगोरोड क्षेत्र और समारा क्षेत्र में एक-एक यूएवी मार गिराया गया है।

### कैमरून में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव अभियान शुरू

**याउंडे।** कैमरून में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव अभियान शनिवार को आधिकारिक रूप से शुरू हो गया। एक महिला सहित 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यह अभियान दो सप्ताह तक चलेगा और 12 अक्टूबर को मतदान होगा। प्रमुख उम्मीदवारों में सत्तारूढ़ कैमरून पीपुल्स डेमोक्रेटिक मूवमेंट के नेता एवं राष्ट्रपति पॉल बिया, इसा चिरोमा बाकरी और बेलो बौबा मैगारी शामिल हैं। प्रमुख विपक्षी दल सोशल डेमोक्रेटिक फ्रंट के उम्मीदवार जोशुआ ओसिह ने अंग्रेजी भाषी उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के प्रमुख शहर बामेंडा में अपना अभियान शुरू किया, जो 2017 से सशस्त्र अलगाववादी संघर्ष से त्रस्त है।

# यूएन में भारत की जिम्मेदारी बढ़ाने का चीन-रूस ने किया समर्थन

## टैरिफ युद्ध के बीच रूस और चीन ने एक बार फिर दिखाई भारत के साथ एकजुटता

**न्यूयॉर्क/मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ युद्ध के बीच रूस और चीन ने एक बार फिर भारत से करीबी का इजहार किया है। दरअसल रूस और चीन ने सुरक्षा परिषद में भारत और ब्राजील को ज्यादा जिम्मेदारी देने का समर्थन कर दिया है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की 80वीं बैठक से इतर ब्रिक्स देशों की बैठक में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत, ब्राजील और अफ्रीकी देशों को सुरक्षा परिषद में स्थाई प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, क्योंकि इन देशों की बड़ी आबादी और वैश्विक प्रभाव को ध्यान में रखा जाना जरूरी है। इसके बाद चीन ने भी इसी तरह के विचार रखते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ज्यादा समावेशिता सुनिश्चित करना अंतर्राष्ट्रीय शांति और स्थिरता के लिए आवश्यक है। मजबूत वैश्विक भू-राजनीति के लिहाज से यह कदम इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल ही में जी-20 सम्मेलन के दौरान भारत-चीन व रूस के बीच एक मजबूत गठजोड़ देखने को मिला था। इस दौरान पीएम मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक साथ नजर आए थे और इन तस्वीरों ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था। उधर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे



**दिसम्बर में भारत आएंगे पुतिन, लावरोव बोले: खतरे में नहीं दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी**


ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की अपील करते हुए भारत की स्थाई सदस्यता का खुला समर्थन किया है। तोबगे ने कहा कि परिषद में प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाना वक्त की जरूरत है। ऐसे में भारत और जापान जैसे देशों को स्थाई सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र में शामिल किया जाना चाहिए। वहीं रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत और रूस के बीच आर्थिक साझेदारी खतरे में नहीं है। भारतीय प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत अपने साझेदार खुद चुनता है। लावरोव भारत पर रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका की ओर से संभावित द्वितीयक प्रतिबंध लगाने के सवाल का जवाब दे रहे थे। लावरोव ने आगे कहा, श्यदि अमेरिका के पास भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार को समृद्ध करने के प्रस्ताव हैं, तो वे इसके लिए शर्तों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, चाहे अमेरिका जो भी शर्तें रखे। लेकिन जब बात भारत और तीसरे देशों के बीच व्यापार, निवेश, आर्थिक, सैन्य, तकनीकी और अन्य संबंधों की आती है, तो यह ऐसी चीज है जिस पर भारत केवल संबंधित देशों के साथ ही चर्चा करेगा। भारत और रूस संबंधों पर लावरोव ने कहा, हम भारत के राष्ट्रीय हितों का पूरा सम्मान करते हैं और पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा इन हितों को बढ़ावा देने वाली विदेश नीति का भी। हम उच्चतम स्तर पर नियमित संपर्क में रहते हैं। लावरोव ने आगे कहा कि भारत और अमेरिका या भारत और किसी अन्य देश के बीच जो भी परिस्थितियां पैदा हों, उन्हें रूस-भारत संबंधों का मानदंड नहीं माना जा सकता। हमारा भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी का लंबा अनुभव है।

### भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश: पुतिन



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाल ही में फोन पर बातचीत की और भारत-रूस संबंधों की मजबूती को दोहराया। पुतिन ने मोदी सरकार की उपलब्धियों और भारत की तेज आर्थिक वृद्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है। क्रेमलिन की वेबसाइट ने पिछले सप्ताह मोदी और पुतिन के बीच हुई बातचीत की जानकारी दी है। इस दौरान पुतिन ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह स्वतंत्र और संप्रभु नीति अपना रहा है और सबसे अहम बात यह है कि वह अर्थव्यवस्था में बेहद अच्छे नतीजे हासिल कर रहा है। यह बातचीत पुतिन की ओर से पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर बधाई संदेश भेजने के कुछ दिन बाद हुई। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी के व्यक्तिगत योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारत-रूस की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने और आपसी सहयोग बढ़ाने में भारतीय पीएम ने अहम भूमिका निभाई है।

# यूएस नहीं, चीन है पाक का रणनीतिक भविष्य



■ ट्रम्प की शहबाज व मुनीर से मुलाकात के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का बयान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि वो अपने मुल्क का 'रणनीतिक भविष्य' अमेरिका नहीं बल्कि चीन के साथ देखते हैं। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण चीन का भरोसेमंद होना है, जैसा अमेरिका के साथ नहीं है। खास बात यह है कि ख्वाजा आसिफ का यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के अगले ही दिन आया है।

ख्वाजा आसिफ ने यह बात ब्रिटिश-अमेरिकी पत्रकार मेहदी हसन को दिए एक इंटरव्यू में कही। पत्रकार हसन ने ख्वाजा आसिफ से पूछा था कि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान ने अपने 80 प्रतिशत हथियार चीन से लिए हैं, ऐसे में अमेरिका के साथ दोस्ती क्या चीन के साथ संबंधों को खराब कर सकती है। आसिफ ने कहा कि चीन बहुत भरोसेमंद साथी है, उन्होंने हमें पनडुब्बियां और जेएफ-17 जैसे लड़ाकू विमान दिए हैं, चीन के साथ हमारा रक्षा सहयोग बढ़ रहा है। अमेरिका व अन्य देशों के साथ ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि वे गैर-भरोसेमंद हैं। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका के संबंध हमेशा 'लेन-देन' जैसे रहे हैं, जबकि पाकिस्तान ने चीन को सदैव शीर्ष सहयोगी माना है। पत्रकार ने आसिफ से दोबारा पूछा कि क्या आपका रणनीतिक भविष्य चीन के साथ माना जाए। जवाब में आसिफ ने 'हां' कहते हुए जोड़ा कि चीन हमारा पड़ोसी है, हम एक दूसरे से सीमाएं और भूगोल साझा करते हैं। इंटरव्यू में आसिफ कई बार बेहद असहज दिखे। जब उनसे सवाल पूछा गया कि पाकिस्तान में असली ताकत राजनीतिक नेतृत्व के पास है या सेना प्रमुख आसिम मुनीर के पास, आसिफ हिचकिचाते हुए दिखाई दिए।

# यमन में एलपीजी टैंकर पर इजरायली ड्रोन हमला

■ 24 पाकिस्तानी सवार थे, हूती विद्रोहियों ने भी बंधक बनाया, 10 दिन बाद रिहा किया

**सना।** पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने बताया कि 17 सितम्बर को यमन के रास अल-ईसा बंदरगाह पर इजरायली ड्रोन ने एक पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) टैंकर पर हमला किया। यह बंदरगाह हूती विद्रोहियों के नियंत्रण में है।

टैंकर ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह से आ रहा था। इस टैंकर पर 27 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें 24 पाकिस्तानी, 2 श्रीलंकाई और 1 नेपाली नागरिक शामिल थे। टैंकर के कप्तान मुक्तार अकबर भी पाकिस्तानी हैं। नकवी ने अमेरिकी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बताया कि ड्रोन हमले के कारण टैंकर के एक एलपीजी टैंक में विस्फोट हुआ, जिससे आग लग गई। चालक दल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। हालांकि, इसके बाद हूती विद्रोहियों की नावों ने टैंकर को घेर लिया और चालक दल को जहाज पर ही बंधक बना लिया। नकवी ने बताया कि लंबे प्रयासों के बाद टैंकर और इसके चालक दल को हूतियों ने 10 दिन बाद रिहा कर दिया है, और अब वे यमन के इलाके से सुरक्षित बाहर निकल चुके हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भी रविवार सुबह बताया कि टैंकर पर सवार 24 पाकिस्तानी नागरिक पूरी तरह सुरक्षित हैं और आगे बढ़ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 17 सितम्बर को यमन के तट पर टैंकर में आग लगने की सूचना मिलते ही पाकिस्तानी दूतावासों ने यमनी अधिकारियों से बात की।

# हमारा पड़ोसी देश आतंकवाद का सेंटर: भारत

## यूएन में जयशंकर बोले: बड़े आतंकी हमलों की जड़ें एक ही देश से जुड़ी

**न्यूयॉर्क।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार रात यूएन महासभा (यूएनजीए) को संबोधित किया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि हमारा पड़ोसी आतंकवाद का सेंटर है।

भारतीय विदेश मंत्री ने बताया कि वहां आतंकवादियों का खुलेआम गुणगान किया जाता है। दशकों से, बड़े अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी हमलों की जड़ें उसी देश तक जाती हैं। जयशंकर ने आतंकवाद की फंडिंग रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि आतंकी ढांचों का खात्मा जरूरी है। आतंकियों से लड़ाई हमेशा से भारत की प्राथमिकता रही है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की मांग करते हुए कहा कि यूएन के सदस्य 4 गुना बढ़ गए हैं। अब स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़नी चाहिए। उन्होंने अपने भाषण में इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल किया। जयशंकर ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि ये क्रास-बार्डर टेररिज्म का सबसे हालिया



■ आतंकी ढांचे का खात्मा जरूरी

उदाहरण है। भारत ने आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि भारत को आजादी के बाद से ही ऐसे पड़ोसी का सामना करना पड़ा है, जो आतंकवाद का ग्लोबल सेंटर है। यूएन की आतंकवादी सूचियों में उसके नागरिकों की भरमार है। जयशंकर ने जोर दिया कि जब कोई देश आतंकवाद को सरकारी नीति घोषित करता है, जब आतंकवादी ठिकाने इंडस्ट्री लेवल पर चलते हैं, जब आतंकवादियों को सार्वजनिक तौर पर महिमामंडित किया जाता है, तो ऐसे हमलों की बिना शर्त निंदा की जानी चाहिए। जयशंकर ने कहा कि हमें आतंकवाद का मुकाबला करने की खास जरूरत है क्योंकि यह कटरता, हिंसा, असहिष्णुता और डर को एक साथ जोड़ता है। जयशंकर ने कहा कि अपने अधिकारों पर जोर देने के साथ-साथ, हमें खतरों का भी बहादुरी से सामना करना चाहिए। आतंकवाद एक साझा खतरा है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जरूरी है।

जयशंकर ने चेतावनी दी कि जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले राष्ट्रों को छूट देंगे, आखिर में वही आतंकवाद उनके लिए भी खतरा बनकर लौटेगा। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में तुरंत सुधार की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थाई परिषद में स्थाई और अस्थाई दोनों सदस्यों की संख्या बढ़ानी चाहिए, ताकि यहां ज्यादा लोग बात रख सकें। जयशंकर ने विश्व नेताओं से कहा: हम चाहते हैं कि यूएनएससी में ज्यादा देशों को जगह मिले। भारत इसमें ज्यादा जिम्मेदारियां निभाने के लिए तैयार है।

# कांगो में इबोला प्रकोप से 42 लोगों की मोत


**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के कसाई प्रांत में इबोला विषाणु संक्रमण के कारण 64 दर्ज मामलों में से 42 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों में शनिवार को इसकी जानकारी दी। इसे देखते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने 'वैश्विक स्तर पर रोकथाम' का आह्वान किया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार प्रांतीय संचार एवं मीडिया मंत्री बाज़नि पेम्बे ने कहा कि 26 सितम्बर को दर्ज हुए 64 मामलों (जिनमें 53 पुष्ट और 11 संभावित मामले हैं) में से 42 लोगों की मौत हो गई है। इन 42 में से 31 पुष्ट मामले हैं। कांगो सरकार ने चार सितम्बर को इसे प्रकोप घोषित कर दिया था, जो देश का 16वां इबोला प्रकोप है। 1976 में पहली बार कांगों में इस विषाणु का पता चला था। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा कि कसाई क्षेत्र देश के सबसे नाजुक क्षेत्रों में से एक है।

# अर्जेंटीना में 3 लड़कियों की इंस्टाग्राम पर लाइव दिखाई हत्या

## ड्रग गैंग ने बेरहमी से पीटा, उंगलियां काटीं, नाखुन उखाड़े, फिर गला घोंटकर मार डाला

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में ड्रग गैंग ने तीन लड़कियों की बेरहमी से हत्या कर दी और इस पूरी वारदात को इंस्टाग्राम पर लाइव दिखाया। घटना 19 सितम्बर की है। अब घटना के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। हत्या से पहले गैंग के गुर्गों ने लड़कियों को बुरी तरह पीटा, उनकी उंगलियां काटीं, नाखून उखाड़े, इसके बाद गला घोंटकर मार डाला।

पुलिस के मुताबिक, तीनों को पार्टी में बुलाने के बहाने वैन में ले जाया गया और गैंग के 'नियम तोड़ने' की सजा के तौर पर मार दिया गया। वीडियो में गैंग लीडर को यह कहते सुना गया कि जो मेरे ड्रग्स चुराएगा, उसका यही हाल होगा। मृतक लड़कियों में दो चचेरी बहनें मोरेना वेर्दी और ब्रेंडा डेल कास्टिलो (20-20 साल) और 15 साल की लारा गुटिएरेज थीं।




■ तीनों को पार्टी में बुलाने के बहाने वैन में ले जाया गया और गैंग के 'नियम तोड़ने' की सजा के तौर पर मार दिया गया: पुलिस

लड़कियों की हत्या के विरोध में अर्जेंटीना में हजारों लोगों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों का आरोप है कि वीडियो को एक प्राइवेट अकाउंट पर लाइव चलाया गया था। इस लाइव को 45 लोग देख रहे थे। वहीं इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा ने कहा कि उन्हें अपने प्लेटफार्म पर इस तरह की लाइवस्ट्रीम का कोई सबूत नहीं मिला। लड़कियों की हत्या के विरोध में शनिवार को हजारों लोग न्याय की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए। पीड़ितों के परिवार वाले 'लारा, ब्रेंडा, मोरेना' लिखे बैनर और उनकी तस्वीरों वाले पोस्टर लेकर संसद तक मार्च पर गए। ब्रेंडा के पिता लियोनेल डेल कास्टिलो ने कहा कि लड़कियों की सुरक्षा अब पहले से ज्यादा जरूरी है। उन्होंने बताया कि बेटी की लाश पहचानने तक की हालत में नहीं थी। ब्रेंडा के दादा एंटोनियो डेल कास्टिलो ने हत्यारों को खूनी दरिंदे कहा। राजधानी ब्यूनस आयर्स की सड़कों पर हजारों प्रदर्शनकारियों ने संसद तक विरोध मार्च निकाला। मामले में अब तक तीन पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक आरोपी को बोलीविया बार्डर सिटी विलाजोन से पकड़ा गया। उस पर कार से लाजिस्टिक सपोर्ट देने का आरोप है। पुलिस ने इस साजिश के मास्टरमाइंड की फोटो भी जारी की है। उसकी उम्र 20 साल और पेरू का नागरिक है। वह अभी फरार है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक तीनों लड़कियों को पार्टी में प्रास्टिटयूट के तौर पर बुलाया गया था। हालांकि लारा की आंटी डेल वाले गाल्वन ने इन आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि लारा का न तो ड्रग्स से और न ही देह व्यापार से कोई संबंध था।

# ट्रम्प ने पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में 'घरेलू आतंकवादियों' से निपटने के लिए सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया। ट्रम्प ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मैं रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को युद्धग्रस्त पोर्टलैंड और घेराबंदी में फंसे हमारे किसी भी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) केंद्र को एंटीफा और अन्य घरेलू आतंकवादियों के हमले से बचाने के लिए सभी आवश्यक सैनिक उपलब्ध कराने का निर्देश दे रहा हूं। पोर्टलैंड के मेयर कीथ विल्सन ने सितम्बर की शुरुआत में एक बयान में कहा था कि देश भर के अन्य मेयरों की तरह उन्होंने 'संघीय हस्तक्षेप' का न तो अनुरोध किया था और न ही उन्हें इसकी आवश्यकता थी। विल्सन ने शनिवार को कहा कि ट्रम्प द्वारा शहर में 'सभी आवश्यक सैनिकों' को भेजने के आदेश के बाद कि पोर्टलैंड और किसी भी अन्य अमेरिकी शहर में आवश्यक सैनिकों की संख्या शून्य है। ट्रम्प ने इससे पहले लॉस एंजिल्स और वाशिंगटन, डीसी में सैनिकों की तैनाती की थी, जिसके विरोध में विरोध प्रदर्शन हुए थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108